www.navpradesh.com

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 27 जून 2026 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 138 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

हाउसिंग बोर्ड अब अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में भी देगा नई गति: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नया रायपुर स्थित सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवीन लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर वर्ष 2025 के आवास मेले में आवास बुक करने वाले हितग्राहियों को लकी ड्रा के माध्यम से कार, स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित विभिन्न पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नए लोगो का किया विमोचन

■ आवास बुक करने वाले लकी ड्रा के विजेताओं को कार, स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य पुरस्कार का किया वितरण

■ दो वर्षों में 7 हजार से अधिक परिसंपत्तियों का विक्रय कर 1500 करोड़ रुपए का किया राजस्व अर्जित

प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 1,600 नए आवास तैयार किए जा रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सभी संकल्पों और वायदों को तेजी से पूरा किया है। सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। आज प्रदेश में गरीब और जरूरतमंद साढ़े दस लाख से अधिक परिवार के आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा प्रतिदिन लगभग 1,600 नए आवास तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से 15 हजार अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए गए हैं तथा विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए भी विशेष आवास योजना संचालित की जा रही है।

राज्य सरकार पक्के घर का सपना साकार करने प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार का अपना पक्का घर होने का सपना होता है और राज्य सरकार इस सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व में केवल गृह निर्माण तक सीमित रहा मंडल अब अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी।

प्रदेश में अब तक 65 हजार घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित

'सेवा सेतु' के माध्यम से 450 से अधिक शासकीय सेवाएं अब मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 भी प्रारंभ की गई है, जहां नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर समयबद्ध समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 65 हजार घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के माध्यम से सरकार घर में सोलर संयंत्र लगाने के लिए आकर्षक सब्सिडी भी दे रही है और इन परिवारों लिए आने वाले समय में बिजली पूरी तरह मुफ्त हो जाएगी।

आज बेबाक

यह क्या बात हुई? यदि कोई गलती कर बैठे और माफी न मांगे तो उसकी निंदा की जाती है कि देखो गलती करके भी माफी नहीं मांग रहा है। यदि वही बंदा गलती करके माफी मांग ले तो भी उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है कि देखो माफीवीर को, कैसे नाक रगड़कर माफी मांग रहा है और गा रहा है-माफकरो ओ बाबा माफकरो। अरे भाई, बड़े-बड़े लोगों से छोटी-छोटी गलतियां हो जाया करती हैं। इसके लिए सामने वाला माफी मांग रहा हो तो उसे मत चिढ़ाओ। बच्चे हैं। बच्चों से गलतियां हो जाती हैं।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : चंपत राय के ड्राइवर टिन्नू समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

ट्रस्ट महासचिव चंपत का इस्तीफा ट्रस्टी अनिल मिश्रा की भी छुट्टी

अयोध्या/ए.। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से बाहर कर दिया गया है।

चंपत के पास पूरे मंदिर की जिम्मेदारी थी। राय के बाद ट्रस्टी अनिल और गोपाल राव की मंदिर व्यवस्था में बड़ी भूमिका थी। एक हफ्ते पहले सीएम योगी अयोध्या दौरे पर गए थे। उस वक्त चंपत को उनके दौरे से दूर रखा गया था, तभी से यह सुगबुगाहट थी कि उन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक अब ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। इसके बाद देर रात रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को मेडिकल के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया।

एक और तरीके से चढ़ावा चोरी होने का दावा

मिली जानकारी के अनुसार यह चोरी एक और तरह से हो रही थी। नोट गिनने वाले कर्मचारी हर गड्डी में एक्स्ट्रा नोट जमा कर देते। जब बैंक के पास रकम गिनने की बारी आती तो हर गड्डी के एक एक नोट को गिनने के बजाए सिर्फ गड्डी गिनी जाती और उसका वाउचर बन जाता. जब यह रकम बैंक में जमा करने के लिए मंदिर से जाई जाती, उस दौरान हर गड्डी में जो एक्स्ट्रा नोट लगाए गए थे वह निकाल दिए जाते। सूत्र बताते हैं कि इस तरह वाउचर से रकम का मिलान भी हो जाता और रकम चोरी भी हो रही थी। अनुकल्प मिश्रा चढ़ावे के वाउचर बनाने की प्रक्रिया से जुड़ा था और वह यही हेरा फेरी अपने बहनोई लवकुश मिश्रा के जरिए कर रहा था।

एसआईटी ने 23 जून को रिपोर्ट सौंपी, 2 दिन बाद गिरफ्तारी

चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं। अनुकल्प लवकुश का जीजा है। ये दोनों अनिल मिश्रा के रिश्तेदार हैं। वहीं, मनीष टिन्नू यादव का भतीजा है।

पहले चोरी होती थी, फिर लिखा-पढ़ी करते थे

सबसे अहम बात कि आरोपी चोरी पहले करते, बाद में नोटों की गिनती या दान पेटी में मिले जेवरात की लिखा पढ़ी होती थी। इसके अलावा, इस मामले में राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और सुभाष चंद्र ऐसे व्यक्ति हैं जो बराबर राम मंदिर ट्रस्ट के उस कमरे में आते जाते थे, जहां दान पेटियां खुलती थीं। रोजाना 6 से 7 लाख रुपये की चोरी का शक हुआ था।

रामभक्तों की अग्निपरीक्षा मत लो, सख्त कार्रवाई होगी: सीएम योगी

लखनऊ/ए.। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था और जन आस्था के मुद्दों पर अब तक का सबसे कड़ा रुख अपनाया है। अयोध्या धाम के चढ़ावा और वित्तीय गबन प्रकरण में विशेष जांच दल की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर दर्ज हुई पहली आधिकारिक एफआईआर और 8 आरोपियों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद मुख्यमंत्री जनसभा के मंच पर पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में साफ शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश के भीतर जो कोई भी आम जनता और सनातनियों की जन आस्था के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस करेगा, उसके विरुद्ध राज्य सरकार 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत सबसे कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

वेनेजुएला भूकंप में अब तक 589 की मौत, 4300 से ज्यादा घायल

■ सरकार बोली- 39,000 लोग लापता, मलबे के नीचे से आवाजें आ रहीं

कराकस/वेनेजुएला/ए.। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 589 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 4300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वेनेजुएला में बुधवार यानी 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है।

वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ रुपए के नुकसान हो सकता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड्रिग्ज से बात कर मदद की पेशकश की है।

500 मीटर खाई में गिरी पिकअप गाड़ी, 6 लोगों की मौत

शिमला (ए.)। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रामपुर में शुक्रवार को दोपहर बाद एक बोलेरो कैंपर गहरी खाई में गिरी। इस हादसे में मां-बेटे समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे से जुड़ा एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक महिला कहते हुए सुनाई दे रही हैं कि सामने देखो मेरा ननिहाल..., यह कहने के 2 सेकेंड बाद गाड़ी नीचे गिरती है और चीखें सुनाई देती है। यह हादसा दोपहर बाद करीब चार बजे रामपुर के काशापाट में पेश आया। इसमें सवार लोग दत्तनगर में दूध बेचकर अपने घरों को वापस लौट रहे थे।

महेश दीक्षित होंगे आईबी के नए चीफ, तपन डेका की जगह लेंगे

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के स्पेशल डायरेक्टर महेश दीक्षित को

देश की आंतरिक खुफिया एजेंसी का नया चीफ नियुक्त किया है। वे 30 जून को कार्यकाल पूरा कर रहे तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने महेश को दो साल के लिए आईबी डायरेक्टर नियुक्त किया है। महेश दीक्षित 1993 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। फिलहाल आईबी में स्पेशल डायरेक्टर और एजेंसी के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में सब्सिडियरी इंटेलिजेंस ब्यूरो (एसआईबी) के प्रमुख रह चुके हैं।

दिनदहाड़े युवती की गोली मारकर हत्या, बदमाश फरार

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले में दिनदहाड़े एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दो नकाबपोश बाइक सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। यह घटना जोंगरा गांव की है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतका की पहचान पूर्णिमा चौहान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह हर्बल लाइफ के प्रोडक्ट का व्यवसाय करती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक पर सवार होकर पहुंचे। दोनों नकाब पहने हुए थे। आरोपियों ने पूर्णिमा चौहान पर गोली चलाई, जिससे वह गंभीर

रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ी। घटना के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही सक्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेमेतरा में प्रधान आरक्षक 15 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई से मचा हड़कंप

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थान खम्हरिया थाना के प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से थानखम्हरिया थाना में दबिश दी और आरोपी प्रधान आरक्षक को रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामले में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला तहसीलदार के पास मिली पांच करोड़ की बेनामी संपत्ति

हैदराबाद (ए.)। तेलंगाना में आय से अधिक संपत्ति के मामले में आमतौर पर पुरुष अधिकारियों की संलिप्तता अधिक देखी गई है। हालांकि, इस बार एक महिला अधिकारी के यहां मिले बेहिसाब धन ने सबको चौंका दिया है। एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शमीरपेट की निलंबित तहसीलदार टी. सुचरिता के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में नए सिरे से सघन तलाशी अभियान चलाया है।

ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक, 5 सेना और 1 एयरफोर्स का जवान

■ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर अंकित हुए नाम

नई दिल्ली/ए.। भारत सरकार ने पिछले साल मई 2025 के महीने में सीमा पार पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में संचालित किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

सरकार ने पहली बार आधिकारिक तौर पर भारतीय सशस्त्र बलों के उन छह वीर सैनिकों के नामों को सार्वजनिक कर दिया है, जिन्होंने इस बेहद कठिन ऑपरेशन के दौरान मातृभूमि की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेशनल वॉर मेमोरियल की 'वॉल 3डी' पर साल 2025 के खंड में अंकित हुए नाम

प्राप्त जानकारियों के अनुसार, देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन वीर सपूतों के नाम स्मारक के 'वॉल 3डी' पर साल 2025 के विशेष खंड में स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए हैं। सर्वोच्च बलिदान देने वाले इन छह नायकों में मुख्यालय 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड के सूबेदार मेजर पवन कुमार, 4 जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के राइफलमैन सुनील कुमार (मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित), 5 फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 851 लाइट रेजिमेंट के एविएशन टेक्निशियन मूड मुरलीनायक, 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी के हवलदार सुनील कुमार सिंह और भारतीय वायुसेना की 39 विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार (वायु सेना पदक विजेता) शामिल हैं।

गरमा-गरम

निर्णय : 5 सदस्यीय हाई लेवल कमेटी गठित, विवाह-तलाक समेत सभी पर्सनल लॉ की होगी स्टडी

छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू करने की तैयारी तेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में साय सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने यूसीसी की स्टडी, सुझाव और ड्राफ्ट तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार (25 जून) को आदेश जारी किया। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। समिति में शत्रुघ्न सिंह, एमके राउत, मोहन पवार और ज्योति रानी सिंह को सदस्य बनाया गया है। यह समिति राज्य में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करेगी। इसके लिए सभी धर्मों के पर्सनल लॉ की स्टडी कर सुझाव दिए जाएंगे।

जनता और एक्सपर्ट्स से लिए जाएंगे सुझाव: सरकार ने समिति को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रिपोर्ट के आधार पर आगे बढ़ेगी सरकार: साय

समिति समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रारूप तैयार कर राज्य सरकार को सौंपेगी। इसके साथ ही वह जरूरी विधायी और प्रशासनिक सुझाव भी देगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार व्यापक अध्ययन और सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद आगे की प्रक्रिया तय करेगी। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इस पहल को काफी

महत्वपूर्ण माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ उन राज्यों में शामिल हो सकता है, जहां यूसीसी लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में यूसीसी आदिवासियों के हितों अधिकारों पर डाका डालने की कोशिश: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार ने यूसीसी लागू करने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू होता है तो सबसे बड़ा नुकसान छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को होगा। यूसीसी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के खिलाफ है। राज्य में केवल आदिवासी ही ऐसे हैं जिन्हें प्रदेश में निवासरत अन्य लोगों की अपेक्षा विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला हुआ है। इसके

अलावा कोई भी वर्ग छत्तीसगढ़ में नहीं है जिसके लिए विशेष नागरिक प्रावधान लागू है। छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासियों की है, संरक्षित जनजातियां हैं, जिन्हें संविधान में कुछ विशेष अधिकार मिले हैं। उनकी रक्षा के लिए पेसा कानून लागू है और पांचवीं अनुसूची लागू है।

नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के दो वर्ष पूरे

नई दिल्ली/वार्ता। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में श्री राहुल गांधी के दो वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी ने कहा कि उन्होंने इस दौरान सड़क से संसद तक युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर आभार जताते हुए कहा कि इन दो वर्षों का हर दिन हर भारतीय की आवाज को सत्ता तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने नीट के छात्रों की लड़ाई, वोट चोरी के पर्दाफाश और संविधान की रक्षा

का जिक्र करते हुए कहा कि जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे आगे भी उनके हक के लिए हर लड़ाई लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने जनता के हकों की लड़ाई जारी रखने और हर भारतीय की आवाज़ को सत्ता और सदन तक पहुंचाने का अपना संकल्प दोहराया है।

धमतरी में उर्वरक दुकानों पर कृषि विभाग का छापा, दो लाइसेंस निलंबित, तीन को नोटिस

धमतरी/नवप्रदेश। खरीफसीजन के दौरान किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद-उर्वरक उपलब्ध कराने और जमाखोरी व कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने जिले में छापामार अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं मिलने पर दो दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए, जबकि तीन अन्य विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

संचालक कृषि राहुल देव (भा.प्र.से.) एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर उप संचालक कृषि और अनुविभागीय कृषि अधिकारी की टीम ने धमतरी एवं कुरूद विकासखंड के कई उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रूपाली कृषि केन्द्र, रामबाग तथा यादव खाद भंडार, दानीटोला में पीओएस मशीन और भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इसके अलावा मूल्य सूची एवं स्टॉक सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया तथा पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

इन अनियमितताओं को उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए दोनों प्रतिष्ठानों के लाइसेंस आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए।

वहीं, कुणाल कृषि केन्द्र कोलियारी, सूरज कृषि केन्द्र कोलियारी एवं सांई कृपा कृषि केन्द्र दानीटोला में भी निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर

कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जवाब मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग ने बताया कि 1 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक जिलेभर में उर्वरक विक्रय सतर्कता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जमाखोरी, कालाबाजारी, टैगिंग, निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री तथा बिना पीओएस मशीन के उर्वरक विक्रय पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक

मानसून के आगमन के साथ किसानों द्वारा खाद एवं बीज का उठाव तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से 16,957.34 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है। प्रशासन के अनुसार डबल लॉक उर्वरक भंडारण केंद्रों में भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था की जा रही है।

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत सहकारी समितियों अथवा लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद-उर्वरक खरीदें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। विभाग का लक्ष्य खरीफसीजन में सभी किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराकर उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

न्यूज गैलरी

एल्डरमैन नियुक्ति पर दिलीप पटेल ने महापौर रामू रोहरा से की सौजन्य भेंट

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम धमतरी में एल्डरमैन नियुक्त होने के उपरांत दिलीप पटेल ने महापौर रामू रोहरा से उनके कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की तथा इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर दिलीप पटेल ने कहा कि संगठन एवं पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा नागरिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महापौर एवं निगम प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।महापौर रामू रोहरा ने दिलीप पटेल को एल्डरमैन नियुक्त होने पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव एवं सक्रियता का लाभ नगर निगम और शहर के विकास कार्यों में अवश्य मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से धमतरी के विकास को नई गति मिलेगी और जनहित के कार्य प्रभावी रूप से संपादित होंगे।भेंट के दौरान शहर के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता देने पर भी चर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने भी दिलीप पटेल को एल्डरमैन नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

सुरसाबांधा में 31 एकड़ शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देश पर एसडीएम विशाल महाराणा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में लगभग 31 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अवैध कब्जाधारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा भूमि को पुनः शासकीय अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित किया गया।इस कार्रवाई के दौरान राजिम तहसीलदार सुश्री डिम्पल ध्रुव, थाना प्रभारी श्री अमृत लाल साहू, संबंधित राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि शासकीय भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शासकीय पॉलीटेक्निक गरियाबंद को राज्य में मिला 9वां स्थान

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए राज्य के सभी 54 शासकीय एवं अशासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों का गैप विश्लेषण, रैंकिंग एवं ग्रेडिंग के लिए मूल्यांकन किया गया। संस्थानों की अधोसंरचना, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा संबंधित दस्तावेजों के परीक्षण के बाद शासकीय पॉलीटेक्निक गरियाबंद को राज्य स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त हुआ है।इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य ने क्यूसीआई मूल्यांकन प्रक्रिया में योगदान देने वाली टीम को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) देश की राष्ट्रीय गुणवत्ता संवर्धन एवं मान्यता संस्था है, जिसकी स्थापना उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं के स्वतंत्र एवं विश्वसनीय तृतीय पक्ष मूल्यांकन प्रणाली विकसित करने के लिए की गई है।

सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित

01 जून से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन की सुविधा, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर होंगे नामांकन स्वीकार

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों के नामांकन 01 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन केवल भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर किए जा सकेंगे। जिला प्रशासन ने सभी विभागों एवं संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पुरस्कार संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार को कहा है। ताकि जिले के योग्य एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने का अवसर मिल सके।

नए डामर रोड कुछ दिनों बाद उखड़ते दिखाई दे रहा, 300 मीटर खाली भी छोड़ दिया

लखनपुरी-पोड़ागांव मार्ग की गुणवत्ता पर उठाए जा रहे सवाल

■ **ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी को निष्पक्ष जांच की मांग की**

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत लखनपुरी से पोड़ागांव जाने वाले नवनिर्मित सड़क मार्ग की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ समय बाद ही कई स्थानों पर सड़क की सतह क्षतिग्रस्त दिखाई देने लगी है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के पालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में अपेक्षित गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके

कारण सड़क समय से पहले ही खराब होने लगी है।जिसमें साथ करीब 300 मीटर दूरी खाली छोड़ दिया गया है उन्होंने संबंधित विभाग उच्च अधिकारी से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराए जाने तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीण धनेश्वर गंधर्व, रोमन मरकाम, महेश नेताम, सुखदेव समरथ, चेतन, किशोर नेताम, ठाकुर देवंशी, भोलेश्वर कुलदीप एवं आनंद नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लखनपुरी से पोड़ागांव तक का मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।

उनका कहना है कि सड़क निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन हुआ है या नहीं, इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि आम जनता को बेहतर और टिकाऊ सड़क सुविधा मिल सके।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़कें आम लोगों की सुविधा और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाई जाती हैं। यदि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को लंबे समय तक भुगतना पड़ता है। इसलिए संबंधित विभाग को मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

विभाग का पक्ष

इस संबंध में संबंधित विभाग के इंजीनियर ने बताया कि ठेकेदार द्वारा बारिश के बाद सड़क के शेष कार्य एवं आवश्यक मरम्मत कराने की बात कही गई है।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरियों का हुआ एनीमिया परीक्षण

■ **स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता से बालिकाओं को किया गया लाभान्वित**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा जिला मिशन समन्वयक सुश्री मनीषा वर्मा के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सेक्टर आमदी के आंगनबाड़ी केंद्र बेन्दकुरा एवं सेक्टर तरीघाट में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए एनीमिया परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कर स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेषज्ञों ने बालिकाओं को एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन, आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियों के उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में गंभीर एनीमिया से प्रभावित बालिकाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार के लिए चिन्हित किया गया।

डीआईजी साहू का अपराध समीक्षा बैठक में त्वरित समाधान पर जोर

■ **राजपत्रित अधिकारियों एवं चौकी प्रभारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और जन शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण को लेकर आवश्यक चर्चा था। उन्होने प्राप्त समस्याओं का समाधान करना और कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता, एवं नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। डीआईजी ने सीएम हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जनशिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित करते हुए डीआईजी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता से सीधा संवाद करें तथा स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेकर उनका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को थानों/चौकी में आने वाले फरियादियों की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने, महिलाओं व बुजुर्गों से सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए।बैठक में नए लागू तीन आपराधिक कानूनों ङ्क नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ङ्क के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

ग्राम पंचायत भरवाडीह में आवास निर्माण 2.0 के हितग्राहियों का हुआ अनुमोदन

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरवाड़ीह में पात्र हितग्राहियों के चयन एवं अनुमोदन हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत भरवाड़ीह के पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा द्वारा जानकारी दिया गया कि बैठक में आवासहीन एवं कच्चे मकानों में निवास कर रहे पात्र परिवारों के नामों का परीक्षण कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

ग्राम सभा के दौरान पंचायत अधिकारियों द्वारा योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। हितग्राहियों के चयन में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं पात्रता शर्तों का पालन किया गया। उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष संभावित हितग्राहियों की सूची का वाचन कर आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए, जिसके बाद अंतिम सूची का अनुमोदन किया गया।बैठक में ग्रामीणों ने योजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गरीब परिवारों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास प्राप्त होगा। अधिकारियों ने हितग्राहियों से समय पर आवश्यक दस्तावेज जमा करने तथा निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने का आग्रह किया।ग्राम सभा में पंचायत प्रतिनिधियों ने पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ चयन प्रक्रिया संपन्न होने की जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत सचिव, सरपंच, पंचगण, स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने शासन की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आवास योजना के माध्यम से गांव के जरूरतमंद परिवारों का जीवन स्तर बेहतर होगा ।

बेमेतरा में प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने किया एक दिवसीय हड़ताल

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा में प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने गुरुवार को कचहरी चौक में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में पहुँची मितानिनों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कचहरी चौक में प्रदर्शन करने के

बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पैदल चलकर कलेक्टोरेट परिसर तक पहुची।इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ वादा पूरा करने जमकर नारेबाजी करती रही।। मितानिन हाथ में मोदी की गारंटी 2023 की घोषणा पत्र लिए वादा को पूरी करने नारे लगाते चलती रही।मितानिनों की प्रमुख मांग है मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जाए एवं मितानिन कर्मचारियों को एन एच एम अंतर्गत संविलियन किया जाए।

श्रम विभाग की योजनाओं से 1 हजार 792 श्रमिक परिवारों को मिला लाभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में पुलिस परेड ग्राउंड, गरियाबंद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदेश के 21 जिलों के 1 हजार 792 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को कुल 2 करोड़ 25 लाख 18 हजार 389 रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, सचिव सह श्रमायुक्त श्री हिमशिखर गुप्ता तथा सचिव श्री गिरिश कुमार रामटेके के मार्गदर्शन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। गरियाबंद जिले के 58 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 26 लाख 80 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई, जिसे डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया जाएगा।

श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में दाई-दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्रमिकों एवं उनके परिवारों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार हो रहा है।

भूमिपूजन के साथ आदिवासी संस्कृति का भव्य प्रदर्शन

वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान को किया नमन

बालोद/नवप्रदेश। वीरता, स्वाभिमान और समाजिक एकता की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर बालोद जिले के डौंडी लोहारा स्थित लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक गौरव और परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक, स्थानीय विधायक अनिला भेड़िया, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम सहित समाज के

अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

रैली के साथ हुआ आयोजन का शुभारंभ, मूर्ति स्थापना स्थल का भूमिपूजन

कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक जनों द्वारा नगर में भव्य रैली निकालकर की गई। पारंपरिक उत्साह के साथ निकली रैली आयोजन स्थल पहुंची, जहां अतिथियों की उपस्थिति में वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति स्थापना स्थल का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इसके बाद सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई तथा महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

रानी दुर्गावती के संघर्ष से प्रेरणा लेने का संदेश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन की सराहना की और कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती का जीवन साहस, त्याग और संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज को उनके आदर्शों से सीख लेकर राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान देना चाहिए।

समाज के पदाधिकारियों की रही सहभागिता

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश सचिव विनोद नागवंशी, जिलाध्यक्ष प्रेम लाल कुंजाम सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन ने यह संदेश दिया कि इतिहास की महान विभूतियों का स्मरण केवल परंपरा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का माध्यम भी है।

पारंपरिक वेशभूषा और संस्कृति ने खींचा सभी का ध्यान

आयोजन की विशेष आकर्षण आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान रही। युवक-युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और आयोजन स्थल पर आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली।प्रवेश द्वार पर समाज के लोगों ने आगंतुकों का चावल का तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया, जिससे आयोजन का सांस्कृतिक वातावरण और अधिक प्रभावशाली बन गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से महिलाएं बनेंगी 'ड्रोन दीदी'

■ रायपुर में ले रहीं आधुनिक ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण, किसानों तक पहुंचाएंगी तकनीक आधारित कृषि सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में जशपुर जिले की स्व-सहायता समूहों की महिलाएं नई पहचान बना रही हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत जिले की चयनित महिलाएं इन दिनों रायपुर स्थित आईटीएम विश्वविद्यालय में ड्रोन संचालन एवं रिमोट पायलटिंग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

यह प्रशिक्षण महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने के साथ उन्हें कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं देने के लिए दक्ष बन रही हैं।

प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन दीदियों को ड्रोन की तकनीकी संरचना, सुरक्षित उड़ान संचालन, रिमोट पायलटिंग, फसलों में उर्वरक एवं कीटनाशकों का वैज्ञानिक छिड़काव, ड्रोन के रखरखाव तथा कृषि क्षेत्र में उसके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद ये ड्रोन दीदियां जशपुर जिले के किसानों को ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि कार्यों की सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। इससे कृषि कार्य कम समय में, कम लागत पर और अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकेंगे। साथ ही वैज्ञानिक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में जशपुर प्रवास के दौरान प्रशिक्षण के लिए रवाना हो रही ड्रोन दीदियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इससे पूर्व 17 अप्रैल 2026 को रणजीता स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के दौरान ड्रोन दीदी एवं उन्नत सॉयल टेस्टिंग मशीन भी प्रदान की गई थी।

उप संचालक कृषि, जशपुर के अनुसार प्रशिक्षण के बाद ड्रोन दीदियां जिले के विभिन्न विकासखंडों में किसानों को तकनीक आधारित कृषि सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। इससे खेती में समय की बचत, लागत में कमी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग का विश्वास है कि यह पहल जशपुर में तकनीक आधारित कृषि को नई गति देने के साथ महिला स्व-सहायता समूहों की आर्थिक सशक्तता और किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेलवे क्रॉसिंग को सुरक्षित ढंग से पार करने स्कूली बच्चों को पुलिस ने किया जागरूक

रायपुर/हथबंद/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों की विशेष सभा आयोजित कर रेलवे सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम में रेलवे पुलिस भाटापारा के टीआई एस.के. शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। टीआई शुक्ला ने छात्राओं को रेलवे लाइन पार करने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल्दबाजी या लापरवाही से रेलवे ट्रैक पार करना जानलेवा साबित हो सकता है। इसके साथ ही साइबर अटैक, ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के लिए भी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। उन्होंने रेलवे में सफर के दौरान सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन और महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग से संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। शुक्ला ने बताया कि रेलवे पुलिस भाटापारा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

थर्ड जेंडर के लिए जॉब का मौका सिक्योरिटी गार्ड पदों पर सीधी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। थर्ड जेंडर के लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग 2 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करेगा। इंटरव्यू रायपुर के संबल केंद्र, आईडीएसएमटी बिल्डिंग, महंत कॉलेज के पास गांधी चौक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा।इस भर्ती प्रक्रिया में अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों पर चयन करेगी। इसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के तृतीय लिंग समुदाय के पात्र अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति प्रदेश के विभिन्न जिलों में की जाएगी। आवश्यक डाक्यूमेंट्स साथ लाना होगाआवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ इंटरव्यू स्थल पर पहुंचना होगा।समाज कल्याण विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य तृतीय लिंग समुदाय को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। विभाग ने पात्र अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में वॉक-इन-इंटरव्यू में शामिल होने की अपील की है।

रायपुर क्राईम- तीन अलग-अलग वारदातें 102 पाव अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सिविल लाइन, मोवा और खमतराई थाना क्षेत्रों में वाहन व बैटरी चोरी के तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं खमतराई पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी-सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करोरातालाब निवासी विजय पंवानी (54) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर के बाहर खड़ी उनकी एक्टिवा (सीजी-04-केडब्ल्यू-7270) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी गई स्कूटी की कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ममता अस्पताल के पास से स्प्लेंडर बाइक पार-मोवा थाना क्षेत्र में दुबे कॉलोनी स्थित ममता अस्पताल के पास खड़ी स्प्लेंडर प्लस (सीजी-05 एपी 9320) बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी कौशलराम निषाद (26) की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफबीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गई बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है।

ई-रिक्शा से दो बैटरियां चोरी-खमतराई थाना क्षेत्र के टिंबर मार्केट, भनपुरी में खड़े ई-रिक्शा से अज्ञात चोर दो बैटरियां चोरी कर ले गए। प्रार्थी राजू सोनी (46) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चोरी गई बैटरियों की कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है।

102 पाव अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार-खमतराई पुलिस ने रावाभाठा स्थित मेटल पार्क क्षेत्र में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए राजू निषाद (22) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 102 पाव अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 12,240 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ एक टीवीएस जुपिटर भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मॉर्निंग वॉक के दौरान निगम कर्मी पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मोतीबाग गार्डन में मॉर्निंग वॉक पर पहुंचे नगर निगम के कर्मचारी पर 3 युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसे बचाने आए उसके दोस्त को भी चोटें आईं।घायल युवक को तुरंत मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान कृष दीप के रूप में हुई है, जबकि आरोपियों के नाम हर्ष सोनी, नवीन सोनी और देव बताए जा रहे हैं।पुरानी रंजिश में वारदात-कोतवाली पुलिस के अनुसार, वीरभद्र नगर निवासी कृष दीप ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह नगर निगम में हेमाली का काम करता है और उसका हर्ष सोनी, नवीन सोनी और देव से पहले से परिचय था।करीब एक महीने पहले आपसी विवाद और गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों के बीच रंजिश शुरू हो गई थी।

प्रतिदिन 1000 विद्यार्थी कर रहे अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बना प्रमुख केंद्र

ऐतिहासिक पुरानी कचहरी बनी शिक्षा और संस्कृति का नया केंद्र

■ सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-मावा मोदोल से 89 युवाओं ने पाई शासकीय सेवाओं में सफलता

रायपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कांकेर स्थित ऐतिहासिक पुराना कचहरी परिसर में शिक्षा, संस्कृति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-मावा मोदोल विद्यार्थियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राएं न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की दिशा में भी मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं।

जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी पहल 'हमर लक्ष्य' के अंतर्गत विकसित यह केंद्र आज शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन, भाषा संरक्षण और सांस्कृतिक संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। यह पहल युवाओं के सपनों को नई दिशा देने के साथ-साथ जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-मावा मोदोल के नोडल अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक श्री नवनीत पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग एक हजार विद्यार्थी इस अध्ययन केंद्र का लाभ ले रहे हैं। यहां विद्यार्थियों के लिए शांत एवं सुव्यवस्थित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए मैराथन क्लासेस आयोजित की जा रही हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उठा रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में इस अध्ययन केंद्र को और अधिक विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। यहां उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन का सकारात्मक परिणाम है कि अब तक इस केंद्र से अध्ययन कर चुके 89 युवाओं ने विभिन्न शासकीय पदों पर सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि इस केंद्र की उपयोगिता और प्रभावशीलता को प्रमाणित करती है।

पुराना कचहरी परिसर केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से अमृतलाल के परिवार को मिला सम्मानपूर्ण जीवन

■ कच्चे घर की परेशानियों से मिली मुक्ति, पक्के आवास ने बदली पूरे परिवार की तस्वीर और तकदीर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से हजारों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गौरेला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी निवासी अमृतलाल का परिवार इसका प्रेरणादायी उदाहरण है। वर्षों तक कच्चे मिट्टी के मकान में कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाला यह परिवार आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मजबूत एवं सुरक्षित पक्के घर में सम्मान और खुशहाली के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है।

बीते 24 जून को पंडरीपानी में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकेश रावटे ने अमृतलाल के नए आवास का अवलोकन किया। उन्होंने परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अमृतलाल ने बताया कि पहले उनका परिवार कच्चे मिट्टी के मकान में रहता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था, दीवारों में सीलन आ जाती थी और पूरे परिवार को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

कोदो-कुटकी की खेती अपनाएं पोषण और समृद्धि दोनों पाएं

■ पारंपरिक धरोहर से आधुनिक पहचान तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि परंपरा में कोदो और कुटकी का विशेष महत्व रहा है। सदियों से आदिवासी और ग्रामीण समुदायों के भोजन का अभिन्न हिस्सा रहे ये लघु धान्य आज एक बार फिर किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। बदलती जलवायु परिस्थितियों, पोषण संबंधी चुनौतियों और बेहतर कृषि की आवश्यकता के बीच कोदो-कुटकी जैसी मिलेट फसलें भविष्य की खेती का मजबूत आधार बनकर उभर रही हैं।कोदो (पास्पलम स्क्रोबिकुलेटम) और कुटकी (पैनिकम सुमाट्रेंस) ऐसी फसलें हैं जिन्हें कम पानी, कम लागत और सीमित संसाधनों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। यही कारण है कि ये छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम बन रही हैं। कम उपजाऊ, पथरीली और ढालू भूमि में भी इनकी खेती संभव है, जहां अन्य फसलें अपेक्षित उत्पादन नहीं दे पातीं। ये फसलें प्रायः हर एक प्रकार की भूमि में पैदा की जा सकती है। जिस भूमि में अन्य कोई धान्य फसल उगाना सम्भव नहीं होता वहाँ भी ये फसलें सफलता पूर्वक उगाई जा सकती है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने वाले ही भविष्य का नेतृत्व करेंगे : वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी

■ एआई से डरने की नहीं, उसे अवसर में बदलने की है जरूरत

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (एमएआईसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "Artificial Intelligence & Digital Transformation, Opportunities, Challenges and Future Impact" में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर युवाओं का आह्वान किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नई तकनीकों से भयभीत होने के बजाय उन्हें अपने भविष्य के निर्माण का सबसे बड़ा अवसर मानें।

अपने संबोधन में मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आज पूरी दुनिया तेजी से ज्ञान, तकनीक और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रही है। भारत का स्वर्णिम इतिहास भी ज्ञान, शिक्षा और नवाचार की नींव पर खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत लगभग 1600 वर्षों तक विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इसलिए रहा क्योंकि यहां शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को सर्वोच्च स्थान दिया गया।

नई सोच, नई तकनीक, नई उम्मीद : नैनो उर्वरकों से सशक्त हो रही खेती

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में नैनो उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

जैविक सब्जी के उत्पादन और एप्पल की खेती से बनाई नई पहचान

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत मल्हार के प्रगतिशील किसान श्री जदुनंदन वर्मा ने जैविक खेती और नवाचार के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वे एक एकड़ में जैविक सब्जियों की खेती कर सालाना लगभग दो लाख रुपये की आमदनी अर्जित कर रहे हैं। वहीं आधा एकड़ में जैविक एप्पल की खेती कर उन्होंने क्षेत्र के किसानों के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। पिछले लगभग दस वर्षों से वे पूरी तरह जैविक पद्धति से खेती कर रहे हैं। उनकी सफलता अन्य किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

श्री जदुनंदन वर्मा बताते हैं कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी सोच के साथ उन्होंने जैविक खेती को अपनाया। वे गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत तथा अन्य जैविक संसाधनों का उपयोग कर खेती करते हैं। इससे उत्पादन लागत में कमी आई है, फसलों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और मिट्टी की उर्वरता भी लगातार बढ़ी है।

जैविक एप्पल की खेती बनी आकर्षण का केंद्र-श्री जदुनंदन वर्मा ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले आधा एकड़ भूमि में जैविक एप्पल के पौधे लगाए थे। पिछले दो वर्षों से उन्हें एप्पल का उत्पादन मिल रहा है। उनके खेत में तैयार होने वाले जैविक एप्पल की मांग इतनी बढ़ गई है कि ग्राहक स्वयं उनके खेत पहुंचकर फल खरीदकर ले जाते हैं। इससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलने के साथ जैविक उत्पादों के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ा है।

परिवहन सचिव ने ली बस संचालकों एवं अधिकृत वेंडरों की बैठक

अब बिना लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम वाली यात्री बसों पर होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में यात्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब सभी यात्री बसों में वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाना और उसे सक्रिय रखना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम, 1988 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश ने आज इंद्रावती भवन नवा रायपुर स्थित परिवहन कार्यालय में सभी बस संचालकों एवं विभाग द्वारा वीएलटीडी लगाने हेतु अधिकृत वेंडरों की संयुक्त बैठक लेकर यात्री बसो में स्थापित वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिन बसों में अभी तक वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) नहीं लगी है, उनमें 15 दिनों के भीतर इसे अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। वहीं जिन बसों में यह उपकरण लगा हुआ है लेकिन संचालित नहीं है, उन्हें तत्काल चालू किया जाए।

परिवहन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 में राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में हुए भीषण सड़क हादसों के बाद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है। सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाली महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

विभाग ने बताया कि राज्य मुख्यालय के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र से सभी बसों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उपग्रह आधारित ट्रैकिंग प्रणाली के माध्यम से यह पता लगाया जा सकेगा कि बस निर्धारित मार्ग पर चल रही है या नहीं तथा समय पर संचालन हो रहा है या नहीं। यात्रियों को भी संगवारी ऐप के जरिए बसों की वास्तविक समय की लोकेशन की जानकारी मिल सकेगी।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे और बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जा रही है। इससे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की तत्काल पहचान कर कार्रवाई की जा सकेगी।

उल्लेखनीय है कि वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस एक ऐसी उपग्रह आधारित प्रणाली है, जो वाहन की हर पल की स्थिति और लोकेशन की जानकारी नियंत्रण केंद्र तक पहुंचाती है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि 15 दिन की मोहलत समाप्त होने के बाद नियमों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुविचार

यदि सुबह जागते ही आप किसी लक्ष्य के प्रति उत्साहित नहीं होते हैं तो आप जी नहीं रहे हैं बस जीवन काट रहे हैं।

एनसीईआरटी की किताब पर बवाल

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इस साल भी देशभर में भाजपा ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया। इसी दिन एनसीईआरटी ने 9वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में आपातकाल का एक चैप्टर शामिल कर दिया है, जिसका उद्देश्य यह बताया गया है कि छात्रों को भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियों और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। स्कूली पाठ्यक्रम में आपातकाल का पाठ शामिल किए जाने से विपक्ष ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह स्कूली छात्रों को गलत जानकारी परोस रही है, जबकि खुद भाजपा पिछले बारह सालों से देश में अघोषित आपातकाल लगाए हुए है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि देश के सामने मौजूद चुनौतियों और जनहित से जुड़े मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए एनसीईआरटी ने आपातकाल पर एक नया पाठ जोड़ दिया है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट का कहना है कि भाजपा जब भी और जहां भी सत्ता में आती है, तो वह किताबों में बदलाव करती है तथा इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। जबकि सरकार का कहना है कि आपातकाल का पाठ स्कूली पाठ्यक्रम में इसलिए जोड़ा गया है कि आज की पीढ़ी भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़ी हो रही चुनौतियों को समझे और इसके लिए वह तैयार रहे, ताकि भविष्य में फिर कभी कोई सरकार देश पर आपातकाल थोपने का साहस न कर पाए। गौरतलब है कि 26 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सिर्फ अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए देश में आपातकाल लागू कर दिया था। यह पहला मौका था जब देश को आपातकाल का दंश झेलना पड़ा था। आपातकाल में सभी नागरिकों के तमाम मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी। विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर जेलों में ठूंस दिया गया था और इस दौरान पूरे देश में आबादी नियंत्रण के नाम पर लोगों की जबरिया नसबंदी की गई थी। यहां तक कि न्यायपालिका के अधिकार भी सीमित कर दिए गए थे ताकि पीड़ित पक्ष न्याय की गुहार न लगा सके। इसी दौरान भारतीय संविधान में मनमाने ढंग से 42वां संशोधन भी किया गया था। कुल मिलाकर न सिर्फ संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई थी, बल्कि प्रेस की आजादी छीनकर नागरिक अधिकारों को भी कुचल दिया गया था। यह लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, जिससे वर्तमान पीढ़ी वाकिफ नहीं है। ऐसे में यदि भावी पीढ़ी को आपातकाल की त्रासदी से अवगत कराने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आपातकाल पर नया चैप्टर जोड़ा गया है, तो इसका विरोध करना समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी लंबे समय से केंद्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संविधान की अनदेखी करने का आरोप लगा रही है और यह भी दावा कर रही है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत में अघोषित आपातकाल लागू कर दिया गया है। यदि ऐसा होता तो विपक्ष के नेताओं को भी सरकार के खिलाफ ऐसी बात बोलने की आजादी नहीं मिलती। जिस मोदी सरकार ने पिछले 12 साल के अपने कार्यकाल के दौरान धारा 356 का भी उपयोग नहीं किया और न ही किसी भी चुनी हुई राज्य सरकार को बर्खास्त किया, वह सरकार आपातकाल लगाने की सोच भी कैसे सकती है! जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान दर्जनों बार धारा 356 के तहत राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया था। मोदी सरकार के सामने भी ऐसे कई अवसर आए जब वह विपक्षी पार्टियों की राज्य सरकारों को बर्खास्त कर सकती थी, किंतु उसने ऐसा नहीं किया। अब भारत में कोई भी सरकार आपातकाल न लगा पाए, इसके लिए आपातकाल के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक किया जाना चाहिए।

लंबी कशमकश के बाद आधा-अधूरा शांति समझौता

नीरज मनजीत

एक लंबी कशमकश के बाद आखिरकार अमेरिका और ईरान के बीच अमन बहाली के लिए आधी-अधूरी सुलह हो गई है। सुलह के बाद तक़रीबन सारी दुनिया ने राहत की साँस ली है। इसे बड़ा ही दिलचस्प नाम दिया गया है-इस्लामाबाद समझौता। वजह यह है कि इस शांति समझौते को आख़िरी मक़ाम तक पहुँचाने में पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर और पीएम शहबाज़ शरीफ़ने बहुत बड़ा रोल अदा किया है। पाकिस्तान के साथ क़तर, यूएई और तुर्की ने भी शांति वार्ता के लिए ज़मीन तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले पखवाड़े 14 जून को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन में इस डील का ऐलान किया था। ट्रंप ने कहा था कि इस शांति समझौते की सभी शर्तों पर सहमति बन गई है और जेनेवा के बुर्गनस्टॉक रिसॉर्ट में 19 जून को एक एमओयू के जरिए इस डील पर दस्तख़त कर दिए जाएँगे। अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की ओर से ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ़और विदेश मंत्री अब्बास अराघची डील के मसौदे पर हस्ताक्षर करेंगे।

ट्रंप के ऐलान के बाद भी समझौते पर आशंकाओं के बादल मंडरा रहे थे। फ्रांस में पिछले हफ्ते संपन्न जी-7 के सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने पीस डील पर डिजिटल दस्तख़त करके इन संदेहों पर विराम लगाने की कोशिश की। मगर इजराइल की आर्मी ने जैसे ही लेबनान पर हवाई हमले किए, सारी डील खटाई में पड़ती नज़र आई। इधर ट्रंप के अस्थिर बयानों ने भी आग में घी डालने का काम किया। पहले तो उन्होंने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को हड़काया और बाद में हर बार की तरह ईरान को धमकाने का काम किया। इस अवांछित कवायद के पीछे उनकी मंशा थी कि 19 जून को बिना किसी रुकावट के डील पर दस्तख़त हो जाएं। पर न तो ईरान पर ट्रंप की धमकियों का असर पड़ा और न ही नेतन्याहू ने लेबनान पर बम बरसाना बंद किया। आखिर ईरानी नेताओं ने जेनेवा आने से इंकार कर दिया और जेडी वेंस भी वाशिंगटन से नहीं निकले।

एकबारगी फिर ऐसा लगा कि दोनों तरफ़ से मिसाइल और ड्रोन हमलों की शुरुआत होने वाली है, मगर ऐन वक़्त पर क़तर के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान थानी और शाहबाज़ शरीफ़ने शांति वार्ता को बेपटरी होने से बचा लिया। इधर जेडी वेंस भी हर क़ीमत पर बातचीत को अंजाम तक ले जाने के लिए कटिबद्ध थे। पीस डील के तहत ईरान के आसपास अमेरिकी नौसेना को वापस बुला लिया गया है। इधर ईरान ने भी होर्मुज स्ट्रेट को खोल दिया है और इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य से मालवाहक जहाज़ों की आवाजाही शुरू हो गई है। भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट का खुलना बहुत बड़ी राहत का सबब है, इसलिए कि सस्ती एलपीजी गैस से भरे भारतीय जहाज़ इसी जलमार्ग से गुज़रते हैं। ईरान के हुक्मरानों ने इस्लामाबाद समझौते को अपनी जीत बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी शर्तों पर समझौता करके अमेरिका को झुका लिया है। समझौते के बाद एक बयान में ईरानी आर्मी की ओर से कहा गया है कि ÷हमारी सेना के सामने अमेरिका और इजराइल लाचार नजर आए है और उन्होंने हमारी सेना के सामने हार मान ली है। उनके सामने इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं था ÷। इधर ट्रंप और जेडी वेंस कह रहे हैं कि उन्होंने इस जंग में ईरान के सामरिक और रणनीतिक ठिकानों तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुक़सान पहुँचाया है, उनके परमाणु कार्यक्रम को रोक दिया है। ट्रंप कह रहे हैं कि डील के तहत ईरान को 60 दिनों का वक़्त दिया गया है। इसके बाद इस डील की समीक्षा की जाएगी और ईरान ने परमाणु संवर्द्धन का काम जारी रखा तो ईरान पर पुनः बड़े हमले किए जाएंगे।

इसमें तो कोई शक नहीं है कि इस जंग में ईरान को भारी क्षति हुई है। अमेरिका के हमलों से ईरान की पारंपरिक नौसेना डूब गई है और ईरानी सेना के मुख्यालय समेत 50 से अधिक सैन्य ठिकाने क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं। खोजीर, पारचिन और शाहरूद सहित ईरान के बड़े बैलिस्टिक मिसाइल निर्माण स्थलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित दर्जनों शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत हो गई है। इसके अलावा ईरान का तेल कारोबार पूरी तरह रुक गया था। एक मोटे अनुमान के मुताबिक ईरान को तकरीबन 145 बिलियन डॉलर यानी 13 लाख 68 हजार करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

इधर ईरान ने मिडिल ईस्ट के आठ देशों में अमेरिका के 20 से ज़्यादा महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को नुक़सान पहुँचाया है। ईरानी सेना की माने तो इन हमलों में अमेरिका की अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों, ईंधन भरने वाले विमानों और रडार प्रणालियों को करोड़ों डॉलर का नुक़सान हुआ है। इसके अलावा एक और बड़ी बात यह है कि ईरान ने अमेरिका की सर्वशक्तिमान होने की प्रतिष्ठा को भी नुक़सान पहुँचाया है। ईरानी कमांडरों ने बड़ी ही चालाकी से होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्ज़ा करके पूरी दुनिया को सांसत में डाला। इससे अमेरिका पर भारी दबाव पड़ा। इसके अलावा ईरानी सेना ने मिडिल ईस्ट में अमेरिका के मित्र देशों के नागरिक ठिकानों पर भी बिना डरे हमले करके अमेरिका को हर वक़्त दबाव में रखा।

अमेरिका और ईरान के बीच फ़िलहाल सीजफायर हो गया है, पर दोनों तरफ भरोसे की कमी नज़र आ रही है। अमेरिका की खुफ़िया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने का काम नहीं रोकने वाला और न ही वह हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों को मदद करना छोड़ेगा और इसी बात को लेकर अमेरिका को फिर जंग में उतरना पड़ सकता है। इधर नेतन्याहू ने भी साफ़ कह दिया है कि वे इजराइल की सुरक्षा के लिए लेबनान पर हमले जारी रखेंगे। कुल मिलाकर यह कमज़ोर पीस डील आगे चलकर टूट भी सकती है।

भारत को बदलने के लिए विश्व-स्तर पर अवसरों के द्वार खोले

पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री

यूके के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौता, जो 15 जुलाई से लागू होगा, भारतीय किसानों, एमएसएमई, मछुआरों, स्टार्टअप और कारीगरों के लिए वैश्विक अवसर और समृद्धि लाएगा। यह नौकरियां सृजित करेगा और भारतीय नागरिकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामान को उचित कीमतों पर उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत और यूके के बीच परिवर्तनकारी व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय वस्तुओं के लिए यूके में सभी क्षेत्रों में, विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद यह समझौता लगभग 100% व्यापार मूल्य को शामिल करते हुए लगभग 99% टैरिफलाइनों पर तुरंत शुल्क समाप्त करेगा, जिससे भारतीय निर्यात के लिए अपार अवसर सृजित होंगे।

सीईटीए एक जन-केंद्रित समझौता है, जिस पर पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये थे। यह समाज के हर हिस्से को फायदे देता है। किसानों को अपने घरेलू हितों से समझौता किए बिना उच्च मूल्य वाले निर्यात बाजारों तक पहुंच मिलेगी। मछुआरों को विशाल यूके बाजार में अधिक सीफूड निर्यात से फायदा मिलेगा। श्रमिकों को श्रम-गहन क्षेत्रों में नई नौकरियों के अवसर मिलेंगे। महिला उद्यमी, युवा, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को वैश्विक मूल्य-श्रृंखला तक बेहतर पहुँच मिलेगी। पेशेवरों को बेहतर आवागमन और मान्यता के अवसरों से फायदा मिलेगा।

किसानों के लिए समृद्धि

सीईटीए भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम यूके बाजार खोलता है, जो दूसरे यूरोपीय देशों को मिलने वाले फायदों के बराबर या उनसे भी बेहतर है। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत सामान जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को शुल्कल-मुक्त पहुँच प्राप्त होगा। उच्च कृषि निर्यात से किसानों की आय बढ़ेगी और गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। यह कृषि मूल्य श्रृंखला में कई नौकरियाँ भी पैदा करेगा।

साथ ही, सीईटीए घरेलू किसानों - खासकर डेयरी उत्पाद, खाद्यान्न, मोटे अनाज, सेब, ओट्स और खाद्य तेल से जुड़े किसानों - की सुरक्षा के लिए भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखता है। इन्हें समझौते से बाहर रखना, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषि समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को प्रतिबिंबित करती है।

उद्योग को बढ़ावा: यूके के विशाल बाजार तक तुरंत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय निर्माण को बढ़ावा देगी, जिससे पारंपरिक कारीगर, बड़े कारखाने और क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। छोटे व्यवसायों को फायदा होगा, क्योंकि भारतीय उत्पादों को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धा से जुड़ी स्पष्ट बढ़त मिलेगी। फुटबॉल, क्रिकेट गियर, रग्बी बॉल और खिलौने बनाने वाली कंपनियां, अन्य उत्पादों के साथ-साथ, यूके में अपने व्यवसाय को काफी विस्तार देने में सक्षम होंगी।

शुल्कों को हटाने से खासकर श्रम-सघन क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही टैरिफ बाधाओं का समाधान हुआ है, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा और पैमाने में तुरंत लाभ होने की उम्मीद है। तिरुपुर के करघों से लेकर बेंगलुरु की लैब तक, सूरत के हीरे के कारीगरों से लेकर हैदराबाद के कोडर्स तक, यह समझौता असली अर्थव्यवस्था को छूता है।

सेवाएँ और पेशेवर: यूके ने सेवा क्षेत्र में अब तक की अपनी सबसे व्यापक प्रतिबद्धताओं में से एक प्रदान किया है, जिसमें भारत की निर्यात रुचि के सभी प्रमुख सेवा क्षेत्रों और 137 उप-क्षेत्रों को शामिल किया गया है। बेहतर बाजार पहुंच और नियामक सुनिश्चितता भारतीय सेवा प्रदाताओं को आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में सहायता करेगी। भारत ने कुशल पेशेवरों के लिए अनुकूल आवागमन प्रावधान सुनिश्चित किए हैं, जिनमें संविदा सेवा प्रदाता, व्यापार यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये शामिल हैं। इस समझौते में व्यापार आगंतुक, कर्मचारियों का अंतर-कॉर्पोरेट तबादला, संविदा सेवा आपूर्तिकर्ता, स्वतंत्र पेशेवर और निवेशकों के लिए भी पूर्वानुमान योग्य आवागमन उपाय प्रदान किए गए हैं।

सदगुरू बोधामृतम



सदगुरू ऋतेश्वर

भारत माता के पक्ष में, सनातन परंपरा के पक्ष में, राष्ट्रीयता के पक्ष में खुलकर बोलने वाले लोगों के साथ कर्मठता के साथ नैतिक समर्थन देकर जन-जागरण करके भारतवासियों को सही एवं उचित वक्त पर जगाना चाहिए; यही कर्तव्य है। रवि माने सूर्य, प्रकाश; प्रकाश ही ज्ञान है। जिनके जीवन में गुरु हैं उनके जीवन में प्रकाश है क्योंकि गुरु में करोड़ों रवि हैं एक साथ और इसी दृष्टि से अपने जीवन का परिचालन करें। निंदित कर्म. घरणित कर्म जब समाज में प्रतिष्ठा को प्राप्त हो जाते हैं तो देश का रक्त कैंसरस हो जाता है। शास्त्र, संत और सद्गुरू की वाणी संजीवनी है पर शर्त है, संजीवनी उनके लिए जो खाने का तैयार हो। निंदित कर्म जिस समाज में प्रतिष्ठा के आसान पर बैठ जाता है उस समाज को रावणी समाज होने से कोई नहीं रोक सकता। वो राक्षसी राज है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 27 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1759: ब्रिटेन के सेना अधिकारी जनरल जेम्स वोल्फ ने क्यूबेक पर कब्जा जमाने की शुरुआत की। 1838: राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म। 1867: बैंक ऑफकैलिफोर्निया का संचालन शुरू। 1893: पंजाब के महाराज रंजीत सिंह का निधन। 1914: अमेरिका ने इथोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किये। 1939: प्रसिद्ध संगीतकार एवं अभिनेता राहुल देव बर्मन का जन्म। 1940: सोवियत सेना ने रोमानिया पर हमला किया। 1957: अमेरिका के लुसिआना और टेक्सास में ऑड्रे तूफान से 526 लोगों की मौत। 1964: तीन मूर्ति भवन को नेहरू संग्रहालय बनाया गया। 1967: लंदन के एनफील्ड में विश्व का पहला एटीएम स्थापित किया गया। 1967: भारत में निर्मित पहले यात्री विमान एचएस 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा गया। 1980: इतालवी विमान के तेरीहिंस सागर में दुर्घटनाग्रस्त होने से 81 लोगों की मौत। 1981: कंबोडिया ने अपना संविधान अपनाया। 1983: नासा ने अंतरिक्ष यान एस -205 लांच किया। 1998: मलेशिया में कुआलालम्पुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा खोला गया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नागिन जैसी चाल तेरी है,झील सी नीली आँख! बाज के जैसे तुम उड़ती हो, सिंहप्रिया अनुहार !! चंदा की तुम चमक चाँदनी , नव ग्रह करते प्यार बारह राशि रंक कर राजा, नखत सत्ताइस सार द्य! तुम्हें ढूँढता इक अलबेला, चला अकेला राह ! रूप सि के घन केश पास में, जीवन की ले चाह!! दिन को रात रात दिन समझे, देता है आवाज ! काल चक्र के चक्रव्यूह का, कैसा यह आगाज !!

राजकिशोर मिश्र राज

डिजिटल साक्ष्य अपराध की पूरी कड़ी जोड़ती है जिसमे सीसीटीवी फुटेज , मोबाइल फोन, चैट रिकॉर्ड, कॉल डिटेल, इंटरनेट सर्च हिस्ट्री ,और डिजिटल डिवाइस पर विताये पर सब महत्वपूर्ण होते है। अपराधी सोचे कि किसी खुफिया या गुप्त डिवाइस प्रयोग करने से बच जायेंगे लेकिन यह सच नही है। **ए. अरूण कुमार गुप्ता**

हम अक्सर ज़िंदगी की छोटी-छोटी परेशानियों में इतने उलझ जाते हैं कि अपने लोगों के साथ बिताए जाने वाले खूबसूरत पल ही भूल जाते हैं। सच तो यह है कि न बीता हुआ कल वापस आता है, न आने वाले कल की कोई गारंटी है। जो है, बस यही पल है... इसे शिकायतों में नहीं, अपनों के साथ जी भरकर जी लीजिए। क्या पता कल क्या हो? **रेणू सिंघल**

हम इंसानों की जिंदगी में खुशी और हँसी की कमी आती रहती है। खुशियों को तलाशने और मुस्कुराने के अवसर ढूँढने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये कतई नहीं कि किसी को मार दिया जाए। कोई उस पर छिछोरा सा मजाकिया पोस्ट बना ले और दस लोग उस पोस्ट पर दांत निपोरकर आ जाएं।

मीनाक्षी सिंह

समय की डोर हो या बात हो रिश्ता निभाने की पकड़ना भी नहीं चाहती हूं छोड़ा भी नहीं जाता यह मनमर्जी है मेरी या कहूँ ये कशमकश मेरी जुड़ा हो मन कही तो रब्त तोड़ा भी नहीं जाता।

पूजा बंसल

हम इंतज़ार कर रहे थे...हर चौराहे पर अस्त व्यस्त ट्रैफिक जाम हो व्हीकल्स खुद कन्फ्यूज हो जाए कि आखिर जाना किधर था , सड़के स्वीमिंग पुल जैसी लगें और हर आती जाती कार / गाडियाँ फॉउटेंन बनाती गुजरे..और आधे से ज्यादा शहर अंधेरे में डूब जाए...रोज से अलग कुछ तो होना चाहिए रोज एक जैसा नीरस उबाऊ... कुछ तो अलग हो और देखो मौसम की पहली बारिश आ गयी लंबे इंतजार के बाद..। **सरिता त्रिवेदी**

ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आये! आपातकाल के दौरान कुल 3801 अखबारों को जब्त किया गया। 327 पत्रकारों को मीसा कानून के तहत जेल में बंद कर दिया गया। 290 अखबारों में सरकारी विज्ञापन बंद कर दिए गए। ब्रिटेन के @The Times और The Guardian जैसे कई समाचार पत्रों के 7 संवाददाताओं को भारत से निकाल दिया गया। याद रखा जाएगा।

पंकज कुमार झा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज ग्रहों की चाल यह संकेत दे रही है कि आपके जीवन में सुख, समृद्धि और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खुल सकते हैं।

वृष: आज का दिन आपको समाज में सम्मान और पहचान दिलाने वाला साबित हो सकता है। आपके अनुभव, आपकी समझ और आपके द्वारा किए गए।

मिथुन: आज का दिन आपको जीवन में संतुलन की महत्ता का एहसास कराएगा। आय और व्यय के बीच सही तालमेल बनाकर चलना आपके लिए अत्यंत आवश्यक रहेगा।

कर्क: आज का दिन आपको सफलता और सावधानी दोनों का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि आपके आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती है।

सिंह: आज ग्रह आपको धैर्य और संयम का पाठ पढ़ाने वाले हैं। पारिवारिक जीवन में कुछ उतार-चढ़ाव मन को बेचैन कर सकते हैं, लेकिन याद रखें कि हर परिस्थिति स्थायी नहीं होती।

कन्या: आज सितारे आपको जोखिम लेने से बचने की सलाह दे रहे हैं। किसी भी ऐसे कार्य में हाथ न डालें जिसमें अनिश्चितता अधिक हो।

तुला: आज सफलता आपके साथ कदम मिलाकर चलना चाहती है, बस आपको योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। रियल एस्टेट या संपत्ति से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक दिखाई दे रहा है।

वृश्चिक: आज कुछ लोग आपकी प्रगति से असहज महसूस कर सकते हैं और आपके मार्ग में बाधाएँ डालने का प्रयास कर सकते हैं।

धनु: आज आपकी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी शक्ति साबित होगी। आपके मधुर शब्द और विनम्र व्यवहार लोगों का दिल जीत सकते हैं।

मकर: व्यापार से जुड़े जातकों के लिए आज का दिन कई अच्छे अवसर लेकर आ सकता है। आपके कार्यों की सराहना होगी और आपकी पहचान मजबूत होगी।

कुंभ: आज आपके भीतर ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का अद्भुत संचार रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी और प्रशंसा दिलाएगी।

मीन: आज का दिन खुशियों और शुभ समाचारों की सौगात लेकर आ सकता है। सुबह से ही ऐसी घटनाएँ घट सकती हैं जो आपके मन को प्रसन्नता से भर दें।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) एशिया के सबसे लंबी रेलवे सुरंग शिकन किस देश में स्थित है?

2) संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थी?

3) द्रौपदी मुर्मू पनडुब्बी में यात्रा करने वाला देश की दूसरी राष्ट्रपति बनीं है, उन्होंने किस पनडुब्बी में यात्रा की?

4) स्वामी विवेकानंद ने किस वर्ष औपचारिक रूप से संन्यास की प्रतिज्ञा ली?

5) लेडी डॉक्टर्स नामक पुस्तक की लेखिका कौन हैं?

उत्तरमाला- (1) जापान (2) 15 (3) आईएनएस वाघशीर (4) 1886 (5) कावेरी राव

पहेली

शब्द सामर्थ्य -081

छुईखदान जनपद में भ्रष्टाचार का रैकेट, बिजली ठेकेदार पर मेहरबानी, कमीशन-सांठगांठ का खुला खेल

■ एक ही व्यक्ति पर इतनी मेहरबानी क्यों? कमीशन कितना बंटता है? जनता मांगे हिसाब

छुईखदान/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुईखदान इन दिनों खासी चर्चा में है। चर्चा भी होना लाजिमी है क्योंकि यहां भ्रष्टाचार का खुला खेल जो चल रहा है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (ऋक्ष्स) और विद्युत कार्यों का 'खेल' अब सड़कों पर आ गया है। आरोप सीधा है - विभाग के सारे काम एक ही व्यक्ति की झोली में डाले जा रहे हैं। पारदर्शिता गई भाड़ में, कमीशन और सांठगांठ का खुला नाच चल रहा है। दफ्तर में दिनभर जुगाड़ और शाम को इंजीनियरों के साथ दारू पार्टी... फिर क्या काम और कमीशन दोनों पक्का... सभी खुश...।

बिजली काम से जुड़े कुछ लोगों और स्थानीय ठेकेदारों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कहना है कि ऋक्ष्स से जुड़े नाली, पुलिया, भवन मरम्मत के काम में गजब का खेल चल रहा है। चुनिंदा लोगों को काम मिल रहा है। अफसर और इंजीनियर का कमीशन फिक्स है। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के भवन निर्माण में बिजली का काम - हर टेंडर, हर कार्यादेश पर एक ही व्यक्ति का कब्जा है। जनपद पंचायत दफ्तर में सुबह-शाम उसी का डेरा। फाइलें उसी के इशारे पर सरकती हैं। लोग पूछ रहे हैं - छुईखदान में क्या और कोई ठेकेदार बचा ही नहीं? या फिर 'ऊपर से सेटिंग' इतनी पक्की है कि नियम-कायदे ताक पर रख दिए गए? एक ही व्यक्ति को बार-बार काम मिलना महज संयोग नहीं, साजिश और भ्रष्टाचार का नायाब उदाहरण है। जनपद पंचायत में कुछ लोगों के नाम की जबरदस्त चर्चा है। यह लोग हर काम में जुगाड़ बैठने के लिए सक्रिय रहते हैं। इनका काम जनपद क्षेत्र के विकास में काम खुद के विकास में ज्यादा रहता है।

जांच की मांग तेज, सिस्टम पर उठ रहे सवाल

छुईखदान जनपद पंचायत में अब आर-पार की लड़ाई के आसार हैं। लोग कह रहे हैं कि अगर जनपद प्रशासन ने पारदर्शिता नहीं दिखाई, तो कलेक्टर से लेकर मंत्री तक शिकायत होगी। सूत्रों के मुताबिक कुछ लोग तो शिकायत उपर तक कर चुके हैं। ऋक्ष्स के कामों की उच्चस्तरीय जांच की मांग भी उठ रही है। ये सिर्फएक ठेकेदार का मामला नहीं, पूरे सिस्टम की नीयत का सवाल है। सरकारी खजाने से जनता के विकास के लिए पैसा निकलता है। अगर वो चहेतों की जेब में जा रहा है तो ये दिनदहाड़े डकैती है। जनपद पंचायत छुईखदान जवाब दो - एक ही व्यक्ति पर इतनी मेहरबानी क्यों? कमीशन कितना बंटता है? जब तक हिसाब नहीं दोगे, तब तक जनता चुप नहीं बैठेगी।

'रिकॉर्ड सार्वजनिक करो, दूध का दूध हो जाए'

स्थानीय नागरिकों ने सीधी मांग ठोक दी है। बोले - अगर सब नियमानुसार है तो डर किस बात का? ऋक्ष्स और विद्युत कार्यों के कार्यादेश, भुगतान विवरण, माप पुस्तिका , तकनीकी स्वीकृति, गुणवत्ता जांच रिपोर्ट - सब जनता के सामने रखो। किस काम में कितना पैसा, किसे मिला, कितना काम हुआ - सब ऑनलाइन चस्पा करो। जब तक रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं होंगे, तब तक 'ईमानदारी का ढोल' पीटने से कुछ नहीं होगा। कमीशनखोरी के आरोप यूं ही हवा में नहीं उड़ते। कहीं न कहीं आग है, तभी तो धुआं उठ रहा है।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब पर पुलिस का शिकंजा महुआ शराब व बाइक जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पिथौरा और सरायपाली थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शराब और वाहन जब्त किए हैं। पिथौरा पुलिस ने कौड़िया जंगल आंवला नाला के पास पिलवापाली निवासी मधुसूदन चौधरी (43) के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के चार बर्तन जब्त किए। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। वहीं सरायपाली पुलिस ने ग्राम दर्राभांठा मोड़ के पास रिसेकेला निवासी लोकनाथ डड़सेना (32) को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीपी 0477 से 30 नग रोमियो देशी प्लेन शराब परिवहन करते हुए पकड़ा।

ग्रामसभा में आवास योजना पर सवाल पूछना पड़ा भारी, युवक से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्रामसभा की बैठक के दौरान इंदिरा आवास योजना को लेकर सवाल उठाना एक युवक को भारी पड़ गया। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम जामजुड़ा में पंचायत भवन में आयोजित ग्रामसभा के दौरान एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी गुलशन साहू ने पुलिस को बताया कि 24 जून को वह अपने दादा के नाम से स्वीकृत इंदिरा आवास सूची से नाम हटने के संबंध में रोजगार सहायक से जानकारी ले रहा था। इसी दौरान गांव के लोचन सिदार ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार ट्रक का कहर, प्लांट कर्मचारी की मौके पर मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना क्षेत्र में एनएच-53 पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक प्लांट कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बिहार के मुंगेर जिले के फुल्काम निवासी आशीष कुमार (26) 24 जून की सुबह करीब 6:30 बजे प्लांट से घर जाने के लिए निकला था। करणी कृपा गेट के आगे मुख्य मार्ग पर रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेबी 2863 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत मामले में चालक पर अपराध

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने फरवरी में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में मर्ग जांच पूरी होने के बाद बोलेरो चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 17 फरवरी 2026 को पीयूष पांडे (23) बागबाहरा कॉलेज के पास किसी कार्य से गया था। इसी दौरान बोलेरो क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 5570 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल पीयूष को रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 19 फरवरी को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच के दौरान मृतक के परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें वाहन चालक की लापरवाही सामने आने पर पुलिस ने उसके खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नगर पंचायत नगरी के सर्व आदिवासी सामाजिक भवन में बोर खनन

नगरी/नवप्रदेश। रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष उमेश देव एवं समस्त सामाजिकगण के द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु बोर खनन के लिए मांग रखा था । जिसमें बलजीत छाबड़ा जी नगर पंचायत नगरी के द्वारा तत्काल प्रभाव से सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के सामाजिक भवन में बोर खनन का भूमि पूजन और बोर खनन का कार्य करवाया गया। साथ ही शक्ति दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा से सामाजिक भवन में शौचालय के लिए मांग रखा गया था।

मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने वाले संदिग्धों पर रखी जाएगी नजर

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के बाद जागा अस्पताल प्रशासन

■ दलालों पर सख्ती के आदेश

महासमुंद/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों तक पहुंचाने वाले कथित दलालों की सक्रियता को लेकर आखिरकार अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज शिकायत के बाद संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत महेश्वरी ने 24 जून 2026 को सख्त आदेश जारी करते हुए अस्पताल के सभी वार्ड प्रभारियों, नर्सिंग स्टाफ, मेट्रन, वार्ड बॉय, आया, सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों को ऐसे संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विभिन्न माध्यमों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ बाहरी व्यक्ति अस्पताल कर्मचारी या मरीज के परिजन बनकर अस्पताल परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके बाद वे मरीजों और उनके परिजनों को सरकारी अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था पर संदेह पैदा कर निजी अस्पतालों में बेहतर इलाज का

झांसा देते हैं और कमीशनखोरी के उद्देश्य से उन्हें वहां ले जाने का प्रयास करते हैं। कई मामलों में ऐसे लोग अपने निजी वाहनों से मरीजों को सीधे निजी अस्पतालों तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करते हैं।

अस्पताल प्रशासन ने यह भी माना है कि ऐसे तत्वों की वजह से मरीजों के उपचार में बाधा उत्पन्न होती है। कई बार इमरजेंसी विभाग में अनावश्यक विवाद और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है, जिससे चिकित्सकीय कार्य प्रभावित होता है।

अधीक्षक बोले- पहचान करना मुश्किल, सभी को सतर्क रहने कहा संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत महेश्वरी ने बताया कि ÷सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके अलावा विभिन्न माध्यमों से भी ऐसी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। अस्पताल में यह समझ पाना

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बनी कार्रवाई की वजह

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 में एक जागरूक नागरिक ने शिकायत दर्ज कर अस्पताल परिसर में सक्रिय कथित दलालों के नेटवर्क की जानकारी दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुछ लोग मरीजों और उनके परिजनों को अच्छे इलाज का लालच देकर निजी अस्पतालों में भर्ती करा रहे हैं, जहां से उन्हें कमीशन मिलता है। शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के बाद अस्पताल प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके बाद अधीक्षक ने यह आदेश जारी किया।

कई बार मुश्किल हो जाता है कि कौन वास्तविक मरीज या परिजन है और कौन बाहरी व्यक्ति। इसलिए सभी वार्ड प्रभारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे संदिग्ध तत्वों पर लगातार नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना अस्पताल प्रशासन को दें।

आदेश तो जारी हो गया, अब कार्रवाई कौन करेगा?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अस्पताल प्रशासन स्वयं यह स्वीकार कर रहा है कि जिला अस्पताल में बाहरी दलाल सक्रिय हैं, तो आखिर इतने दिनों तक इन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या मरीजों को निजी अस्पताल भेजने का यह कथित खेल एक-दो दिन से चल रहा था, या लंबे समय से अस्पताल परिसर में खुलेआम संचालित हो रहा था?

अस्पताल के प्रत्येक वार्ड, ओपीडी और इमरजेंसी में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहती है। इसके बावजूद यदि बाहरी लोग आसानी से मरीजों तक पहुंचकर उन्हें प्रभावित कर रहे थे, तो सुरक्षा व्यवस्था की जवाबदेही किसकी है? यदि शिकायतें पहले से मिल रही थीं, तो अब तक किसी दलाल की पहचान कर पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कराई गई?

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अस्पताल प्रशासन का यह आदेश केवल सरकारी फाइलों और कागजों तक सीमित रहेगा या वास्तव में मरीजों को निजी अस्पतालों तक पहुंचाने वाले कथित दलालों के नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

सभी कर्मचारियों को दिए गए सख्त निर्देश

जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि अस्पताल परिसर, वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी या किसी भी विभाग में कोई संदिग्ध बाहरी व्यक्ति मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने के लिए प्रेरित करता हुआ मिले अथवा स्वयं को अस्पताल कर्मचारी बताकर गुमराह करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल अस्पताल अधीक्षक कार्यालय को दी जाए। कर्मचारियों को ऐसे मामलों में पूरी सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

गुरु ने किया गुरुत्व कलंकित, छात्रा से बैड टच करने वाला शिक्षक दोषी, 5 साल की सजा

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरु-शिष्य जैसे पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाले एक शिक्षक को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने कड़ी सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश मोनिका जायसवाल की अदालत ने नाबालिग छात्रा के साथ बैड टच करने के मामले में आरोपी शिक्षक गणेश राम चंद्राकर को दोषी ठहराते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा-10 के तहत पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा-74 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अर्थदंड जमा नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 8 जनवरी 2025 को छात्रा ने महासमुंद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गणित शिक्षक गणेश राम चंद्राकर शराब के नशे में कक्षा में आया और पढ़ाई के दौरान उसके शरीर को बुरी नीयत से छूते हुए सहलाया। घटना से छात्रा मानसिक रूप से आहत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना पूरी करने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया था।

नगर के वार्ड सात में अधूरे नाली निर्माण से वार्डवासियों की बढ़ी परेशानी

बारिश में जलभराव से होगा लोगो को प्रभावित

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के वार्ड नंबर सात में लगभग आठ लाख रुपये की लागत से बनने वालु नाली निर्माण कार्य में गड्ढा कर अधूरा छोड़ दिए जाने से वार्ड के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात शुरू होते ही सड़क और गलियों में पानी जमा होने लगा है,जिससे उस वार्ड के लोग प्रभावित हो रहे है और रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

वार्डवासियों का कहना है कि नाली निर्माण का कार्य कई दिनों पहले शुरू किया गया था,लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया है।निर्माण सामग्री और खुदी हुई नालियां जगह-जगह पड़ी हुई हैं, जिससे बारिश का पानी निकासी नहीं होने के कारण सड़कों पर भर रहा है। कई घरों के सामने जलभराव की स्थिति बन गई है,जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

है। वार्ड के नागरिकों ने बताया कि बरसात के मौसम में गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है,जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।बच्चों,बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य पूरा कराने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं किया गया तो बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।वही उस वार्ड के पार्षद पार्वती ध्रुव ने बताया कि नाली निर्माण के विषय में उन्हें न कुछ पूछा गया है और न ही बताया गया है ।

अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन वार्डवासियों की इस समस्या पर कब तक संज्ञान लेकर राहत पहुंचाता है या बरसात में लोगो को मुसीबत झेलना पड़ेगा।

पलटे ट्रक से प्याज और सामान चोरी, आरोपियों पर केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा के सड़क दुर्घटना में पलटे ट्रक से प्याज एवं अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 314 एवं 324 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुंबई के विक्रोली पार्क साइड बमखाना अकबर की चाल निवासी इंद्रजीत सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका ट्रक क्रमांक सीजी-04 क्यूएम-3809, मुंबई के पातालगंगा से बालासोर (ओडिशा) के लिए 25 टन रिलायंस पाउडर और 10 टन प्याज लेकर रवाना हुआ था। ट्रक चालक जुझार सिंह वाहन चला रहा था। 21 जून की रात मुड़ीपार के पास एक ट्रेलर द्वारा कट मारने से ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लदा प्याज व रिलायंस पाउडर सड़क पर बिखर गया।

नकाबपोश बदमाशों ने छात्रों को चाकू दिखाकर लूटी 2.38 लाख की चेन

■ बागबाहरा के साईं मंदिर मार्ग पर वारदात, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा नगर के भानपुर वार्ड-1 स्थित साईं मंदिर मार्ग पर गुरुवार शाम तीन नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने दो स्कूली छात्रों को चाकू की नोक पर रोककर एक छात्र के गले से करीब 2 लाख 38 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन लूट ली। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309 एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम करीब 7 बजे शुभ सोनी अपने एक मित्र के साथ भानपुर स्थित साईं मंदिर की ओर घूमने गया था। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन नकाबपोश युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने दोनों छात्रों को चाकू दिखाकर डराया-धमकाया और शुभ सोनी के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

घटना के तुरंत बाद शुभ सोनी ने मोबाइल से अपने पिता निलेश सोनी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है तथा विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

व्यस्त मार्ग पर वारदात से लोगों में दहशत

जिस मार्ग पर लूट की घटना हुई, वह नगर का अत्यंत व्यस्त मार्ग माना जाता है। झलप चौक से साईं मंदिर तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम टहलने और आवागमन के लिए पहुंचते हैं। रात करीब 9 बजे तक यहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे व्यस्त मार्ग पर चाकू की नोक पर लूट की घटना ने लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

300 किलो गांजा तस्करी में आरोपी को 15 साल का सश्रम कारावास

■ एनडीपीएस कोर्ट का फैसला, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना भी लगाया गया

■ सह-आरोपी फैसला सुनाए जाने के दौरान रहा फरार

महासमुंद/नवप्रदेश। 300 किलो गांजा की तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने ओडिशा के कोरापुट जिले के बारनीपुट निवासी संतोष दोरा (24) को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में उसे एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास

भुगतना होगा।

फैसला सुनाए जाने के दौरान इस मामले का दूसरा आरोपी जय सिंह (25), निवासी क्रिश्चियनपेटा वार्ड-5, बीजूराजा नगर, जयपुर सदर (जिला कोरापुट, ओडिशा) न्यायालय में अनुपस्थित रहा।

अभियोजन के अनुसार 31 जुलाई 2020 को बागबाहरा थाना पुलिस पिथौरा चौक के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान महिंद्रा मैक्स पिकअप क्रमांक एपी-31 टीटी-1911 को रोककर पूछताछ की गई। वाहन में सवार दोनों आरोपियों ने रायपुर मिर्च ले जाने की बात कही, लेकिन पुलिस को संदेह होने पर तलाशी ली गई। जांच में मिर्च की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी गई 15 प्लास्टिक की बोरियों से 300 किलो गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि गांजा ओडिशा के जयपुर से रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। इसके बाद बागबाहरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना पूरी कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई।

शासन को आर्थिक क्षति, राजस्व का नुकसान, नपं के अधिकारी कार्रवाई करने में रुचि नहीं दिखा रहे

प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताओं के आरोप

■ आवासों को दुकानों में बदलने से शासन को नुकसान

छुईखदान/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन छुईखदान नगर पंचायत और विकासखंड क्षेत्र में इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित कुछ आवासों का उपयोग आवासीय उद्देश्य के बजाय व्यवसायिक गतिविधियों

के लिए किया जा रहा है, जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुंचने के साथ-साथ नगर पंचायत को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, योजना के तहत बनाए गए कई आवासों को परिवर्तित कर दुकानों और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के रूप में संचालित किया जा रहा है। नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ केवल आवासीय उपयोग के लिए दिया जाता है, लेकिन कथित तौर पर कुछ हितग्राहियों ने इन मकानों का स्वरूप बदलकर व्यवसायिक उपयोग शुरू कर दिया है। इससे योजना के मूल उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। नागरिकों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

निर्धारित समय सीमा में मकान निर्माण नहीं

ग्रामीण क्षेत्रों में योजना की प्रगति की समीक्षा करने पर यह भी सामने आया है कि कई पात्र हितग्राहियों के खाते में किश्तें जारी होने के बाद भी निर्धारित समय सीमा में मकान निर्माण नहीं हुआ। इससे सरकार की महत्वाकांक्षी और फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना की छवि प्रभावित हो रही है। योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराना है, लेकिन कथित लापरवाही और निगरानी की कमी के कारण इसका लाभ अपेक्षित रूप से नहीं मिल पा रहा है।

राशि का उपयोग मकान निर्माण के बजाय अन्य कार्यों में

वहीं दूसरी ओर, छुईखदान विकासखंड की 107 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालन को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि जिन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, उनमें से कई लोगों ने उस धनराशि का उपयोग मकान निर्माण के बजाय अन्य कार्यों में कर लिया।

संक्षिप्त खबरें

नपा कुरुद के एल्डरमैन नियुक्त हुए भानु चंद्रकुमार खिलावन - महावीर और खिलेंद्र

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कुरूद में वरिष्ठ पार्षदगण (एल्डरमेन) की नियुक्ति की गई है। नियुक्त एल्डरमेनों में भानु चन्द्राकर, खिलावन यादव, चन्द्रकुमार (नंदु) चन्द्राकर, खिलेश्वर (खिल्लू) देवांगन, महावीर का नाम शामिल है। जिससे कार्यकर्ताओं एवं प्रशंसकों में हर्ष व्याप्त है। पालिका में एल्डरमैन की नियुक्ति किए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर समेत उपाध्यक्ष, सभापतियों, नेता प्रतिपक्ष, परिषद के सभी पार्षदों, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने बधाई दी है। वहीं एल्डरमैनो ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर का आभार जताया है !

झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने धनेश यादव

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। साहू समाज के नर्सरी रोड स्थित सामुदायिक भवन गोविंदवन में झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक विकास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। लंबे समय से समाज में मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वरिष्ठजनों एवं समाज के स्वजातीय बंधुओं के विचार-विमर्श और रायशुमारी के बाद वर्तमान मीडिया प्रभारी धनेश यादव को सर्वसम्मति से झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अध्यक्ष धनेश यादव ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहेंगे तथा समाज की एकता, संगठन और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।

पुष्पेंद्र हिरवानी बने भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष नोमित सोनकर को मंत्री की जिम्मेदारी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगीराज टिकरीहा के निर्देश, भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर की सहमति तथा डोंगरगांव युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव की अनुशंसा पर संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गई हैं। जारी नियुक्ति के अनुसार पुष्पेंद्र हिरवानी को भारतीय जनता युवा मोर्चा डोंगरगांव मंडल का उपाध्यक्ष तथा नोमित सोनकर को मंडल मंत्री नियुक्त किया गया है।नव नियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

भीमसेनी एकादशी मेले में चाकूबाजी, दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल

छुरा/नवप्रदेश विकासखंड छुरा के अंतिम वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम बम्हनी (कोसमी) में आयोजित भीमसेनी एकादशी मेले के दौरान देर रात हुई चाकूबाजी की घटना ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जेठ माह की भीमसेनी एकादशी पर विशाल मेले का आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण और युवा पहुंचे थे। धार्मिक आस्था, सामाजिक मेल-मिलाप और ग्रामीण संस्कृति के इस आयोजन के बीच अचानक हुई हिंसक घटना से मेले में मौजूद लोग स्तब्ध रह गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। ग्राम नावाडीही निवासी दो सगे भाई मेले में झूला झूलने और घूमने के बाद झूले के समीप कुछ समय के लिए आराम कर रहे थे। इसी दौरान वहां पहुंचे दो अज्ञात युवकों ने अचानक उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोगों को कुछ समझने का अवसर ही नहीं मिला। वारदात के दौरान दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि हमला करने वाले युवक अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद मेला परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद के लिए प्रयास शुरू किए। ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क किया गया, लेकिन समय पर वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। इसके बाद 112 पुलिस सहायता सेवा को सूचना दी गई, जिसके माध्यम से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार घायलों में 20 वर्षीय ओमकार जगत शामिल है, जिसे पेट, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दूसरा घायल 17 वर्षीय नाबालिग है, जिसे कमर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें लगी हैं। दोनों युवक ग्राम नावाडीही के निवासी बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गंभीर रूप से घायल युवकों में से एक गुंगा दिव्यांग है, जो बोलने में सक्षम नहीं है। ऐसे युवक के साथ हुई इस घटना ने लोगों को भावुक भी कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के अनेक लोग घायल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं भी चल रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वारदात से पहले कुछ संदिग्ध युवक मेले में मौजूद लोगों से कथित रूप से नशा सामग्री की मांग करते देखे गए थे। कुछ लोगों का यह भी दावा है कि घायल युवकों से भी इस प्रकार की मांग की गई थी।

ओडिशा से हरियाणा तक फैले अंतरराज्यीय सिंडिकेट का सरगना दबोचा, व्हाट्सएप कॉल और तकनीकी साक्ष्यों से खुला राज

2.27 करोड़ के गांजा तस्करी नेटवर्क का मास्टरमाइंड तेलंगाना से गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफकरीब 2.27 करोड़ रुपये मूल्य के 454.890 किलोग्राम गांजा की तस्करी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना बलराम सैनी उर्फ बल्लू को तेलंगाना के सिकंदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ओडिशा से हरियाणा तक फैले गांजा तस्करी नेटवर्क का संचालन कर रहा था और घटना के दौरान व्हाट्सएप कॉल के जरिए तस्करों को लगातार रूट की जानकारी दे रहा था।

पुलिस के अनुसार थाना बसना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(द्वद्व)(सी) एवं 29 के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले में 30 मार्च 2026 को बसना पुलिस ने पलसापाली नाका पर नाकेबंदी के दौरान बोलेरो पिकअप (टीएस 08 यूएच 8606) से 454.890 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। मौके से वाहन चालक एवं तस्करी में शामिल इमरान (36), निवासी पिलानी, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया था।

जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी के मेमोरेंडम, साइबर सेल की जांच तथा व्हाट्सएप एलएलसी से प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), आईपी एड्रेस और लोकेशन विश्लेषण से पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड बलराम सैनी उर्फ बल्लू सामने आया। पुलिस ने उसे सिकंदराबाद (तेलंगाना) से गिरफ्तार किया। पूछताछ में बलराम ने स्वीकार किया कि वह ओडिशा के फूलबानी निवासी विक्कू से गांजा मंगवाकर हरियाणा के चरखी दादरी, पिलानी और अन्य स्थानों पर सप्लाई करता था। घटना के समय वह व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए वाहन चालक को सुरक्षित रूट बताकर तस्करी का संचालन कर रहा था।

पुलिस के अनुसार बलराम आदतन अपराधी है। वह वर्ष 2019 में भी गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस अब इस नेटवर्क के सोर्स से लेकर रिसीवर तक जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है, ताकि पूरे अंतरराज्यीय सिंडिकेट को ध्वस्त किया जा सके। इस अपराध में शामिल इमरान (36), निवासी पिलानी, राजस्थान को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि गांजा, वाहन और मोबाइल सहित जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 35 लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट), सरायपाली की अदालत में रिमांड के लिए पेश किया गया।

एनएच-53 से 51 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एनएच-53 स्थित रेहटीखोल के पास नाकेबंदी कर ओडिशा के भुवनेश्वर से उत्तर प्रदेश के कानपुर ले जाई जा रही 51 किलोग्राम गांजा की खेप बरामद की है। इस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर जंगल की ओर फरार हो गया। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन और बिक्री पर लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर की एक मारुति सुजुकी कार (एचआर 55 एएल 8890) में ओडिशा से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ के रास्ते उत्तर प्रदेश जाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच-53 स्थित रेहटीखोल में नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार पहुंची, जिसे रोकते ही चालक के साथ बैठा दूसरा व्यक्ति वाहन से उतरकर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने उसकी तलाश की, लेकिन वह फरार होने में कामयाब रहा।

कार चालक ने पूछताछ में अपना नाम आलोक कुमार चौहान (32 वर्ष) निवासी नेगवा खिरिया, थाना किशनी, जिला मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) बताया। वहीं फरार आरोपी की पहचान संजीव कुमार निवासी वेस्ट सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रूप में हुई।

वाहन की तलाशी लेने पर बीच की सीट में रखी तीन प्लास्टिक बोरियों से कुल 51 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गांजा भुवनेश्वर (ओडिशा) से कानपुर (उत्तर प्रदेश) बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25.50 लाख रुपये मूल्य का 51 किलो गांजा, 5 लाख रुपये कीमत की मारुति सुजुकी कार तथा 10 हजार रुपये कीमत का एक मोबाइल फोन जब्त किया है। कुल 30 लाख 60 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफथाना सिंघोड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(द्वद्व)(सी) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है।

स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर पुलिस एवं परिवहन विभाग की कार्रवाई

बिना फिटनेस, पीयूसी और फायर एक्स्टिंग्विशर के चल रही स्कूल बस जब्त, 10,000 का ई-चालान

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आज परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में स्कूल बसों की आकस्मिक चेकिंग का एक विशेष अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान टीम ने एक स्प्रिंज बोर्ड स्कूल के बस को रोककर उसके दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच में पाया गया कि बस बिना वैध फिटनेस सर्टिफिकेट और पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र) के सड़कों पर दौड़ रही थी। इसके अलावा, बच्चों की आपातकालीन सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी फायर एक्स्टिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) भी बस में मौजूद नहीं था।इन गंभीर कमियों और बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ पाए जाने पर संयुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया।

इसके साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत संबंधित वाहन का 10,000 का ऑनलाइन ई-चालान भी काटा गया।

प्रा शा एवं मा शा दुर्गा चौक नगरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जून को प्रा शा एवं मा शा दुर्गा चौक नगरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा न प अध्यक्ष ,अध्यक्षता एस पी ग्वाले एस एम सी उपाध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि निषाद सभापति रहे । इस अवसर पर संकुल समन्वयक लोचन साहू के साथ साथ दोनों शालाओं के प्र पा, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

ओम शांति भवन में ब्रह्मावत्सों ने दी श्रद्धांजलि

छुरा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती, जिन्हें स्नेह से 'मम्मा' कहा जाता है, की पुण्य तिथि मंगलवार को खाडमां स्थित ओम शांति भवन में श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्मावत्सों ने भाग लेकर मम्मा को पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मम्मा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी चंद्रिका बहन एवं ब्रह्माकुमारी अलका बहन ने सभी को ज्ञान मुरली का श्रवण कराया। मुरली के पश्चात दोनों बहनों ने मम्मा के दिव्य जीवन, त्याग, तपस्या और ईश्वरीय सेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मम्मा ने मात्र 14 वर्ष की अल्पायु में ही संस्थान की बागडोर संभाली और विश्व की प्रथम महिला आध्यात्मिक प्रशासिका बनीं। उनका सम्पूर्ण जीवन ज्ञान, योग, धारणा और सेवा की मिसाल रहा। मम्मा ने नारी शक्ति को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया।

जनप्रतिनिधियों के अतिक्रमण पर खामोशी, गरीबों पर सख्ती-डोंगरगांव में दोहरे मापदंड पर उठते सवाल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जहां गरीब परिवार वर्षों से जीवन-यापन के लिए छोटे-छोटे भूखंडों पर निवास करते हैं, वहीं प्रभावशाली लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकारी जमीनों पर किए गए कथित अवैध कब्जों पर प्रशासन की कार्रवाई अक्सर दिखाई नहीं देती।

नागरिकों का कहना है कि यदि कोई गरीब व्यक्ति अपने परिवार के रहने के लिए वर्षों से उपयोग में लाई जा रही जमीन पर रहता है, तो उसके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई शीघ्र हो जाती है। कई मामलों में यह दावा भी किया जाता है कि संबंधित परिवारों के पास शासन द्वारा जारी पट्टा होने के बावजूद उन्हें नोटिस और बेदखली की कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर, प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए कथित अतिक्रमणों पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठते रहे हैं। प्रशासन समय-समय पर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है। हाल के वर्षों में डोंगरगांव क्षेत्र में भी राजस्व विभाग द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान चलाए गए हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। यदि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाता है।

डायल-112 सेवा टीम नवागढ़ की तत्परता से बची युवक की जान

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के नवागढ़ क्षेत्र में डायल-112 सेवा टीम की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से एक युवक की जान बच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फांसी के फंदे पर झूल रहे युवक को तत्काल नीचे उतारकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। डायल-112 सेवा टीम नवागढ़ को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 15 तिलका पारा निवासी एक युवक शराब के नशे में अपने कमरे में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि युवक कमरे के अंदर पंखे से लुंगी का फंदा बनाकर झूल रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 में तैनात आरक्षक विजय कुमार घृतलहरे, चालक सोमेश साहू तथा थाना नवागढ़ स्टाफके प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा, आरक्षक भूपेंद्र चंद्रवंशी और राहुल दुबे ने कमरे की खिड़की तोड़कर प्रवेश किया और युवक को नीचे उतार लिया।

रंगकठेरा शक्ति केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न

गुंडरदेही/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की जिला, मंडल की बैठक सम्पन्न होते ही शक्ति केंद्र की बैठक रखा गया। बैठक शक्ति केंद्र प्रभारी सौरभ चोपड़ा ने लिया। बैठक भाजपा के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र में निवास जिला, प्रदेश एवं बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया गया। बैठक में शक्ति केंद्र के पाच बूथों के बूथ गठन हो गया है उसकी समीक्षा एवं उनकी सक्रियता की जानकारी ले कर सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के केन्द्र और राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया और सभी को योजना का लाभ पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष जी के सोच अंतिम व्यक्ति तक जा कर उन्हें लाभ दिलाने का प्रयास करने प्रेरित किया गया । बैठक में मुख्यमंत्री दर्शन योजना की भी चर्चा हुआ। ग्राम खुटेरी रंग में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास का लाभ लगभग 190 लोगों वर्तमान में लाभ मिलने वाला है ।

हितग्राहियों का सम्मान किया गया

बैठक में बूथ अध्यक्ष ,सचिव एवं बूथ पदाधिकारी उपस्थित थे द्य साथ में शक्ति केंद्र प्रभारी सौरभ चोपड़ा, मंडल महामंत्री विनोद चंद्राकर, नवीता साहू मण्डल मंत्री सरपंच, शक्ति केंद्र संयोजक पृथ्वी साहू, सह संयोजक उतम साहू, राजेश चंद्राकर, टेक राम साहू, शिवेंद्र साहू, अमर सिंह, रामेश्वरी साहू, बनवारी राम नारायण साहू योगेंद्र भारत लाल गजाधर भागीरथी आदि कार्यकर्ता की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।

विभिन्न प्रकरणों में फरार 8 स्थायी और 97 वारंटियों को किया गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को विभिन्न प्रकरणों के लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की पतासाजी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के संबंध में निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा विशेष अभियान चला कर पुलिस का अलग-अलग टीम गठित कर पिछले महज एक सप्ताह के भीतर कुल 105 वारंटियों को धर दबोचा है। इसमें 08 स्थायी वारंट और 97 गिरफ्तारी वारंट तामिल किए गए हैं। यह अभियान अपराधों पर नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। पकड़े गए कई वारंटी पुलिस को चकमा देकर लंबे समय से अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने सुराग जुटाकर इन सभी गिरफ्तार किया।

कुरूद में संविधान हत्या दिवस पर सम्मेलन एवं मीसा बंदियों का सम्मान समारोह आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद द्वारा 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के 51वें वर्ष के अवसर पर ग्राम पंचायत कुरूद में संविधान हत्या दिवस÷ के तहत सम्मेलन एवं मीसा बंदियों तथा उनके परिजनों के सम्मान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर मीसा बंदियों एवं उनके परिवारजनों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गिरीश उपासने प्रांत सहसंयोजक कुटुंबप्रबोधन ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र पर हुए हमले का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। उस समय हजारों लोकतंत्र सेनानियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के मीसा कानून के तहत जेलों में बंद कर दिया गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया गया, समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की गई तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया।

गौवंश तस्करी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी मनीष शुक्ला उम्र 46 वर्ष निवासी खैरा ने थाना बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 12 जून 2026 को रात्रि में मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम चौरेंगा से 02-03 गाड़ी में भैंस को भरकर कत्ल खाना ले जायेंगे जिसकी सूचना पर अपने साथियों गौवंश सेवक के साथ सिमगा से बेरला तक नाकेबंदी किया गया, नाकेबंदी दौरान हम लोगों ने ग्राम कठिया में बेरला जाने मोड़ के पास पिकअप वाहन को सुबह करीबन 04 बजे रोककर चालक से पूछताछ किये तो पिकअप वाहन क्रमांक छ्त्त 04 त्त्क्क 9645 में 04 नग बड़े भैंस को बिना चारा पानी के ठूंस ठूंस कर निर्दयता पूर्वक भरकर कत्ल खाना ले जाना बताया, तब चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण साहू उम्र 25 वर्ष ग्राम भड़हा थाना खरोरा जिला रायपुर का निवासी होना बताया। जिसे 04 नग भैंस को ले जाने के संबंध में वैध कागजात के बारे में पूछने पर कोई कागजात नहीं होना बताने पर वाहन एवं वाहन में भरे 04 नग भैंस को चालक सहित थाना बेमेतरा लेकर आये।

विशेष पिछड़ी जनजाति की बुजुर्ग महिला आज भी पेंशन और गैस योजना से वंचित

■ **अधेड़ बेटे और दो पोतियों का सहारा बनीं पांचों बाई कमार**

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सेमहरा के आश्रित ग्राम छत्तरपुर से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज की एक बुजुर्ग महिला की दर्दभरी कहानी सामने आई है। शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान, सामाजिक सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं संचालित किए जाने के बावजूद गांव की पांचों बाई कमार आज भी वृद्धावस्था पेंशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ से वंचित बताई जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पांचों बाई कमार अपने अधेड़ उम्र के बेटे और दो पोतियों के साथ रहती हैं। घर में कोई दूसरी महिला नहीं होने के कारण भोजन बनाने से लेकर चूल्हा-चौका, घर की साफ-सफाई और अन्य घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन भी उन्हें ही करना पड़ता है। बढ़ती उम्र और कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद वे प्रतिदिन लकड़ियां एकत्रित कर पारंपरिक चूल्हे पर पूरे परिवार के लिए भोजन तैयार करती हैं।

नशे के खिलाफ बालोद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 2.10 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी के कब्जे से 2.010 किलोग्राम गांजा एवं एक मोबाइल फोन जब्त

बालोद/नवप्रदेश। जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बालोद पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.010 किलोग्राम गांजा एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया है।पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद बोनीफास एक्का एवं थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने किया।

मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई

पुलिस के अनुसार दिनांक 25 जून 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक 09 मरारपारा, बालोद में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई की।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम राजदीप शर्मा (47 वर्ष) बताया। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह उड़ीसा के

नुआपाड़ा क्षेत्र से गांजा लाकर बिक्री के उद्देश्य से अपने पास रखे हुए था।

गांजा और मोबाइल जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से खाकी रंग के टेप से पैक 2.010 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 500 रुपये बताई गई है। साथ ही एक सैमसंग-जे कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर अपराध क्रमांक 303/2026 कायम किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, प्रशिक्षु उप निरीक्षक इन्द्रजीत सिदार, आश्मा कुर्रे, आरक्षक संजय सोनी, खिलेश नेताम, मनोज चंद्रा, लिखन आर्य, महिला आरक्षक पूर्णिमा ठाकुर, ममता तथा आरक्षक वेदप्रकाश भुआर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई जारी रखी जा सके।

संक्षिप्त खबरें

जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 28, 29 एवं 30 जून को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के संबंध में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पल्स पोलियो अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 28, 29 एवं 30 जून 2026 को जिले के 0-5 वर्ष तक के कुल 111770 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलायी जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ के माध्यम से पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलायी जायेगी तथा 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को शत-प्रतिशत दवा पिलायी जाएगी। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले में कुल 447 बूथ बनाए गए है। 89 सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई गई है। कुल 894 टीम का गठन किया गया है। 1788 बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं तथा अन्य समाजिक संस्थाओं का विशेष योगदान हेतु समन्वयक किया गया है। पोलियो की दवा पिलाने से कोई भी बच्चा न छूटे इसके लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठों, मदरसों और छात्रावासों के लिए ट्रांजिट और मोबाइल टीमें भी गठित की गई हैं। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माईकिंग एवं दीवाल लेखन के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम एवं कंट्रोल रूम की स्थापना कर ली गयी है। जिसका मोबाइल नंबर 7744356770 है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0-5 वर्ष के सभी बच्चों के अभिभावकों से बूथ में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की गई है। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, सर्विलेंस मेंडिकल ऑफिसर डब्लूएचओ डॉ. असिम रियाज खान, खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विकास राठौर, जिला डाटा प्रबंधक एनएचएम श्री अखिलेश चोपड़ा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूजा मेश्राम, जिला सलाहकर आरएमएनसीएचए श्रीमती स्नेहा जैन, श्री अखिलेश नारायण सिंह एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड डाटा प्रबंधक, बीईटीओ एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी उपस्थित थे।

अवैध खनन पर कार्रवाई: तीन माह में 78 प्रकरणों में 28.68 लाख रुपए से अधिक का वसूला अर्थदंड

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज शाखा द्वारा लगातार सघन जांच एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभागों के समन्वय से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, वाहन जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) बेमेतरा द्वारा 1 अप्रैल 2026 से 25 जून 2026 की अवधि में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध कुल 78 प्रकरण दर्ज किए गए। इन प्रकरणों में कुल 28 लाख 68 हजार 350 रुपये का अर्थदण्ड वसूल कर प्रशमन की कार्रवाई की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में अवैध परिवहन के 66 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 19 लाख 71 हजार 350 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर वसूल किया गया। इसी प्रकार अवैध उत्खनन के 11 प्रकरणों में लगभग 7 लाख 67 हजार रुपये तथा अवैध भण्डारण के 1 प्रकरण में लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया।

28 जून को जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान

खैरागढ़/नवप्रदेश। पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले मे रविवार 28 जून को 0 से 5 वर्ष तक की आयु के 53,344 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी । महाअभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 213 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान के संचालन में 427 टीमें, 854 वैक्सीनेटर तथा 43 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जो शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान का संचालन करेंगे। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को पात्र बच्चों को उनके निकटतम पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक दी जाएगी । खुराक पीने से बचे बच्चो को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पिलाएंगी । दूरस्थ, वनांचल एवं विशेष परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में भी विशेष रणनीति के साथ टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो का टीका पिलाना अत्यंत आवश्यक है। बच्चे को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पोलियो का टीका पहले ही लग चुका हो, तब भी पल्स पोलियो अभियान के दौरान दी जाने वाली अतिरिक्त खुराक अवश्य पिलानी है । जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बोधन सिंह परते ने बताया कि अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी वैक्सीनेटरों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण के बाद वैक्सीन, कोल्ड चेन, परिवहन, माइक्रोप्लान एवं मॉनिटरिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभियान की सतत निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है ।

सिलघट और भटगांव में खनिज विभाग की कार्रवाई, वाहनों को जब्त कर पंचायतों को सौंपा

अवैध मुरुम उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, चैन माउंटेन मशीन, जेसीबी और दो हाईवा जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दूरभाष पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खनिज विभाग की टास्क फोर्स ने 25 जून को त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम सिलघट, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा में अवैध मुरुम उत्खनन की सूचना पर मौके पर दबिश दी। निरीक्षण के दौरान स्थल पर मुरुम का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। कार्रवाई के दौरान एक चैन माउंटेन मशीन उत्खनन स्थल पर लावारिस अवस्था में मिली, जिसे टीम द्वारा मौके पर ही जब्त कर नियमानुसार ग्राम सरपंच के सुपुर्द किया गया।

दूसरी कार्रवाई तहसील देवकर अंतर्गत ग्राम भटगांव में अवैध मुरुम खनन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान ग्राम भटगांव में मुरुम का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन एवं दो हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। जब्त किए गए सभी वाहनों को नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु थाना परपोडी के सुपुर्द कर दिया गया है।

खनिज विभाग ने बताया कि उक्त प्रकरण में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के अंतर्गत नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित मशीन के स्वामी एवं अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण जैसी गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने तथा अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि अवैध खनन संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं शासन के राजस्व हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

एल-नीनो के संभावित प्रभाव को देखते हुए किसानों के लिए विशेष कृषि सलाह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि एल-नीनो एक वैश्विक जलवायु घटना है, जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य एवं पूर्वी भाग के समुद्री जल का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। इसके प्रभाव से भारत में मानसून कमजोर पड़ सकता है, वर्षा में कमी या असमान वितरण हो सकता है तथा सूखे जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इसी संभावना को ध्यान में रखते हुए किसानों को अग्रिम तैयारी करने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा वर्ष 2026 के खरीफ मौसम में संभावित एल-नीनो प्रभाव को देखते हुए किसानों के लिए विशेष कृषि परामर्श एवं आकस्मिक कार्ययोजना जारी की गई है। इसमें मानसून के आगमन में विलंब, कम वर्षा तथा लंबे शुष्क अंतराल (ड्राई स्पेल) की संभावना को ध्यान में रखते हुए किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई है। कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं किस्मों का चयन करें। धान की रोपा पद्धति के स्थान पर सीधी बुवाई (डीएसआर) को प्राथमिकता दें। खेतों में मजबूत मेड़बंदी कर वर्षा जल संरक्षण सुनिश्चित करें। उच्च भूमि वाले क्षेत्रों में धान के स्थान पर अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, रामतिल एवं सोयाबीन जैसी वैकल्पिक फसलों को अपनाएं। फसल विविधीकरण द्वारा जोखिम को कम करें। बुवाई से पूर्व बीजों का कार्बेन्डाजिम एवं थायमेथोक्साम व इमिडाक्लोप्रिड से उपचार करें। धान में एजोस्पिरिलम, अन्य फसलों में एजोटोबैक्टर तथा दलहनी फसलों में राइजोबियम जैव उर्वरकों का उपयोग करें। बुवाई के 3 से 5 दिन के भीतर अनुशंसित अंकुरण पूर्व खरपतवारनाशी का प्रयोग करें। यदि 15 जुलाई तक पर्याप्त अंकुरण न हो तो पुनः बुवाई करें तथा सामान्य बीज दर से 10 प्रतिशत अधिक बीज का उपयोग करें। जुलाई के अंत तक मूंग एवं उड़द तथा अगस्त माह में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि की अरहर की बुवाई करें।

सर्पदंश से बचाव करने विशेष स्वास्थ्य जागरुकता अभियान का होगा संचालन

खैरागढ़/नवप्रदेश। बारिश के दौरान जिले मे सर्पदंश की घटनाओ की रोकथाम और लोगो मे बचाव के लिए जनजागरूकता बढ़ाने को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्षा ऋतु में खेतों, झाड़ियों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में साँपों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिसके दृष्टिगत आमजन, विशेषकर किसानों, वनांचल क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों एवं ग्रामीण परिवारों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि अधिकांश सर्पदंश की घटनाएं खेतों में

कार्य करने, झाड़ियों में हाथ डालने अथवा अंधेरे स्थानों में बिना पर्याप्त सावधानी के जाने के कारण होती हैं। वर्षा ऋतु में साँप सूखी एवं सुरक्षित जगहों की तलाश में घरों, गोठानों तथा आसपास के क्षेत्रों में भी प्रवेश कर सकते हैं।

पांडादाह में जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां शुरू

■ व्यापारियों को मिलेगा टैक्स में छूट, पहली बार बनेगा अलग अलग प्रवेश और निकास द्वार

खैरागढ़/नवप्रदेश। भगवान जगन्नाथ की पावन धरा पांडादाह स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आगामी रथयात्रा पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंदिर सेवा समिति की बैठक मे कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर आयोजन को एतिहासिक और श्रद्धापूर्ण बनाने की तैयारी की गई है ।

बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और मेले के सुव्यवस्थित संचालन हेतु कई बड़े निर्णय भी लिए गए है । मंदिर समिति की आयोजित बैठक मे इस साल की रथयात्रा मे व्यापारियो को बड़ी राहत देते मेले के दौरान दुकान लगाने वाले स्थानीय व्यापारियो से किसी प्रकार का बाजार टैक्स वसूली नही किए जाने का निर्णय लिया है ताकि छोटे व्यापारियो को प्रोत्साहित किया जा सके । पाड़ादाह मे रथयात्रा के दौरान उमडने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने पहली बार मंदिर परिसर मे प्रवेश और निकास के लिए अलग अलग द्वार बनाए जाएगें ताकि भक्तो को सुगम दर्शन व्यवस्था मिल सके । मंदिर सेवा समिति के सदस्य मेला अवधि मे लगातार तीन दिनो तक पेयजल, साफ सफाई और भीड़ नियंत्रण के लिए कार सेवा करेंगे ।

सांसद ने कवर्धा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने शुक्रवार को कवर्धा में निर्माणाधीन शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी से पूरी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गैरतलब है कि सांसद संतोष पांडेय के लगातार प्रयास से कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली है। मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। सांसद पांडेय ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ने कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्रदान कर जिलेवासियों को बड़ी सौगात दी है।

मेडिकल कॉलेज खुल जाने से जिला चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। युवाओं को चिकित्सा शिक्षा मिलेगी। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस सत्र से वैकल्पिक भवन में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाना था।

लेकिन वर्तमान में नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा अधोसंरचना संबंधी आवश्यक भवन एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए मान्यता प्रदान नही किए जाने की कार्यवाही की है। इसको लेकर उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से उक्त विषय में हस्तक्षेप करते हुए मेडिकल कॉलेज के संचालन हेतु मान्यता प्रदान किए जाने हेतु निर्देश करने का आग्रह किया है। उम्मीद है उक्त समस्या का शीघ्र समाधान होगा। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वैष्णव, जयराम साहू, परेटन वर्मा जी, देवकुमारी चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, महामंत्री मुकेश ठाकुर, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जिला मंत्री चंदन पटेल, नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, अन्य पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण सहित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र पर प्रहार, भाजपा राज में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं : ऋषि शास्त्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने सन सिटी के पास भिलाई टाइम्स के पत्रकार योगेश साहू और इंडिया टाउन न्यूज के पत्रकार सौरभ ताम्रकार की दोपहिया वाहन को अज्ञात कार चालक द्वारा टक्कर मारकर कुचलने के प्रयास की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का गंभीर संकेत बताया।ऋषि शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं।उन्होंने कहा कि सरकार ÷ट्रिपल इंजन÷ की बात करती है, लेकिन प्रदेश में हत्या, लूट, नशे के कारोबार और अन्य आपराधिक घटनाओं के साथ पत्रकारों पर जानलेवा हमले होना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

बैठक: नियाद नेल्लानार योजना और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

समय-सीमा की बैठक में एग्रीस्टैक, सीएम हेल्पलाइन, विभागीय कार्यों की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में एग्रीस्टैक पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल, नियाद नेल्लानार योजना, राजस्व प्रकरणों, कृषि, उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम जनता से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा के भीतर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एग्रीस्टैक पोर्टल की समीक्षा के दौरान किसानों के पंजीयन, फार्मर आईडी निर्माण एवं भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी तहसीलों में लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की सतत निगरानी पोर्टलों के माध्यम से की जा रही है, इसलिए सभी विभाग बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि राज्य शासन द्वारा धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषक उन्नति योजना के तहत धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि तथा पूर्व से इन फसलों की खेती करने वाले किसानों को 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही दलहन, तिलहन एवं कोदो फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जाएगी। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान पाम खेती की प्रगति की जानकारी ली गई तथा किसानों को उद्यानिकी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में नियाद नेल्लानार योजना के अंतर्गत संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को ग्रामों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र उच्च कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर एवं सुमन राज सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

नवनियुक्त एल्डरमैन ने नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से की सौजन्य भेंट

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से नगर पालिका के नवनियुक्त एल्डरमैनों डॉ. मोहन बांधे, राजा कामनानी, रूपेश तिवारी, डॉ. संतोष वर्मा, श्रीमती मधु सोनी ने सौजन्य मुलाकात की,इस दौरान अश्वनी शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामना दी। इस सौजन्य मुलाकात के दौरान आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में नगर के समग्र विकास, जनकल्याण, शहरी विकास, सुशासन तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों का पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत करते हुए उन्हें नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई दी।

महासती वार्ड में हुआ सी.सी. रोड टॉप निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के महासती वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर में लगभग 7.98 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न सी.सी. रोड टॉप निर्माण कार्यों का पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विकासोन्मुखी सोच के अनुरूप नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का सुदृढ़ होना किसी भी नगर के समग्र विकास की आधारशिला है। महासती वार्ड में प्रारंभ हुए ये निर्माण कार्य निश्चित रूप से नागरिकों के दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाएंगे और क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से विकास का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

गोल्डी फिर बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष

भटगांव/बिलाईगढ़/सारंगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेश इकाई ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के जिला अध्यक्ष पद पर एक बार फिर गोल्डी नायक पर विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः संगठन की कमान सौंपी है। भटगांव स्थित पत्रकार भवन में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में वरिष्ठ पत्रकारों एवं जिले भर से पहुंचे पत्रकार साथियों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी ने की। उन्होंने कहा कि गोल्डी नायक ने अपने पूर्व कार्यकाल में पत्रकार हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक सरोकारों तथा

खेल गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इन्हीं उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता गोपेश रंजन द्विवेदी, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व सहदेव सिदार तथा बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व अश्वनी साहू को सौंपा गया। वहीं तहसील अध्यक्ष के रूप में बिलाईगढ़ में गोपाल साहू, भटगांव में धर्मेंद्र साहू तथा सरसीवा में राहुल पांडेय को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जिलेभर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा तथा पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर कलेक्टर एवं सभी विकासखंडों में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जिला पुलिस बल में चयनित मनीष पटेल को सिहावा में सम्मानपूर्वक विदाई, गांव में निकली रैली

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सिहावा के होनहार युवा मनीष पटेल के छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व बुधवार को ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे गांव में रैली निकालकर मनीष पटेल की उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मनीष पटेल को फूल-मालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं

देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिहावा की सरपंच उषा किरण नाग ने कहा कि ÷मनीष पटेल की सफलता पूरे सिहावा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और लगन से आज उन्हें यह उपलब्धि मिली है। गांव के अन्य युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हमें विश्वास है कि मनीष पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाएं देकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

हादसाः बस में फंसी रही बाइक और युवक की लाश, देखकर कांप उठे लोग

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रायपुर-अभनपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। धमतरी से रायपुर की ओर आ रही कांकेर ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार युवक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसका शव और बाइक बस के अगले हिस्से में बुरी तरह फंस गए। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोगों की रूह कांप उठी।

टक्कर के बाद कई मीटर तक घसीटती रही बस

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही युवक और उसकी बाइक बस के अगले हिस्से में फंस गए। बस उन्हें कई मीटर तक घसीटते हुए आगे ले गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।

क्रेन और औजारों की मदद से निकाला गया शव

सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बस के अगले हिस्से में बुरी तरह फंसे शव और मोटरसाइकिल को बाहर निकालना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया। काफी देर तक चली मशक्कत के बाद क्रेन और अन्य औजारों की मदद से क्षत-विक्षत शव और बाइक को बाहर निकाला गया।

दस्तावेजों से हुई मृतक की पहचान

पुलिस जांच के दौरान मृतक की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान शिवकुमार बारले निवासी ग्राम कोड़ापार, जिला धमतरी के रूप में हुई। हादसे की सूचना गांव पहुंचते ही मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बस छोड़कर फरार हुआ चालक

हादसे के तुरंत बाद बस चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। अभनपुर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त लग्जरी बस को जब्त कर लिया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा फरार चालक की तलाश तेज कर दी है।

गरियाबंद की नगर पंचायतों में महिलाओं की अनदेखी!

■ **मनोनीत पार्षद सूची पर घिरी भाजपा**

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश।। गरियाबंद जिले की नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षदों की सूची जारी होते ही राजनीतिक विवाद गहरा गया है। छुरा, कोपरा और देवभोग नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षदों में एक भी महिला को स्थान नहीं मिलने पर विपक्षी दलों और महिला संगठनों ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका आरोप है कि महिला सशक्तिकरण का दावा करने वाली भाजपा ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में महिलाओं की पूरी तरह उपेक्षा कर अपना ÷महिला विरोधी चेहरा÷ उजागर कर दिया है।

महिला संगठनों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार नारी शक्ति, महिला सम्मान और महिला सशक्तिकरण की बात करती हैं, लेकिन जब वास्तविक भागीदारी देने का अवसर आता है तो महिलाओं को दरकिनार कर दिया जाता है। उनका आरोप है कि वर्षों से संगठन और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं को नजरअंदाज कर केवल पुरुष कार्यकर्ताओं को मनोनीत किया गया। स्थानीय महिला नेताओं ने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात की जाती है, लेकिन राजनीतिक नियुक्तियों में उन्हें अपेक्षित महत्व नहीं दिया जा रहा। उनका मानना है कि यदि महिलाओं को मनोनीत पार्षद बनाया जाता तो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को स्थानीय निकायों में अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता था।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-89-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता पूर्व/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एल्युमिनो थर्मिट एसकेव्ही प्रोसेस (सिंगल शोट क्रुसिबल विथ आटोमेटिक टैपिंग थिम्बल टेक्नोलोजी) के साथ ही सुपरवीजन, टूल्स एंड प्लांट एवं कंज्यूमेबल इत्यादि के द्वारा वेल्डिंग पोर्शन का सप्लाई एवं रेल ज्वाइन्ट्स की वेल्डिंग करने का कार्य। **निविदा मूल्यः ₹1,78,78,295/-. अमानत राशिः ₹3,57,600/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-119-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता पूर्व के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक स्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए आरसीसी ट्रेन का निर्माण। **निविदा मूल्यः ₹3,88,97,901/-. अमानत राशिः ₹7,78,000/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-120-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रॉबर्टसन (इन) से रायगढ़ (इन) तक सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹1,20,88,948/-. अमानत राशिः ₹2,41,800/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-121-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बाराद्वार (इन) से रॉबर्टसन (एक्स) तक सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹98,01,098/-. अमानत राशिः ₹1,96,000/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (5) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-122-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अकलतरा (एक्स) से बाराद्वार (एक्स) तक सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹1,42,74,520/-. अमानत राशिः ₹2,85,500/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (6) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-123-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चाम्पा (एक्स) से गेवरा रोड (ईन) तक सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹1,49,76,050/-. अमानत राशिः ₹2,99,500/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (7) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-124-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रायगढ़ (एक्स) से बेलपहाड़ (ईन) तक सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹89,66,220/-. अमानत राशिः ₹1,79,300/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (8) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-125-26-27, दिनांकः 24.06.2026.
कार्यः 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य)/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बेलपहाड़ (एक्स) से झारसुगुड़ा (एक्स) तक सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹1,10,84,770/-. अमानत राशिः ₹2,21,700/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 30.06.2027 तक।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 03.07.2026 से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 17.07.2026 के 11.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/पीएम/241 **बिलासपुर**

South East Central Railway @secrail

पेज 1 का शेष...

हाउसिंग बोर्ड अब अधोसंरचना...

गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल का नया लोगो तैयार करने वाले श्री अंशुल कश्यप को शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि ढाई लाख रुपए का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति की है और आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए मंडल ने लगभग 7,388 संपत्तियों का विक्रय कर 1,532 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंडल के अध्यक्ष तथा पूरी टीम को बधाई दी। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विभाग में व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए हैं। गृह निर्माण मंडल को अधोसंरचना विकास मंडल के रूप में नई पहचान देकर प्रदेश के पूंजीगत व्यय और विकास कार्यों में इसकी भूमिका का विस्तार किया गया है। मंत्री ने कहा कि पूंजीगत व्यय करने वाले विभागों को वित्तीय और मानव संसाधन के माध्यम से सक्षम बनाने का काम किया है ताकि प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि अब किसी भी नई आवासीय परियोजना का निर्माण तभी प्रारंभ होगा जब पर्याप्त बुकिंग सुनिश्चित हो जाएगी, जिससे अनावश्यक निर्माण और वित्तीय जोखिम से बचा जा सके। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू कर वर्षों से लंबित संपत्तियों के विक्रय को गति दी तथा वित्तीय अनुशासन स्थापित किया। इसके परिणामस्वरूप मंडल की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और अब यह अधोसंरचना विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए तैयार है।

मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मंडल ने नई कार्य संस्कृति अपनाई है। गृह निर्माण मंडल का विस्तार कर अधोसंरचना विकास मंडल बनाया जाना प्रदेश के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में मंडल ने रिकॉर्ड संपत्तियों का विक्रय कर नई उपलब्धियां हासिल की हैं और भविष्य में मांग आधारित, गुणवत्तापूर्ण तथा वित्तीय रूप से व्यवहारिक परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में लकी ड्रा के नौ विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सारंगढ़ की श्रीमती पूजा बरेठ को प्रथम पुरस्कार के रूप में कार प्रदान की गई। इसके अलावा स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंहदेव ,आयुक्त श्री अवनीश शरण, तथा विभाग एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और हितग्राही उपस्थित थे।

दिनदहाड़े युवती की...

खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

बेमेतरा में प्रधान आरक्षक...

आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि बेमेतरा पुलिस विभाग में यह एसीबी की पहली बड़ी कार्रवाई है, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं एसीबी की टीम रिश्वतखोरी के मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाया जा रहा है कि मामले में किसी अन्य की भी भूमिका तो नहीं है।

साजा विधानसभा क्षेत्र में दूसरी कार्रवाईः गौरतलब है कि साजा विधानसभा क्षेत्र में यह एसीबी की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले इसी क्षेत्र में एक पटवारी को भी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था।

ऑपरेशन सिंदूर के 6 बलिदानियों...

रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इन सभी छह जांबाजों के नाम नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की आधिकारिक वेबसाइट पर 'रोल ऑफ ऑनर' खंड में शामिल करने के साथ ही स्मारक की दीवार पर हमेशा के लिए उकेर दिए गए हैं। यह पहला मौका है जब देश की रक्षा के लिए सीमा पार जाकर की गई इस सैन्य कार्रवाई में हुए नुकसान को आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया गया है।

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के प्रतिशोध में शुरू हुआ था ऑपरेशन

'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि बेहद संवेदनशील और आक्रोश से भरी थी। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने एक कायराना हमला किया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी, जिनमें अधिकांश देश-विदेश से आए पर्यटक थे।

छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू...

नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने की जिम्मेदारी भी सौंपी है। इसके अलावा उन राज्यों की व्यवस्थाओं का भी अध्ययन किया जाएगा, जहां समान नागरिक संहिता लागू है या इस दिशा में पहल की गई है।

विवाह, तलाक और उत्तराधिकार कानूनों का होगा अध्ययनः समिति का मुख्य कार्य राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन करना होगा। इसके तहत विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण और अन्य नागरिक मामलों से जुड़े मौजूदा कानूनों की समीक्षा की जाएगी।

उमरगांव तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

नगरी/नप्रदेश। नगरी विकास खंड के सिहावा क्षेत्र के ग्राम सारंगपुरी में तालाब में डूबने व्यक्ति की मौत हो गई। के बाद गांव में शोक का माहौल है।जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत उमरगांव के आश्रित ग्राम सारंगपुरी निवासी देवलाल गंधर्व (50 वर्ष), पिता स्वर्गीय सुना राम, 25 जून को गांव के तालाब में नहाने गए थे। जिसमें काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान 26 जून को सुबह उनकी लाश मिला जिसमें घटना की सूचना तत्काल सिहावा पुलिस को दी गई।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800158

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी उर्मिला देवी पिता/पति ताराचंद वर्मा पता ब्लाक डी सं. 05 सेक्टर-8 भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 64/23 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नेहा वर्मा पिता/पति पूनमचंद वर्मा पता मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.07.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800165

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी सुशीला जैन पिता/पति अशोक जैन पता 6 डी./34/6 भिलाई नगर जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 480/39(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अभिषेक जैन पिता/पति स्व. अशोक जैन पता प्लाट नं. 3/1 स्ट्रीट 07/बी मैत्रीनगर रिसाली भिलाई, मेघा जैन पिता/पति स्व. अशोक जैन पता प्लाट नं. 3/1 स्ट्रीट 07/बी मैत्रीनगर रिसाली भिलाई, बरखा लुकड़ पिता/पति स्व. अशोक जैन पता प्लाट नं. 3/1 स्ट्रीट 07/बी मैत्रीनगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.07.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं पूनम सार्वा (POONAM SARWA) पिता दौलत राम सार्वा (DAULAT RAM SARWA) आयु 29 वर्ष निवासी वार्ड नं.-1, सम्बलपुर (लो) संम्बलपुर, तह. डौण्डी लोहारा जिला बालोद (छ.ग.) ने अपना नाम पूनम सार्वा (POONAM SARWA) पिता दौलत राम सार्वा (DAULAT RAM SARWA) (पुराना नाम) से बदल कर पूनम कृष्णानी (POONAM KRISHNANI) पति श्री दिनेश कृष्णानी (DINESH KRISHNANI) (नया नाम) निवासी मकान नं.- 32 सिंधी कॉलोनी वार्ड- 47, रायपुर नाका दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) रख लिया है।

शपथकर्ती
पूनम सार्वा पिता दौलत राम सार्वा निवासी वार्ड नं.-1, सम्बलपुर (लो) संम्बलपुर, तह. डौण्डी लोहारा जिला बालोद (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887
E-mail - cmonagri84@gmail.com
क्र./455/न.पं. / राजस्व/2026-27
नगरी दिनांक 25/06/2026

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री वरूण देव पिता स्व. कार्तिकराम साहू जाति तेली निवासी वार्ड क्र. 09 नगर पंचायत नगरी, तह. नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत शहीद धर्मेन्द्र सिंह साव वार्ड क्र. 09 नगरी प.ह.नं 23 कृषि भूमि खसरा नंबर 1955/1 रकबा 0.02 हेक्टे. पर काबिजदार कार्तिकराम पिता झीटूराम साहू के नाम मकान-मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 09 की मांग संख्या 77 में दर्ज है तथा उसी भूमि पर आवेदक वरूण देव पिता स्व कार्तिकराम साहू के नाम प्रधानमंत्री आवास मकान निर्मित है। जो कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 09 के मांग संख्या 149 पर दर्ज है। आवेदक अपने पिता स्व. कार्तिकराम एवं माता स्व. फुलबासन साहू के निधन उपरांत मृत्यु प्रमाण-पत्र, एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर निकाय के कर संग्रहण पंजी से अपने पिता स्व. कार्तिकराम साहू का नाम विलोपित करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति / संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 27/07/2026 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर **मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत-सूचना

क्रमांक /Q/ वा. ना. तह. / उतई सर्किल / 2026
दुर्ग, दिनांकः- 25/6/26
प्रति,
1. बृजलाल पिता झुमुक जाति सतनामी,
2. गोकुल पिता झुमुक जाति- सतनामी
निवासीगण ग्राम खोपली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विषयः- आवेदक :- सज्जन कुमार पाण्डेय पिता नंदबिहारी पाण्डेय उम्र 54 वर्ष जाति- ब्राम्हण पता- खेतराजपुर बालाजी मंदिर सदर सम्बलपुर उड़ीसा

विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र. क्रमांक :- 202603103000034/अ-6 वर्ष 2025-2026 आवेदक- क्रेता श्री सज्जन कुमार पाण्डेय पिता श्री नंदबिहारी पाण्डेय जाति- ब्राम्हण पता- खेतराजपुर, सम्बलपुर (उड़ीसा) के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.नं.- 56 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1153 रकबा 0.25 हे. लगान - 0.92 रू. भूमि विक्रेता- बृजलाल पिता झुमुक जाति-सतनामी, गोकुल पिता झुमुक जाति- सतनामी निवासीगण ग्राम खोपली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड विक्रय पत्रक दिनांक 30/07/2010 को विक्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/06/26 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

नायब तहसीलदार दुर्ग

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887
E-mail - cmonagri84@gmail.com
क्र./419/न.पं. / राजस्व/2026-27
नगरी दिनांक 22/06/2026

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण 1. श्री रामकिशन 2. गणेशिया 3. कनेश्वरी 4. ललेश्वरी पिता स्व. फुलसिंग जाति गोंड़ निवासी नगरी तह. नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.) द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत स्वामी विवेकानंद वार्ड कं. 07 नगरी पर फुलसिंग पिता मंशाराम के नाम पट्टा प्राप्त आबादी भूमि खसरा नंबर 50/1/279 रकबा 540 वर्गफीट पर काबिजदार सुखबती पति मंशाराम के नाम स्थित पुराना मकान-मलमा है। जो निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 07 की मांग संख्या 31 पर सुखबती पति मंशाराम का नाम दर्ज है। जिसे आवेदकगण प्राप्त सहमतिनामा, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के माध्यम से सहमतिकर्ता सुखबती पति मंशाराम का नाम विलोपित कर संयुक्त रूप से अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 22/07/2026 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर **मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **32570** दिनांक **24.06.2026**
वार्ड का नाम- **60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652F01156** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **MAA SHARDA BUILDCON PARTNER BY POA-MAHESH DHANGAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **DOMURAM DHANGAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **RANI BAI NIRMALKAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O SHANKAR LAL NIRMALKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर) जोन (6) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **32568** दिनांक **24.06.2026**
वार्ड का नाम- **60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652F0744A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BABITA SONKAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **GAUTAM SONKAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **BANITA DHRUW** पिता /पति श्री/श्रीमती **RUPENDRA DHRUW** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर) जोन (6) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **32621** दिनांक **25.06.2026**
वार्ड का नाम- **60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652E0068R** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **MAHESH KEWLANI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **CHELA RAM KEWLANI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KAPIL MALAKAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O KARTIK MALAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर) जोन (6) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **32620** दिनांक **25.06.2026**
वार्ड का नाम- **60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652G0777B** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **RAHAMAT ALI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **JALALUDDIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SAYYAD NAQUEE ALI** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O SAYYAD KASIM ALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर) जोन (6) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **32631** दिनांक **25.06.2026**
वार्ड का नाम- **60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652C00708** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BHAIYA LAL PANDEY** पिता / पति श्री/ श्रीमती **LATE CHEDI LAL PANDEY** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. SANDEEP SONI S/O LT. BHOLA SONI 2. ABHISHEK SONI S/O LT. BHOLA PRASAD SONI** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O LT. BHOLA PRASAD SONI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर) जोन (6) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

अमेजन अपनी क्विक कॉमर्स सर्विस नाउ को 300 भारतीय शहरों तक पहुंचाएगी

नईदिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में अपनी क्विक डिलीवरी सेवा अमेजन नाउ का बड़ा विस्तार करने की घोषणा की है। कंपनी अब इस सेवा को 300 से अधिक शहरों तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले अप्रैल में अमेजन ने इसे 100 शहरों तक ले जाने की योजना बताई थी। कंपनी भारत में कारोबार को मजबूत करने के लिए 2,800 करोड़ रुपये का निवेश भी कर रही है और क्विक कॉमर्स क्षेत्र में अपनी पकड़ बढ़ाना चाहती है।

अमेजन ने कहा कि नाउ उसके भारत कारोबार की सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकाई बन गई है। लॉन्च के बाद से इसके ऑर्डर हर तिमाही में दोगुने हो रहे हैं। यह सेवा अभी बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, अमृतसर और कोच्चि समेत 15 से अधिक शहरों में उपलब्ध है। कंपनी के अनुसार, 5 करोड़ से ज्यादा ग्राहक इस सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं और मिनटों में जरूरी सामान मंगा रहे हैं।

विस्तार योजना के तहत अमेजन अपने माइक्रो-फुलफिलमेंट और शहरी फुलफिलमेंट केंद्रों की संख्या में भी बड़ी बढ़ोतरी करेगा। इससे कंपनी ग्राहकों के करीब ज्यादा सामान स्टोर कर सकेगी और तेजी से डिलीवरी दे पाएगी। इस सेवा के जरिए ग्राहक किराना, ताजी फल-सब्जियां, पर्सनल केयर, ब्यूटी प्रोडक्ट, घरेलू सामान, फैशन और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत हजारों उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। कंपनी का कहना है कि प्राइम सदस्य इस सेवा का ज्यादा उपयोग कर रहे हैं। भारत के क्विक कॉमर्स बाजार में मुकाबला केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। कंपनियां टियर-2 और टियर-3 शहरों में तेजी से अपना नेटवर्क बढ़ा रही हैं। अमेजन का 300 शहरों तक पहुंचने का लक्ष्य इस क्षेत्र में अब तक घोषित सबसे बड़े विस्तार कार्यक्रमों में से एक है। कंपनी का मानना है कि छोटे शहरों में तेजी से बढ़ती मांग आने वाले समय में कारोबार का बड़ा आधार बनेगी और इसी से वह नेटवर्क को विस्तार दे रही है।

न्यूज गैलरी

न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

नईदिल्ली। महिला टी-20 विश्व कप 2026 के 19वें मुकाबले में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने स्कॉटलैंड महिला क्रिकेट टीम को 6 विकेट से हरा दिया। ये कीवी टीम की इस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। वहीं, पहले 2 मैच में उसने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ हार झेली थी। स्कॉटलैंड ने लगातार तीसरी हार झेली है। उसे एकमात्र जीत आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में मिली थी। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डाल लेते हैं। मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड की टीम 20 ओवर में 131/7 का स्कोर ही बना पाई। डार्सी कार्टर ने स्कॉटलैंड के लिए सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली। उनके अलावा और कोई भी बल्लेबाज अच्छा नहीं कर पाया। अमेलिया केर ने 3 विकेट अपने नाम किए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 18.2 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इजी शार्प ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली। कार्टर ने 52 गेंदों का सामना किया और 72 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बल्ले से 8 चौके और एक छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 138.46 की रही। कार्टर ने इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा पचासा लगाया। उन्होंने अब तक 8 मुकाबले खेले हैं और इसकी 8 पारियों में 32.16 की औसत से 193 रन बनाने में सफल रहीं हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 108.42 की रही है। कार्टर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 72* रन का रहा है। शार्प ने 43 गेंदों में 62 रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और एक छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 144.19 की रही। ये टी-20 विश्व कप में इस खिलाड़ी का पहला अर्धशतक रहा। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 4 मुकाबले खेले हैं और इसकी 4 पारियों में 25.75 की औसत से 103 रन बनाने में सफल रहीं हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 133.76 की रही है। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी शार्प का पहला अर्धशतक रहा।

बिल गेट्स ने मानी निजी रिश्तों की बात, जेफरी एपस्टीन पर लगाया दबाव बनाने का आरोप

नईदिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति के सामने बंद कमरे में गवाही देते हुए बड़ा दावा किया है।

उन्होंने कहा कि बदनाम फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन ने उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश की थी। गेट्स ने यह भी स्वीकार किया कि उनके कुछ निजी संबंध थे, जिनकी जानकारी एपस्टीन को थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इनका एपस्टीन के साथ उनके संपर्क से कोई संबंध नहीं था।

गेट्स ने समिति को बताया कि एपस्टीन ने उन्हें कभी सीधे ब्लैकमेल नहीं किया, लेकिन उन्हें लगता है कि वह ऐसा करने की योजना बना रहा था। गेट्स के अनुसार, एपस्टीन के कुछ ईमेल ड्राफ्ट और संदेशों से ऐसा संकेत मिलता है कि वह उनकी निजी जानकारी का फायदा उठाकर दोबारा संपर्क बनाए रखने का दबाव बनाना चाहता था। उन्होंने कहा कि इसमें सच और झूठ दोनों तरह की बातें शामिल थीं।गेट्स ने कहा कि वह चार वर्षों के दौरान एपस्टीन से करीब 12 से 14 बार मिले और दो बार वीडियो कॉल पर उसके साथ कुछ बात भी हुई। उनके अनुसार, इन मुलाकातों का मकसद परोपकारी कामों और संभावित दानदाताओं से जुड़ी चर्चाएं ही थीं। उन्होंने साफ कहा कि एपस्टीन के अपराधों से उनका कोई संबंध नहीं था और उससे लगातार संपर्क बनाए रखना उनकी एक बड़ी गलती साबित हुई।सुनवाई के दौरान गेट्स से स्वास्थ्य और निजी जीवन से जुड़े कुछ अन्य आरोपों पर भी सवाल पूछे गए। उन्होंने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें कभी कोई यौन संचारित संक्रमण नहीं हुआ और उन्होंने किसी को गुप्त रूप से कोई दवा नहीं दी। इस बीच, एपस्टीन से जुड़े पुराने संपर्कों को लेकर गेट्स फाउंडेशन ने भी अपनी पिछली बातचीत की बाहरी समीक्षा शुरू करने की घोषणा की है।

रजनीकांत की जेलर 2 में कैमियो करेंगे ऋतिक रोशन?

सुपरस्टार रजनीकांत इस साल दर्शकों को बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर 2 का तोहफा देने वाले हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इस परियोजना से ऋतिक रोशन भी जुड़ गए हैं। बताया गया था कि वह फिल्म में एक कैमियो का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे, जिसने लोगों को उत्साहित कर दिया। अब सोशल मीडिया पर एक तस्वीर सामने आई है, जिसने ऋतिक के जेलर 2 से जुड़ने की अटकलों को हवा दे दी।

सोशल मीडिया पर आई तस्वीर में, ऋतिक को कुछ पायलेट के साथ में हवाई अड्डे पर देखा जा सकता है। कैप्शन में बताया गया कि अभिनेता चेन्नई पहुंच गए हैं। वह जेलर 2 में अपने कैमियो की शूटिंग के लिए शहर में हो सकते हैं। इस घटनाक्रम ने फैंस के बीच हलचल मचा दी है, खासकर इसलिए क्योंकि फिल्म में उनके जुड़ाव की चर्चा काफी समय से चल रही है।

भारतीय विमानन कंपनियां हटा सकती हैं फ्यूल सरचार्ज

***कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट: हवाई सफर होगा सस्ता**

नईदिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और विमान ईंधन की कीमतों में आई गिरावट के बीच हवाई यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर आ रही है. भारतीय विमानन कंपनियांआने वाले महीनों में टिकटों पर लगने वाले फ्यूल सरचार्ज को पूरी तरह हटाने या कम करने पर गंभीरता से विचार कर रही हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइंस कंपनियां इस समय आंतरिक रूप से रणनीति बना रही हैं और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत या तीसरी तिमाही की शुरुआत तक इस पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है.

इसी साल मार्च 2026 में रूस-यूक्रेन संकट और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं. विमान ईंधन महंगा होने से एयरलाइंस कंपनियों का परिचालन खर्च काफी बढ़ गया था. इस वित्तीय बोझ से निपटने के लिए इंडिगो, एयर इंडिया और अकासा एयर जैसी बड़ी कंपनियों ने टिकट की बेस प्राइस में बदलाव किए बिना अलग से फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया था. यह सरचार्ज दूरी के हिसाब से ?200 से लेकर 1,300 तक प्रति यात्री था. अब वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में नरमी आने के बाद एयरलाइंस के अधिकारी यह आकलन कर रहे हैं कि क्या यह गिरावट लंबे समय तक बनी रहेगी. कंपनियां फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति अपना रही हैं ताकि बाजार में स्थिरता आने पर अंतिम निर्णय लिया जा सके. रिपोर्ट के अनुसार, विमानन कंपनियां सबसे पहले घरेलू उड़ानों से फ्यूल सरचार्ज हटा सकती हैं. अंतरराष्ट्रीय रूटों पर परिचालन अर्थशास्त्र और ईंधन का खर्च अधिक जटिल होने के कारण वहां सरचार्ज हटाने में थोड़ा और समय लग सकता है. कंपनियों के बीच इस बात पर भी चर्चा चल रही है कि इस अतिरिक्त शुल्क को एक बार में ही पूरी तरह खत्म किया जाए या धीरे-धीरे कम किया जाए, जिससे यात्रियों को भी राहत मिले और कंपनियों का मुनाफा भी प्रभावित न हो. यदि यह सरचार्ज हट जाता है, तो आगामी त्योहारों के सीजन से पहले भारतीय आसमान में उड़ान भरना काफी किफायती हो जाएगा, जिससे घरेलू पर्यटन और हवाई यातायात को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

2 दिन की बैठक में व्यापार-समझौते पर नहीं बनी बात

नईदिल्ली। अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर 2 दिन से केंद्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल से कई दौर की बातचीत कर चुका है, लेकिन अभी तक कोई बात नहीं बनी है। अमेरिकी टीम व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर की अगुआई में 22 जून को दिल्ली आई और 24 जून तक रही। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ उनकी बातचीत हुई। बातचीत के बाद भी अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर कोई नतीजा नहीं निकला।

वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी दौरा संतुलित और पारस्परिक लाभकारी भारत-अमेरिका बीटीए को आगे बढ़ाने और 7 फरवरी को हुए अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण कदम था। बैठक में बेहतर बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, गैर-टैरिफ बाधाओं में कमी और रणनीतिक क्षेत्रों में विस्तारित सहयोग जैसे बीटीए के प्रमुख तत्वों पर चर्चा हुई। दोनों पक्ष संतुलित, व्यावसायिक रूप से सार्थक और अपने-अपने देशों के किसानों-श्रमिकों-उपभोक्ताओं को ठोस लाभ देने वाला समझौता चाहते हैं। मंत्रालय ने बताया है दोनों देश के नेता जल्द से जल्द अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, लेकिन बैठक का नतीजा क्या निकला, इसकी जानकारी नहीं दी। बता दें कि 24 जुलाई को अमेरिका की ओर से लगाया गया अस्थायी 10 प्रतिशत टैरिफ की अवधि समाप्त हो रही है।

इससे पहले दोनों देशों को किसी नतीजे पर निकलना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की समझौते पर बातचीत के लिए भविष्य की वाशिंगटन यात्रा की भी जानकारी नहीं आई है।अमेरिका-भारत के बीच हुए अंतरिम समझौते में अधिकतर मुद्दे सुलझ गए है। अभी सिर्फ अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं के लिए एक वैध टैरिफ निर्धारण का मुद्दा लंबित है। दरअसल, 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भारत सहित सभी देशों से पर लगे टैरिफ को अमान्य घोषित कर दिया था।

क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराया

नईदिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 में क्रोएशिया फुटबॉल टीम ने पनामा फुटबॉल टीम को 1-0 से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। क्रोएशिया की ओर से आंटे बुदिमिर ने इकलौता गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। यह पनामा की मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार साबित हुई। इस शिकस्त के साथ ही पनामा की टीम के राउंड ऑफ-32 में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। अपने आखिरी ग्रुप मैच में पनामा को इंग्लैंड से भिड़ना है। पहले हाफ में पनामा ने आक्रामक शुरुआत की, जिसमें

क्रोएशिया की टीम दबाव में नजर आई। पनामा की मजबूत रक्षापंक्ति ने क्रोएशिया के इवान पेरिसिच और लुका मोड्रिच जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के आक्रमण को रोका। इसी बीच शुरुआत में मैच धीमा और कम मौकों वाला रहा। मैच के 24वें मिनट में क्रिस्टियन मार्टिनेज ने फ्रीकिक हासिल की, जिसका वह फायदा नहीं उठा सके। लगातार प्रयासों के बीच पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में क्रोएशिया ने रणनीतिक बदलाव किए, जिसमें बुदिमिर और क्रामारिच को मैदान पर उतारा। मैच के 54वें मिनट में स्टानिसिच के दाहिने छोर से शानदार क्रॉस पर बुदिमिर ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रचा इतिहास

***6 फीफा विश्व कप में गोल दागने वाले पहले खिलाड़ी बने**

नईदिल्ली। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 41 वर्षीय पुर्तगाली स्टार विश्व कप के 6 अलग-अलग संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने उज्बेकिस्तान के खिलाफ ग्रुप-के मुकाबले में यह कारनामा किया। रोनाल्डो ने मैच के छठे और 39वें मिनट में गोल दागकर इतिहास रचा और

अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। पुर्तगाल के पहले मैच में रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर पाए थे। रोनाल्डो ने 2006 विश्व कप में 21 साल की उम्र में डेब्यू किया था और तब से फुटबॉल के बड़े मंच पर लगातार अपनी छाप छोड़ते आए हैं। उन्होंने अपने पहले विश्व कप में पुर्तगाल के सेमीफाइनल तक पहुंचने के अभियान के दौरान पहला गोल दागा था। इसके बाद 2010 और 2014 विश्व कप में भी एक-एक गोल किया। 2018 विश्व कप उनके लिए सबसे यादगार रहा, जहां उन्होंने 4 गोल किए। 2022 में भी उन्होंने एक गोल दागा था।

रोनाल्डो (41 साल 138 दिन) 40 वर्ष की उम्र पार करने के बाद विश्व कप में गोल करने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि कैमरून के रोजर मिला ने 1994 विश्व कप में हासिल की थी।

पंचायत सीजन 5 में होंगे कई धमाकेदार ट्विस्ट

दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार और अशोक पाठक ने खोले राज

टीवीएफ की पंचायत सबसे पसंदीदा सीरीज में से एक है. इसके हर एक एपिसोड ने अपनी दिलचस्प और शानदार कहानी से दर्शकों को बांधे रखा है. हाल ही में एक समिट के दौरान, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार और अशोक पाठक ने सीरीज के इस सबसे बहुप्रतीक्षित अगले चैप्टर पर खुलकर बात की. पूर्व विपक्ष के दोबारा सत्ता में आने के बाद फुलेरा के बदलते समीकरणों पर रोशनी डालते हुए, एक्टर्स ने यह हिंट दिया कि आगे गांव में क्या होने वाला है.कहानी के बड़े राज छिपाकर रखते हुए, उन्होंने इशारा किया कि पंचायत सीजन 5 कहानी में एक नया मोड़ लेकर आएगा, जो पिछले सीजन्स के मुकाबले एक बिल्कुल अलग और मजेदार अनुभव देने का वादा करता है.

आईसीसी रैंकिंग: शुभमन गिल वनडे में दूसरे स्थान पर पहुंचे

मैट हेनरी बने नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज

नईदिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को फायदा हुआ है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ संपन्न हुई वनडे सीरीज में कमाल की बल्लेबाजी करने वाले गिल अब 50 ओवर प्रारूप में दूसरी रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हैं। टेस्ट में जो रूट और मैट हेनरी क्रमश: बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शीर्ष स्थान हासिल किए। आइए रैंकिंग पर एक नजर डालते हैं।

गिल को 3 पायदान का फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में गिल ने 2 पारियों में 238.00 की औसत और 135.22 की स्ट्राइक रेट के साथ 238 रन बनाए थे। उन्होंने धर्मशाला वनडे में नाबाद 84 रन बनाए और इसके बाद लखनऊ वनडे में बड़ा शतक (154) लगाया था।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा, छ.ग.

(जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला- सुकमा)

'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना '

नि. क्र. 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08 एवं 09/ नि.प्र./ जे जे एम/डी.डब्ल्यू.एस.एम./ लो.स्वा.यां.ख. / सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत निर्धारित शेडयूल अनुसार पाईपलाईन विस्तार, उच्च स्तरीय जलटंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय आदि कार्यों हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	निविदा क्र. / सिस्टम क्रमांक	लागत (लाख में)	ग्राम / विकासखण्ड / रिमार्क
1	10/191892	58.75	बण्डा / कोण्टा / द्वितीय निविदा
2	11/193756	22.60	मुरलीगुड़ा / कोण्टा / द्वितीय निविदा
3	12/193757	33.75	तेमेलवाड़ा / कोण्टा / द्वितीय निविदा
4	13/193758	22.30	पोरोकोण्डासॉवली / कोण्टा / द्वितीय निविदा

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 01.07.2026 तक है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सुकमा

जी- 262701718/5

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, महासमुंद (छ.ग.)

// उपस्थिति हेतु सूचना//

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 74 (क) की उपधारा (3) के तहत महासमुंद जिला के नीचे लिखे प्रकरणों में जप्तशुदा शराब एवं वाहन को राजसात करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरणों में अनावेदकगण एवं वाहनस्वामी को अपना पक्ष रखने हेतु कई बार समंस तामीली के लिए भेजा गया, किन्तु उन्हें तामील नहीं हो पा रहा है।

अतः नीचे लिखे प्रकरणों के अनावेदक एवं वाहनस्वामी को सूचित किया जाता है कि वे प्रकरणों की पेशी दिनांक को न्यायालय कलेक्टर, महासमुंद में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत दिनांक को अनुपस्थित रहने की स्थिति उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है।

क्र.	न्यायालय कलेक्टर का प्रक. क्रमांक	थाना का नाम एवं अपराध क्रमांक	जप्तशुदा वाहन क्रमांक	अना./ वाहनस्वामी का नाम	ग्राम का नाम / थाना का नाम	प्र. में उपस्थित हेतु पेशी दिनांक
01	56/25	कोमाखान/85 /2025	**CG/06/5155**	1. अमीर कुरैशी पिता मनसुर कुरैशी 2. कश्मीर खान पिता सत्तार खान वाहनस्वामी	वार्ड नं. 21 सुनसुनिया, थाना बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) कौंसरा थाना तेन्दूकोना जिला महासमुंद(छ.ग.)	13/07/2026
02	33/2026	आ. वृत्त पिथौरा / 1702025'26	**CG/06/PC/6537**	1. गजेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. सुरेश अग्रवाल 2. श्रीमती किरन अग्रवाल पति गजेन्द्र अग्रवाल वाहनस्वामी	सा. गोपालपुर थाना पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) सा.गोपालपुर थाना पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)	13/07/2026
03	19/2026	पटेवा एवं अ.क्र. 09/2026	**CG/06/GQ/4975**	1. राहुल यादव पिता पुरूषोत्तम यादव 2. भागवत निषाद पिता रामजी, 3. पुराणिक राम यादव पिता रामू यादव वाहनस्वामी	सा. वार्ड नं.09 झलप थाना पटेवा, जिला महासमुंद -----------//------------------ सा. वार्ड नं. 10 श्यामनगर झलप थाना पटेवा, जिला महासमुंद	13/07/2026
04	21/2026	सरायपाली एवं अ. क्र. 025/2026	**CG/06/GY/7854**	1. लोमेश साहू पिता सारथी साहू वाहनस्वामी 2. सारथी साहू पिता रूकमन साहू	सा.बैतारी,थाना सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.) सा.बैतारी,थाना सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)	13/07/2026
05	32/2025	आ. वृत्त सांकरा 49/2025	**CG/06/HA/5537**	1. सरजू प्रसाद खुटे पिता रवि लाल खुटे वाहनस्वामी	सा. ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर थाना सांकरा जिला महासमुंद	13/07/2026
06	44/2025	महासमुंद / 0296 /2025	**CG/04/CN/3975**	1. हर्षित साहू पिता मनोज साहू 2. टिकेश सारथी पिता मोहन सारथी 3. संदीप मिश्रा पिता मनहरन मिश्रा वाहनस्वामी	सा. वार्ड 11, नयापारा थाना व जिला महासमुंद सा. वार्ड 11, नयापारा थाना व जिला महासमुंद सा. कनेकेरा आरंग, थाना व जिला रायपुर (छ.ग.)	13/07/2026
07	25/2026	बसना एवं अ. क्र. 033/2026	**CG/04/DF/6707**	1. सेतकुमार खुंटे पिता स्व. दिलीप सिंह खुंटे 2. लक्ष्मीचंद साहू पिता दुजराम साहू वाहनस्वामी	सा. भंवरपुर थाना बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.) सा. वार्ड नं. 05 बाजार चौक, भलेरा, तामासिवनी, तहसील अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)	13/07/2026

(न्यायालय के आदेशनुसार)

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते- कलेक्टर जिला महासमुंद,

जी- 262701694/2

मकान निर्माण के नाम पर महिला डॉक्टर से 51 लाख की ठगी, बिल्डर व पिता पर जुर्म

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में मकान निर्माण के नाम पर एक सरकारी महिला डॉक्टर से 51 लाख रुपये से अधिक की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बिल्डर और उसके पिता के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता डॉ. स्नेहलता दास वर्तमान में भाठागांव स्थित सांई विला कॉलोनी में निवास करती हैं और पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने तेलीबांधा थाना में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया है कि मकान निर्माण के लिए पूरी राशि लेने के बावजूद बिल्डर ने निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया और बाद में संपर्क से बाहर हो गया। शिकायत के अनुसार, डॉ. दास ने वर्ष 2021 में सड्डू स्थित अविनास कैपिटल्स होम्स-2 परियोजना में 1489 वर्गफुट का एक प्लॉट खरीदा था। इसके बाद मकान निर्माण के लिए 16 मार्च 2023 को यूके कॉन्सेप्ट डिजाइनर के संचालक मोहित सोलंकी के साथ अनुबंध किया गया। अनुबंध के तहत 22 मई 2024 तक मकान तैयार कर सौंपने की सहमति बनी थी। निर्माण कार्य की कुल लागत 51,00,916 रुपये तय की गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक से ऋण लेकर बिल्डर को कुल 51,31,887 रुपये का भुगतान किया। इसके बावजूद निर्माण कार्य केवल ढांचे तक ही सीमित रहा। मकान का प्लास्टर, ईंट निर्माण, फिनिशिंग और अन्य आवश्यक कार्य अधूरे छोड़ दिए गए। डॉ. दास का कहना है कि जब उन्होंने बिल्डर से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसके मोबाइल फोन बंद मिले। इसके अलावा बिल्डर का कार्यालय भी बंद पाया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर न्याय की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोहित सोलंकी और उसके पिता गुलाब सिंह सोलंकी के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बार-बार बुरी हार से कांग्रेसियों की बीपी बढ़ी, प्रशिक्षण से हताशा दूर नहीं होगी: साव

सेवानिवृत्त न्यायाधीश की कमेटी समान नागरिक संहिता पर लेगी सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर, अटल नगर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि, विष्णु देव साय सरकार छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी विभिन्न वर्गों एवं समाज के लोगों से सुझाव आमंत्रित करेगी। इन सब बातों पर विचार कर अपना प्रारूप प्रस्तुत करेगी और फिर सरकार उस पर विचार कर आगे बढ़ेगी।

श्री साव ने कहा कि, देश के विभिन्न राज्यों में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो चुकी है और उसका पूरे राज्य में स्वागत हुआ है। यूसीसी के लिए देश के संविधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अधिकार प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह प्रारूप कमेटी का गठन किया गया है। सरकार रिपोर्ट के बाद त्वरित कार्यवाही करेगी।

श्री साव ने कहा कि,कांग्रेस हर बात पर भ्रम फैलाने और झूठ बोलने का काम करती है। समान नागरिक संहिता पर अभी भी झूठ बोल रही है। बार बार इस बात को स्पष्ट किया जा चुका है कि आदिवासी समाज को यूसीसी से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, और किसी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

श्री साव ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेसियों की बार बार बुरी हार से बीपी बढ़ी हुई है। जबकि भाजपा लगातार जनाधार बढ़ने से उत्साहित होकर देश सेवा कर रही है। आज देश के 80 प्रतिशत भू भाग में भाजपा, एनडीए की सरकार है। इससे समझ सकते हैं बीपी किसका बढ़ा होगा। इनकी हालात क्या होगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, नगर निगम और नगर पालिका अधिनियम में विशेषज्ञ के रूप में एल्डरमैन की नियुक्ति का प्रावधान है। उस प्रावधान के अनुसार रायपुर और सरगुजा संभाग के सभी नगरीय निकाय में नियुक्ति की गई है। शेष संभाग में भी एल्डरमैन की नियुक्ति होगी। सोच विचार कर ही नियुक्ति की गई है।

नवा रायपुर में वृक्षारोपण एवं पीपल प्लांटेशन का मंत्री ने किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री चौधरी ने पौधारोपण की प्रगति, पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पौधों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने तथा नवा रायपुर को अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चंदन कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शंकर नगर केंद्र की महिलाओं ने की आगामी कार्यक्रमों की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की सभी 17 महिला केंद्रों में मंडल के सेवाभावी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहता है। इसी कड़ी में मंडल के शंकर नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने 23 जून को शंकर नगर बाल वाचनालय में बैठक आहूत कर मंडल के सेवाभावी कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। केंद्र की संयोजिका आयुषी विठालकर ने बताया कि वर्ष 2026-27 की पहली बैठक की शुरुआत गणपति वंदना और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई। इस दौरान आने वाले महीनों में होने वाले मंडल के कार्यक्रमों में सहभागिता और केंद्र द्वारा किए जाने वाले सेवाभावी कार्यों पर चर्चा की गई। अंत में सभी ने उत्साह के साथ हाउजी खेला और महाराष्ट्र मंडल मेस के स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया। बैठक में आयुषी विठालकर, अनुराधा शिवलकर, निर्मला पिंपले, अदिति जोशी, मधुरा भागवत, सुरेखा पाटिल, श्रद्धा विठालकर, पुष्पा जावलेकर, अर्चना दशपुत्रे, शुभदा गिजरे, सुजाता देशपांडे, कविता लांजेवार, वैशाली निमजे, रैना पुराणिक, कंचन केलकर, लीना मुजुमदार, मंजूषा कावड़कर, योगिनी वरेटवार सहित अनेक महिला सभासद उपस्थित रहीं।

147 बुजुर्गों व दिव्यांगों को मिलेंगे नि:शुल्क कृत्रिम अंग व उपकरण

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र में एक विशेष पहल की गई। कलेक्टर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीयन, चिन्हांकन एवं मापन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को सुगम बनाना है। शिविर में भारत सरकार के मिनीरत्न उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर के तकनीकी विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद सहित नगर पालिक निगम धमतरी और विभिन्न नगर पंचायतों (कुरूद, आमदी, भखारा) से बड़ी संख्या में लोग जांच के लिए पहुंचे। विशेषज्ञों द्वारा बारीकी से किए गए परीक्षण और मापन के बाद कुल 147 हितग्राहियों को पात्र पाया गया, जिन्हें आने वाले दिनों में निःशुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण बांटे जाएंगे।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कल

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर 28 जून 2026 को पूरे रायपुर जिले में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी पालकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निकटतम बूथ पर ले जाकर दवा अवश्य पिलाएं। भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो वायरस से ग्रसित बच्चे पाए गए हैं। इससे देश में पोलियो संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इसी खतरे को देखते हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को प्रतिरक्षित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के समस्त ग्रामों एवं वार्डों में कुल 1381 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ पर 04 टीकाकर्मी दो टीमों में बंटकर बच्चों को दवा पिलाएंगे। बूथों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 05 बूथ पर एक सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। यदि कोई बच्चा 28 जून को बूथ पर दवा पीने से छूट जाता है तो 29 एवं 30 जून को घर-घर भ्रमण कर ऐसे बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। पूरे अभियान की निगरानी एवं मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय के अधिकारी व कर्मचारी करेंगे।

धमतरी की लोमेश्वरी साहू की जुबानी, डिजिटल सशक्तिकरण और भरोसे की अनकही कहानी

'जनता के द्वार, डिजिटल सरकार' सुशासन का चेहरा बना 'सेवा सेतु'

रायपुर/नवप्रदेश। आधुनिक युग में जब तकनीक आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने का माध्यम बन जाए, तो वह सुशासन की सबसे बड़ी सफलता कहलाती है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल 'सेवा सेतु पोर्टल' आज कुछ ऐसा ही कमाल कर रही है। यह पोर्टल प्रदेश के आम नागरिकों के लिए एक भरोसेमंद साथी बनकर उभरा है, जिसने सरकारी दफ्तरों की जटिल प्रक्रियाओं को घर बैठे एक क्लिक पर समेट दिया है।

इस डिजिटल क्रांति की एक जीवंत मिसाल बनी हैं धमतरी जिले के कुरूद तहसील के ग्राम करेली की रहने वाली कु. लोमेश्वरी साहू। लोमेश्वरी की कहानी इस बात का प्रमाण है कि कैसे 'सेवा सेतु' ने आमजन के समय, श्रम और धन की बचत कर उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाया है।

चक्कर काटने के दौर से 'क्लिक' के सफर तक: अपने बीते अनुभवों को साझा करते हुए लोमेश्वरी साहू बताती हैं कि पहले किसी भी शासकीय प्रमाण पत्र को बनवाना एक थका देने वाली प्रक्रिया थी। उन्हें और उनके जैसे कई ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे। पहले आवेदन करने के लिए बस का किराया लगाकर शहर जाओ, फिर दफ्तरों के चक्कर काटो। कई बार जरूरी दस्तावेजों की पूरी जानकारी न होने के कारण काम अटक जाता था। इससे समय तो बर्बाद होता ही था, साथ ही जेब पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता था।

घर बैठे मिला जाति प्रमाण पत्र, एसडीएम ने सौंपा: लोमेश्वरी के लिए 'सेवा सेतु' पोर्टल एक वरदान साबित हुआ। जब उन्हें अपने जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता हुई, तो उन्होंने किसी कार्यालय के चक्कर काटने के बजाय घर बैठे ही सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया। बेहद सरल प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने जरूरी दस्तावेज अपलोड किए और अपने मोबाइल से ही आवेदन की स्थिति को ट्रैक करती रहीं। ?नतीजा यह हुआ कि बिना किसी भाग-दौड़ के, निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका जाति प्रमाण पत्र बनकर तैयार हो गया। कुरूद के एसडीएम ने उन्हें यह प्रमाण पत्र सौंपा। लोमेश्वरी कहती हैं कि इस पारदर्शी व्यवस्था ने उन्हें दफ्तरों की कतारों और आवागमन के खर्च, दोनों से हमेशा के लिए मुक्ति दिला दी।

डिजिटल तकनीक से सुदृढ़ हुआ 'जन-विश्वास': सेवा सेतु पोर्टल ने पारंपरिक शासकीय प्रक्रियाओं को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। इसके जरिए अब नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल गई है, जिससे उनके समय और श्रम की भारी बचत हो रही है। घर बैठे आवेदन की सुविधा मिलने से न केवल आवागमन का खर्च बंद हुआ है, बल्कि बिचौलियों पर निर्भरता खत्म होने से आम जनता को बड़ी आर्थिक राहत भी मिली है। इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत इसकी शत-प्रतिशत पारदर्शिता है, जिसके तहत आवेदक अपने मोबाइल या कंप्यूटर से स्वयं आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। इसके अलावा, यह पोर्टल समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करता है, जिससे सभी आवश्यक प्रमाण पत्र और शासकीय लाभ तय समय-सीमा के भीतर सीधे नागरिकों तक पहुँच रहे हैं।

शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार, 102 पौवा जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री की तैयारी कर रहे एक युवक को खमतराई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 102 पौवा अंग्रेजी शराब, परिवहन में प्रयुक्त दोपहिया वाहन तथा एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1 लाख 19 हजार 240 रुपये आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस उपायुक्त (उत्तर जोन) मयंक गुर्जर के निर्देश पर अवैध शराब तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम तथा सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में थाना प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 25 जून को सूचना मिली कि खमतराई थाना क्षेत्र के मेटल पार्क रावांभाठा इलाके में एक व्यक्ति टीवीएस जुपिटर वाहन में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री के लिए परिवहन कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्रेट इंडिया रोडवेज के सामने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जितेन्द्र निषाद (22 वर्ष) निवासी नया बेन्द्री, थाना उरला, रायपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके वाहन से दो प्लास्टिक बोरियों में कुल 102 नग (प्रत्येक 180 मिलीलीटर) गोल्डन गोवा व्हिस्की बरामद की गई। पुलिस द्वारा शराब के परिवहन और भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 18.360 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 12,240 रुपये, परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस जुपिटर वाहन कीमत लगभग 1 लाख रुपये तथा टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल फोन कीमत 7 हजार रुपये जब्त किया गया।

पुराने विवाद में चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के डी.डी. नगर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी ने थाना डी.डी. नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने भाई के साथ पेट्रोल भराने जा रहा था। इसी दौरान श्रीराम अस्पताल के पीछे डंगनिया क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उसे रोककर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान एक आरोपी ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शिकायत के आधार पर थाना डी.डी. नगर में अपराध क्रमांक 396/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने पीड़ित और गवाहों के बयान दर्ज किए, घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त लोहे का चाकू जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सावन यादव उर्फ मुन्ना यादव (19 वर्ष) तथा राज यादव उर्फ अमन यादव (20 वर्ष) के रूप में हुई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग का जागरूकता अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग के पांच न्यायाधीश श्रीमती श्वेता पटेल, श्री रवि कुमार कश्यप, श्रीमती अंजली सिंह, श्रीमती महिमा शर्मा एवं सुश्री आरती ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनाली पातरा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यायाधीशों का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कानून, न्याय व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रदान की।

पाथ आईएएस एकेडमी का औचक निरीक्षण अग्नि सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम, अग्निशमन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का औचक निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के जोन-4 क्षेत्र स्थित पाथ आईएएस एकेडमी का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं, आपातकालीन निकास, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया।

जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा नगर पालिक निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देशानुसार की गई इस कार्रवाई में संबंधित संस्थान

संचालक को सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।

निरीक्षण दल ने संस्थान प्रबंधन को अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का पालन करने को कहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, शैक्षणिक परिसरों और सार्वजनिक उपयोग के भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके और विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

ब्लॉक वेस्ट जनरेटरों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दी गई जानकारी

कोरबा में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने आयोजित की जागरुकता कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय, कोरबा द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न हितधारकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 25 जून को नगर पालिक निगम कोरबा के पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ब्लॉक वेस्ट जनरेटर्स, औद्योगिक इकाइयों, स्वास्थ्य संस्थानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, होटल संचालकों, नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के

प्रतिनिधियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रमुख प्रावधानों, ब्लॉक वेस्ट जनरेटर्स की जिम्मेदारियों, स्रोत स्तर पर अपशिष्ट पृथक्करण, अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अनिवार्य पंजीयन, आवश्यक अभिलेखों के संधारण तथा अनुपालन संबंधी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में प्रत्येक संस्था और नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी ब्लॉक वेस्ट जनरेटर्स से अपने परिसरों में अपशिष्टों का पृथक्करण सुनिश्चित करने, जैविक अपशिष्टों का स्थानीय स्तर पर वैज्ञानिक प्रबंधन करने तथा नियमों के अनुरूप पंजीयन एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने का आह्वान किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा श्री दिनेश कुमार नाग ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ठोस अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन से सतत विकास के लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों, संस्थाओं एवं ब्लॉक वेस्ट जनरेटर्स से नियमों के अनुरूप अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा श्री प्रशान्त सोनकर ने कहा कि ब्लॉक वेस्ट जनरेटर्स द्वारा उत्पन्न अपशिष्टों का वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्धारित समयसीमा में पंजीयन कराने, आवश्यक अभिलेखों का संधारण करने तथा अपशिष्टों के सुरक्षित संग्रहण एवं निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जा सकती है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा नियमों के व्यवहारिक अनुपालन से संबंधित सुझाव भी साझा किए गए। सभी प्रतिभागियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का प्रभावी पालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

चक दे इंडिया की कोमल चौटाला ने कहा- महिलाओं को आसान निशाना समझना बड़ी भूल

■ रूंगटा यूनिवर्सिटी में फिल्म फेस्टिवल का समापन, भिलाई के युवाओं को मिली बॉलीवुड तक पहुंच की सौगात

भिलाई/नवप्रदेश। फिल्म चक दे इंडिया में कोमल चौटाला के दमदार किरदार के लिए मशहूर अभिनेत्री और पूर्व हॉकी खिलाड़ी चितराशी रावत ने गुरुवार को रूंगटा यूनिवर्सिटी के फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की। चितराशी ने रियल लाइफ से जुड़ा किस्सा बताया। कहा कि, चक दे इंडिया में शाहरूख खान जब सभी खिलाड़ियों को रेस्टोरेंट में खाना खिलाने ले जाते हैं, तब लड़कों से भिड़ने वाला दृश्य केवल अभिनय नहीं था, बल्कि वास्तविक जीवन में भी उन्होंने ऐसे हालात का सामना किया है। चितराशी ने फिल्म के चर्चित मैकडॉनल्ड्स सीन का जिक्र करते हुए कहा कि उस दृश्य का मकसद लडकों की पिटाई दिखाना नहीं था, बल्कि लड़कियों के भीतर के गुस्से को सामने लाना था। उन्होंने कहा कि वास्तविक जीवन में ऐसे मौके कम ही आते हैं, लेकिन उनके साथ एक ऐसी घटना जरूर हुई थी। देहरादून में स्कूल से लौटते समय हम भीड़भाड़ वाले बाजार से गुजर रहे थे। अचानक मुझे महसूस हुआ कि किसी ने मुझे पीछे से चिकोटी काटी। उस समय हमारे हाथ में हॉकी स्टिक थी। मैंने जोर से चिल्लाकर कहा, हिम्मत कैसे हुई? चितराशी के अनुसार, उस वक्त वे अपनी चार अन्य सहेलियों के साथ थीं। घटना से गुस्साई लड़कियों ने तुरंत उस व्यक्ति का विरोध किया और उसे सबक सिखाया। चितराशी का मानना है कि महिलाओं को अक्सर आसान निशाना समझ लिया जाता है, लेकिन जब वे अपने अधिकारों के लिए खड़ी होती हैं, तो गलत करने वालों को करारा जवाब मिल सकता है।

चितराशी ने बताया कि, जब वह रूंगटा यूनिवर्सिटी आ रही थीं, तब उन्होंने लाइफका बढ़िया मोमेंट देखा। उन्होंने बताया कि सुपेला चौक पर ट्रैफिक सिगनल के सामने एक व्यक्ति को जूस पीते हुए देखा, जो चिलचिलाती हुई गर्मी में अपनी मस्ती में डूबा हुआ उस जूस का आनंद ले रहा था। संभव है, उसकी लाइफ में भी बहुत परेशानियां होंगी लेकिन वह उस पल को मजे से जी रहा था।

फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा और वेब सीरीज मिर्जापुर के डायरेक्ट अपूर्व धर बडगैयां ने फिल्म फेस्टिवल के मंच से छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए बड़ी घोषणा की। दोनों ने कहा कि, रूंगटा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फिल्म एंड मीडिया से पढ़ाई करने वाले छात्र उनके साथ काम कर सकेंगे। विवेक शर्मा ने बताया कि उनका खुद का प्रोडक्शन हाऊस है, जिसमें छत्तीसगढ़ के युवा असिस्टेंट डायरेक्टर सरीखी स्ट्रीम में जुड़ेंगे। इसी तरह अपूर्व नए युवाओं को फिल्मों के लिए कहानियां लिखने का सही तरीका समझाएंगे। इस औपचारिक घोषणा के बाद रूंगटा यूनिवर्सिटी इन दोनों के साथ एमओयू करेगा। इसका फायदा फिल्म एंड मीडिया के छात्रों को मिलेगा।

कार्यक्रम के दूसरे मुख्य वक्ता फिल्म अभिनेता ध्रुव आदित्य भागवनानी ने कहा कि मायानगरी मुंबई में अब छत्तीसगढ़ के बहुत से कलाकार पैर जमा चुके हैं। इसको लेकर मुंबई में छत्तीसगढ़ के कलाकारों की विशेष कम्युनिटी बनाई गई है। यह सभी एक साथ मिलकर एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता कियान वसोडिया भी शामिल हुए। उन्होंने फेस्टिवल में दिखाई छत्तीसगढ़ की फिल्मों की तारीफ करते हुए कहा कि, अब छॉलीवुड भी एक्टिंग, डायरेक्शन और एडिटिंग में जबरदस्त काम कर रहा है। फेस्टिवल में पहुंचे विधायक और अभिनेता अनुज शर्मा ने कहा कि, पहले लोग फिल्मों में काम करने को प्रोफेशन नहीं मानते थे, लेकिन आज वह चैलेंज नहीं है। अब फिल्मों के काम करना आसान हो गया है। इस दौरान फिल्म डायरेक्टर सतीश जैन, मनोज वर्मा, मनीष मानिकपुरी, डॉ. कीर्ति सिसोदिया, एसएसआईपीएमटी डायरेक्टर निशांत त्रिपाठी, सुमित अग्रवाल, रूंगटा यूनिवर्सिटी कुलाधिपति संतोष रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा शामिल रहे।

न्यूज गैलरी

उत्साह, उमंग, उन्नति उत्सव और उल्लसित वातावरण के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव

भिलाई/नवप्रदेश। विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें विद्यालय से जोडना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरुकता बढाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सरस्वती वंदना कक्षा 8वी की छात्रा यादिति हर्षिता तीक्षा आदि ने किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्पमालाओ एवं मिठाई वितरण के साथ स्वागत किया गया। पार्षद राहुल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। पार्षद परमेश्वर, पालक समीति अध्यक्ष रानू धनकर, विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल निर्मलकर, भूपेंद्र बेलचंदन ने उद्बोधन में शिक्षा के आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया। प्रधानपाठक दीप्तिरानी खोब्रागडे ने बच्चों को शाला नियमित आने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के लिए समझाया। संजय यादव ने बालिकाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देने के लिए संकल्प लिया। डॉ नीलांजना जैन ने वर्तमान परिवेश को देखते हुए मानवीय मूल्यों के महत्व को समझाते हुए प्रतिदिन 10 मिनट ध्यान का महत्व समझाया एवं पालको को भी प्रतिदिन ध्यान करने का सुझाव दिया।

'सचेत, दामिनी और मेघदूत' मोबाइल ऐप से आपदा से पहले मिलेगी सटीक चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, आकाशीय बिजली गिरने, वनीय आग और भीषण लू (ताप-घात) से नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष तकनीक आधारित जीवन रक्षक पहल की गई है। भारत सरकार द्वारा आम नागरिकों को आपदाओं की समय पूर्व सटीक चेतावनी और अलर्ट देने के लिए तीन महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप 'सचेत', 'दामिनी' और 'मेघदूत' विकसित किए गए हैं। इन ऐप्स को नागरिक अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर मौसम के खतरों की एडवांस जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति या आपदा के समय त्वरित सहायता और बचाव के लिए शासन द्वारा आपदा टोल फ्री नंबर 1070 और 112 भी जारी किया गया है।

लिली क्षत्रोंई बनी ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल भिलाई-चरोदा की ब्लॉक सचिव

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार की अनुशंसा से दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नरसिम्हा की अनुमति से ब्लॉक कांग्रेस सेवादल भिलाई 3 चरोदा के ब्लॉक अध्यक्ष भोला नाग ने लिली क्षत्रोंई को ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल भिलाई तीन चरोदा का ब्लॉक सचिव नियुक्त किया है। अहिवारा के छाया महापौर रामपाल नाविक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बढ़ती महंगाई दर बिजली वृद्धि पेट्रोल वृद्धि से लोग त्रस्त हो गए हैं एवं आने वाले निकाय चुनाव में कांग्रेस के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी को जिताकर जनता भाजपा शासन को मुंहतोड़ जवाब देगी। जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नरसिंह ने अपने उद्बोधन ने कहा कि सभी सेवादल के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सेवादल को ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता को जोड़कर संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामपाल नाविक, अनिल सिंह, बलदेव मेहरा, दिनेश गुप्ता भिलाई शहर कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष, विप्लव विश्वास जिला महामंत्री, लक्ष्मी बंछोर दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस महिला सेवा दल की जिला अध्यक्ष, साहब वर्मा पार्षद, विनोद मंडल अध्यक्ष ,आफताब युवा कांग्रेस नेता, बल रेड्डी डिस्टिक कम्युनिकेशन कोऑर्डिनेटर, बबीता विश्वास वरिष्ठ कांग्रेस सेवादल नेता, रामपाल नाविक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शराब पार्टी के बाद दोस्त की हत्या युवक ने सब्बल से सिर पर किया वार

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग में शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद दोस्त ने युवक की हत्या कर दी। आरोपी ने युवक के सिर पर सब्बल से ताबड़तोड़ वार कर उसकी जान ले ली। वारदात के बाद सबूत मिटाने की नीयत से उसने सब्बल और पहने हुए कपड़ों को पास के तालाब में फेंक दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक आरोपी के घर खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद वह गाली-गलौज करने लगा। इससे नाराज होकर आरोपी ने उस पर सब्बल से हमला कर दिया। घटना के समय उनका एक अन्य दोस्त भी मौके पर मौजूद था। पुलिस ने मामले में दोनों

आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नंदिनी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम डूमर का है।

सुबह ग्राम डूमर के कोटवार ने नंदिनी नगर पुलिस को सूचना दी कि गांव की पानी की टंकी के पास सिंटेक्स टंकी रखने वाले चबूतरे पर युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले। शुरुआत में उसकी पहचान नहीं हो सकी। बाद में शरीर पर बने गोदना (टैटू) के आधार पर उसकी पहचान ग्राम पथरिया निवासी चेतन ठाकुर (19) के रूप में हुई।

पुलिस जांच में पता चला कि चेतन ठाकुर, रोमनाथ उर्फ लालू यादव और राहुल कुर्रे ने एक साथ शराब पी थी। इसके बाद चेतन, लालू यादव के घर खाना खाने गया। खाना खाने के बाद वह वहीं गाली-गलौज करने लगा। इससे नाराज होकर लालू यादव ने उससे बदला लेने की ठान ली। रात में जब चेतन गांव के चबूतरे पर सो रहा था, तब लालू सब्बल लेकर वहां पहुंचा और उसके सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हत्या के बाद लालू ने सबूत छिपाने की कोशिश की। उसने वारदात में इस्तेमाल सब्बल, अपनी टी-शर्ट और जींस गांव के पुराने गौठान के पास स्थित तालाब में फेंक दिए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

बारिश ने बढ़ाया ताजियादारों का हौसला, जुलूस में गूंजी 'या हुसैन' की सदा

भिलाई/नवप्रदेश। करबला के शहीदों की याद में शहर में यौमे आशूरा शुक्रवार को परम्परागत ढंग से मनाया गया। मस्जिदों और घरों में जहां लोगों ने दोपहर में खास तौर पर दुआए आशूरा पढ़ी, वहीं ताजियादारी,सवारी और अखाड़ा मुख्य जुलूस की रौनक रहे। जगह-जगह लंगर और सबील के जरिए खिदमते खल्क (मानव सेवा) का पैगाम दिया गया। वहीं विभिन्न कमेटियों की ओर से रक्तदान की भी पहल की गई। यौमे आशूरा का जुलूस दोपहर बाद पावर हाउस ओवर ब्रिज पर इकट्ठा होना शुरू हुआ। इस दौरान जम कर बारिश होने लगी। लोग बारिश में भीगते हुए करबला के शहीदों की याद में 'या हुसैन'की सदा बुलंद करते रहे। इस दौरान अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाते नौजवान आगे बढ़ते रहे। यहां से शाम को जुलूस सेक्टर-1 से सेंट्रल एवेन्यू और सेक्टर-5 चौक होते हुए रात में सेक्टर-6 मस्जिद तक पहुंचा। इसके बाद देर रात जुलूस करबला मैदान जीई रोड पहुंचा, जहां फातिहा ख्वानी के बाद लोग सुबह तक घर लौटे। मुहर्रम के 10 वें दिन यौमे आशूरा पर शहर की सभी मस्जिदों में दोपहर के वक्त नमाजे जुहर के बाद मिल कर दुआए आशूरा पढ़ी गई। वहीं मस्जिदों, इमामबाड़ों और ताजिया निकलने के रास्ते में जगह-जगह लंगर और सबील का इंतजाम किया गया था। छत्तीसगढ़ मुस्लिम फ्रंट की ओर से इमाम हुसैन की याद में रक्तदान शिविर और आम लंगर का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 भिलाई में किया गया।

निगम ने गठित किया बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम। मानसून सीजन 2026 के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नागरिकों को त्वरित राहत एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

इस संबंध में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार कार्यालय भवन में कंट्रोल रूम स्थापित कर जून से 24 घंटे संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की संपूर्ण मॉनिटरिंग एवं कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद्र थवानी को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी गई है।

उनके सहयोग के लिए स्वास्थ्य, अभियंत्रिकी एवं कार्यशाला शाखा के अधिकारियों की टीम गठित की गई है। साथ ही कंट्रोल रूम के सुचारु संचालन के लिए सप्ताह के सातों दिन दिन एवं रात्रि पाली में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

तीन वार्डों में महापौर ने दी 84.15 लाख के कार्यों की सौगात

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर अलका बाघमार ने आज वार्ड 2 राजीव नगर में आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य एवं देवेंद्र कसेर से आजाद दुर्गा चौक तक आरसी सी नाली निर्माण कार्य के अलावा वार्ड 21 आशा नगर बंद गली में सीसी रोड निर्माण, सड़क नंबर 14 आशा नगर व सिंधिया नगर में नाली, पुलिया एवं वार्ड 51 दुर्गा चौक प्रगति नगर में सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण हेतु 84.15 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद विद्यावती सिंह, पार्षद साजन जोसफ, गोविंद्र देवांगन, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। महापौर बाघमार ने भूमिपूजन के पश्चात कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, जल निकासी की व्यवस्था बेहतर बनेगी तथा आम नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी। महापौर ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। नागरिकों ने पेयजल, साफ-सफाई, सड़क एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े विषयों को उनके समक्ष रखा। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। विकास कार्यों के साथ-साथ जनसमस्याओं के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

क्रेन ऑपरेटरों के लिए नवीन लैंडिंग प्लेटफॉर्म का लोकार्पण

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र की रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) में कार्यस्थल सुरक्षा एवं परिचालन सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बीसी बे, हॉट सॉ पल्पिट क्रमांक-9 के समीप क्रेन ऑपरेटरों के लिए 25 जून 2026 को नवीन लैंडिंग प्लेटफॉर्म का निर्माण एवं लोकार्पण किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) तीर्थंकर दस्तिदार ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय टीम की उपस्थिति में नवीन लैंडिंग प्लेटफॉर्म का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक मैकेनिकल अरविंद टंडन, महाप्रबंधक ऑपरेशन एनके खरे, महाप्रबंधक प्रशांत खोंड, महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक ऑपरेशन आरके. राजधर, उप महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल आरके. पवार, उप महाप्रबंधक मैकेनिकल विक्रम वर्मा, सहायक महाप्रबंधक मैकेनिकल आलोक श्रीवास्तव सहित रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल की टीम उपस्थित रही। पूर्व में इस स्थान पर स्थापित लैंडिंग प्लेटफॉर्म क्षतिग्रस्त एवं अनुपयोगी हो चुका था, जिसके कारण क्रेन तक सुरक्षित पहुंच संभव नहीं थी तथा क्रेन की बार-बार री-पोजिशनिंग करनी पड़ती थी, जिससे परिचालन के दौरान सुरक्षा संबंधी चुनौतियां उत्पन्न होती थीं। इस समस्या की पहचान रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के यांत्रिक विभाग द्वारा की गई, जिसके उपरांत पुराने प्लेटफॉर्म को हटाकर लगभग 12 से 13 मीटर लंबा नया लैंडिंग प्लेटफॉर्म तैयार कर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। यह संपूर्ण कार्य निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मात्र दो सप्ताह की अवधि में सफलतापूर्वक पूरा किया गया तथा निर्माण कार्य के दौरान उत्पादन गतिविधियां भी निर्बाध रूप से संचालित होती रहीं। नवीन लैंडिंग प्लेटफॉर्म से अब क्रेन ऑपरेटर सुरक्षित एवं सुगमता के साथ क्रेन तक पहुंच सकेंगे।

महिला सशक्तिकरण से ही बनेगा सशक्त भारत : ललित

■ अंजोरा मंडल महिला मोर्चा का परिचयात्मक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अंजोरा मंडल द्वारा नवनियुक्त महिला मोर्चा कार्यकारिणी का परिचयात्मक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आज ग्राम नगपुरा स्थित रेस्ट हाउस में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर ने अंजोरा मंडल की नवनियुक्त टीम का परिचय कराया

एवं सभी का स्वागत किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने अपने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसकी रीढ़ हमारी मातृशक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लाकर महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33त्न आरक्षण देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 'मुद्रा योजना' से लेकर 'लखपति दीदी' तक, हर योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अंजोरा मंडल की नवनियुक्त महिला मोर्चा टीम मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को धरातल पर साकार करेगी। बहनें केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठी माता-बहनों तक पहुंचाने का कार्य करें। नारी शक्ति का संगठन में सक्रिय योगदान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करेगा। डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपा दस्तावेज : यह मुहिम किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं विधायक रिकेश सेन

विधायक रिकेश के प्रयास से केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने पर बनी सहमति

भिलाई नगर/नवप्रदेश। देश के सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपक्रमों में शामिल भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्षों से जारी संगठित लोहा चोरी के काले कारोबार के खिलाफ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने व्यापक और निर्णायक अभियान शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि यह केवल चोरी का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति को लगातार नुकसान पहुंचाने वाला एक संगठित आर्थिक अपराध है, जिसकी निष्पक्ष और व्यापक जांच समय की आवश्यकता है।

इसी क्रम में विधायक सेन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर इस पूरे प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज और तथ्य प्रस्तुत किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि किस प्रकार कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत से संगठित गिरोह लंबे समय से बीएसपी के लोहे की चोरी को अंजाम देता रहा है, जिससे देश की संपत्ति को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

सेन ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि इस अवैध कारोबार से अर्जित धन का उपयोग कथित रूप से विभिन्न चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के विरुद्ध भी किया जाता रहा है। उन्होंने इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने

इस गंभीर विषय पर विधायक रिकेश सेन की पहल की सराहना करते हुए केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा लोहा चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक और कड़े कदम उठाए जाएंगे।

विधायक सेन ने बताया कि इस विषय पर वे बीएसपी की विभिन्न श्रमिक एवं कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों से भी विस्तृत चर्चा कर चुके हैं। इस्पात कर्मियों और श्रमिक संगठनों ने भी इस अभियान का समर्थन करते हुए संयंत्र की संपत्ति की सुरक्षा और भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई है। विधायक सेन ने स्पष्ट किया कि उनकी यह मुहिम किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि वर्षों से सक्रिय उस संगठित तंत्र के खिलाफ है जिसने देश की अमूल्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की शिकायत वे केंद्रीय इस्पात मंत्री, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, एंटी करप्शन ब्यूरो तथा अन्य सक्षम केंद्रीय जांच एजेंसियों को भी सौंप रहे हैं, ताकि पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि यदि इस संगठित गिरोह पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो राष्ट्रीय संपत्ति की क्षति का सिलसिला जारी रहेगा। उनका उद्देश्य केवल दोषियों को बेनकाब करना ही नहीं, बल्कि भिलाई इस्पात संयंत्र की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित कर भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर स्थायी रोक लगाना है।

विधायक रिकेश ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि देश की आर्थिक शक्ति और करोड़ों नागरिकों की राष्ट्रीय धरोहर है। राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। वर्षों से सक्रिय संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश कर दोषियों को कानून के दायरे में लाना हमारी प्राथमिकता है। इस अभियान को उसके तार्किक और कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचाया जाएगा।

केन्द्रीय जेल में नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल दुर्ग में आज बंदियों के पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में हिमांशु जैन प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जिला दुर्ग द्वारा नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशे से मुक्ति के प्रभावी उपाय, परामर्श (काउंसलिंग) तथा आत्मविश्वास एवं इच्छाशक्ति के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बंदियों ने नशामुक्त जीवन अपनाने एवं समाज में लौटकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बंदियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

नव प्रदेश **राजरंग...46**

राज्यसभा सचिवालय के कर्मचारियों-अधिकारियों की निगरानी!

लगता है कि जगदीप धनखड़ की विदाई के बाद राज्यसभा सचिवालय कुछ ज्यादा ही सजग हो गया है..उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। बिहारी मूल के एक समाजवादी को छोड़ दें उन्होंने दिल्ली के अपने सभी संपर्कों से नाता तोड़ लिया है..छत्तीसगढ़ के एक नेतापुत्र से उनकी गहरी छनती थी..लेकिन अब वे भी दूर हैं.. नेताजी अब दिवंगत हो चुके हैं। संयुक्त मध्य प्रदेश में उनका नाम बहुत सम्मान से लिया जाता था...उपराष्ट्रपति जी के स्वभाव में इस बदलाव को लेकर जानकारों का मानना है कि जगदीप धनखड़ के हश्र के चलते ये सावधानियां बरती जा रही हैं। इस कड़ी में एक नई खबर आई है। राज्यसभा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उपराष्ट्रपति सचिवालय अपने कर्मचारियों और अधिकारियों की पूरी खोज-खबर रख रहा है। वे कहां जाते हैं, किससे मिलते हैं और क्या उनका रूटीन है, इन सब मामलों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। इसकी जानकारी राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को हो गई है। उनका कहना है कि सच में ऐसा है तो उनके लिए यह बेहद तनाव का मसला है।

योगी बनेंगे संसदीय बोर्ड के सदस्य

नितिन नबीन की नई टीम में योगी आदित्यनाथ को जगह मिल सकती है। इसकी सूचना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सूत्रों की ओर से आ रही है। माना जा रहा है कि राजनाथ सिंह के घर हुई अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार की बातचीत के दौरान यह राय बनी कि योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च नीति नियामक संस्था संसदीय बोर्ड में शामिल किया जाना चाहिए। इस बोर्ड में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फण्डनवीस पहले से ही हैं। अगर योगी आदित्यनाथ को शामिल किया जाता है तो वे दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। अगर योगी आदित्यनाथ को आगे लाया जाता है तो इसका मतलब साफ है कि संघ उन्हें आगे बढ़ाने में दिलचस्पी दिखा रहा है। वैसे अपनी आक्रामकर राजनीतिक शैली और प्रशासनिक कामकाज के चलते योगी पहले ही मुख्यमंत्रियों की पहली पसंद बन चुके हैं। तो क्या मान लिया जाय कि मोदी के स्वाभाविक उत्तराधिकारी के तौर पर योगी को उभारने की तैयारी है? अगर संसदीय दल में उन्हें शामिल किया जाता है तो इसे मानने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए।

मोहन की नहीं टूट रही चुप्पी



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके परिवार के जमीन खरीद सौदों पर सवाल उठाने वाली इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के बावजूद मोहन यादव ने चुप्पी साध रखी है। वैसे उनके बचाव में राज्य बीजेपी के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जुबान खोली जरूर, लेकिन उसमें वाजिब आक्रामकता नहीं दिखी। बल्कि वह एक तरह से खानापूरी ही नजर आई। दिलचस्प यह है कि राज्य की विपक्षी कांग्रेस भी उस तरह आक्रामक नहीं दिख रही, जैसी विपक्षी होने के नाते उससे अपेक्षा की जाती है। राज्य के सूचना विभाग के आला अफसर मुख्यमंत्री को सुझाव दे चुके हैं कि उन्हें भी अपना पक्ष रखना चाहिए। लेकिन मोहन यादव ने कोई जवाब नहीं दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें दिल्ली से चुप्पी साधे रखने के लिए निर्देश दिया गया है। वैसे इंडियन एक्सप्रेस इस समाचार पर करीब एक साल से लगा था। इसकी जानकारी मोहन यादव को हो गई थी। तब उन्होंने अपने सूचना विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया था कि किसी भी कीमत पर इस खबर को रूकवाएं। सूचना विभाग के अधिकारियों ने इसमें अपनी असमर्थता जता दी थी। अब देखना यह है कि मोहन यादव कब चुप्पी तोड़ते हैं। फिलहाल मध्य प्रदेश में चर्चा है कि इन सौदों की जानकारी तो सबको है, एक्सप्रेस ने इसे सिर्फ रिकॉर्ड पर ला दिया है।

बंगाली शुभचिंतक बनने की ख्वाहिश

बंटवारे और बांग्लादेश संघर्ष के बाद भारत आए हिंदू बंगाली शरणार्थियों को पश्चिम बंगाल और असम से बाहर जिन दो राज्यों में सबसे ज्यादा जगह मिली थी, उनमें छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा, गोला और मोहम्मदी के अलग-अलग गांवों में तीन सौ से ज्यादा हिंदू बंगाली परिवारों को बसाया गया। उससे सटे पीलीभीत जिले के 'नेवरिया' और 'गबिया' जैसी कॉलोनियों में 1960 और 1970 के दशक से करीब लगभग 37 हजार हिंदू बंगाली बसे हुए हैं, जिसे 'मिनी-बंगाल' भी कहा जाता है। कानपुर देहात और मेरठ के हस्तिनापुर में भी दशकों से विस्थापित बंगाली हिंदू परिवार बसे हुए हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद उत्तर प्रदेश के इन बंगाली हिंदू परिवारों के बीच योगी आदित्यनाथ की छवि चमकाने की कोशिश तेज हो गई है। योगी सरकार की इस कोशिश को भावी राजनीतिक दिशा के लिहाज से अहम माना जा रहा हैं। जानकारों का कहना है कि इसके जरिए योगी की अखिल भारतीय छवि को पुख्ता करने की कोशिश है। वैसे पश्चिम बंगाल के चुनावों के बड़े सूत्रधार अमित शाह माने जा रहे हैं। इससे उनकी छवि बंगाली लोगों के हमदर्द की बनी है। जानकार मानते हैं कि योगी की कोशिश अमित शाह की इस छवि को चुनौती देने की है।

कांग्रेस संगठन में फेरबदल जल्द..

केंद्रीय मंत्रि परिषद में फेरबदल की चर्चाओं के साथ ही बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम के गठन की चर्चा तेज है। इस बीच कांग्रेस में भी सांगठनिक फेरबदल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि कुछ राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों की भी छुट्टी हो सकती है। इसमें झारखंड का नाम तेजी से उभरा है। इसकी वजह यह है कि यहां अपने विधायकों को कांग्रेस अध्यक्ष साध नहीं पाए और कांग्रेस का उम्मीदवार राज्यसभा का चुनाव हार गया। भले ही यह टीम मल्लिकार्जुन खरगे की होगी, लेकिन उसमें लोग राहुल गांधी के ही होंगे। कुछ पुराने नेताओं की भी छुट्टी हो सकती है। हालांकि कई पुराने नेता भी गांधी-नेहरू परिवार की परिक्रमा करने लगे हैं। सोनिया गांधी की अध्यक्षता के दौरान कई राज्यों के प्रमुख रहे एक नेता तो इन दिनों खासे निराश हैं। आपसी बातचीत में वे कहने लगे हैं कि पार्टी उन्हें कुछ नहीं देने जा रही। संगठन में पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के नए चेहरों को तवज्जो मिल सकती है। इसकी वजह है यहां अगले साल होने वाले चुनाव।

- राजदार

मरीजों की बढ़ती भीड़ के बीच निर्माण एजेंसी का नहीं हो सका चयन

डेढ़ साल से टेंडर में फंसा अस्पताल का 700 बिस्तरों वाला नया भवन

■ 231 करोड़ रुपए की परियोजना पर फैसला लंबित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में मरीजों के लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रस्तावित 700 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन का निर्माण डेढ़ साल से टेंडर प्रक्रिया में अटका हुआ है।

231 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले छह मंजिला अस्पताल के लिए अब तक निर्माण एजेंसी का चयन नहीं हो पाया है। टेंडर प्रक्रिया की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) को सौंपी गई है, लेकिन तकनीकी कारणों से दो बार टेंडर निरस्त होने के बाद भी मामला अंतिम चरण तक नहीं पहुंच सका है। अंबेडकर अस्पताल में प्रदेशभर से गंभीर मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पिछले कुछ महीनों में एम्स से भी बड़ी संख्या में मरीज यहां रेफर किए जा रहे हैं। इसके चलते मेडिसिन, स्त्री रोग और शिशु रोग विभागों में बेड की भारी कमी बनी हुई है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य शासन ने दो वर्ष पहले मेडिकल कॉलेज परिसर में 700 बिस्तरों का नया अस्पताल भवन बनाने की घोषणा की थी।

दो बार टेंडर निरस्त, चार एजेंसियों ने दिखाई थी रुचि: सीजीएमएससी के अधिकारियों के अनुसार तकनीकी कारणों से दो बार टेंडर निरस्त कर दोबारा जारी किया गया। अंतिम टेंडर में चार निर्माण एजेंसियों ने भाग लिया था, लेकिन किसी एजेंसी का चयन अंतिम रूप नहीं ले सका। फिलहाल शासन से मार्गदर्शन लेकर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

महिलाओं और बच्चों के इलाज की मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा: प्रस्तावित अस्पताल भवन में मुख्य रूप से स्त्री एवं शिशु रोग विभाग संचालित होंगे। इसके अलावा स्किन, ईएनटी और मनोरोग विभाग भी इसी भवन में शिफ्ट किए जाएंगे। यहां आधुनिक ओपीडी, वार्ड, ऑपरेशन थियेटर और अन्य उपचार सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर स्त्री एवं शिशु रोग की ओपीडी तथा प्रथम तल पर अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर बनाए जाएंगे।

बढ़ते मरीजों के दबाव से जूझ रहा अंबेडकर अस्पताल: अंबेडकर अस्पताल में वर्तमान क्षमता से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, जिससे कई वार्डों में बेड की कमी की स्थिति बनी रहती है। नए 700 बिस्तरों वाले अस्पताल भवन के निर्माण से मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिलने के साथ प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पर बढ़ते दबाव को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

---

2 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन, 6 से शुरू होगी क्वांटम वर्कशॉप

रायपुर/नवप्रदेश। एनआईटी रायपुर में 6 से 10 जुलाई तक नेक्स्ट-जन क्वांटम इंटेलिजेंस: एआई फॉर नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन एंड एंटैंगलमेंट विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्पार्क कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई संचार तकनीकों पर हो रहे शोध और नवाचारों को साझा करने के लिए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाना है। कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न के विशिष्ट प्रो. राजकुमार बयाया और कर्टन यूनिवर्सिटी के हिमांशु अग्रवाल मुख्य व्याख्यान देंगे। इसके अलावा विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे।

निजी स्कूलों की मान्यता के नियम बदले, अब अपनी जमीन और परिसर में मैदान जरूरी नहीं

■ माशिमं ने जारी किए नए प्रावधान, अनुबंध या साझेदारी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी खेल मैदान, पुस्तकालय और प्रयोगशाला की सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने निजी स्कूलों की मान्यता प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए नए नियम लागू किए हैं। संशोधित प्रावधानों के तहत अब निजी स्कूलों के लिए अपनी जमीन होना अनिवार्य नहीं रहेगा। इसके साथ ही खेल मैदान, पुस्तकालय और प्रयोगशाला जैसी आधारभूत सुविधाएं भी स्कूल परिसर के भीतर होना जरूरी नहीं होगा। स्कूल संचालक अब इन सुविधाओं की व्यवस्था साझेदारी, अनुबंध या किराये के मॉडल के माध्यम से कर सकेंगे।

नए नियमों के अनुसार यदि किसी निजी स्कूल के पास खेल मैदान, प्रयोगशाला या पुस्तकालय उपलब्ध नहीं है तो वह किसी सरकारी संस्थान, नगर निगम या पहले से मान्यता प्राप्त अन्य शिक्षण संस्थान के साथ समझौता कर इन संसाधनों का उपयोग कर सकेगा। माशिमं अधिकारियों के मुताबिक यह बदलाव केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन और शिक्षा क्षेत्र में संसाधनों के बेहतर उपयोग की अवधारणा को ध्यान में रखकर किए गए हैं।

6,800 से अधिक निजी स्कूलों को मिलेगा लाभ: प्रदेश में वर्तमान में सीजी बोर्ड से संबद्ध 6,800 से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं। अकेले रायपुर जिले में ही 700 से अधिक निजी स्कूल हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे स्कूलों की है, जहां खेल मैदान की स्थायी व्यवस्था नहीं है। नए नियम लागू होने से ऐसे संस्थानों को मान्यता संबंधी प्रक्रिया में राहत मिलने की उम्मीद है।

छोटे स्कूलों को राहत, लेकिन निगरानी की चुनौती: शिक्षा क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि शहरी क्षेत्रों में सीमित भूमि और बढ़ती लागत के कारण कई छोटे और मध्यम स्तर के निजी स्कूल आधारभूत सुविधाएं विकसित नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में नया मॉडल उन्हें राहत देगा और शिक्षा के विस्तार में मदद करेगा। हालांकि, शिक्षा विशेषज्ञों ने इस व्यवस्था को लेकर सावधानी बरतने की भी जरूरत बताई है। उनका कहना है कि यदि निगरानी प्रभावी नहीं रही तो कुछ संस्थान केवल कागजी समझौते दिखाकर मान्यता हासिल करने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में नई व्यवस्था की सफलता प्रभावी निरीक्षण और पारदर्शी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

6.25% छूट का दिखा असर, 607 संपत्तियों से निगम को मिले 1.27 करोड़ रुपए

■ 30 जून तक संपत्तिकर जमा करने पर मिल रही विशेष रियायत, जोन-10 वसूली में सबसे आगे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। 30 जून 2026 तक संपत्तिकर जमा करने पर दी जा रही 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट का असर यह रहा कि अब तक 607 संपत्तियों से 1 करोड़ 27 लाख 16 हजार 954 रुपए का कर जमा हो चुका है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 का संपत्तिकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करने वाले करदाताओं को 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए नागरिक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कर जमा कर रहे हैं।

जोन-10 रहा सबसे आगे: संपत्तिकर वसूली में नगर निगम का जोन-10 सबसे आगे रहा है। यहां 95 संपत्तियों से 27 लाख 20 हजार 665 रुपए की वसूली की गई, जो सभी जोनों में सर्वाधिक है। इसके बाद जोन-2 ने 77 संपत्तियों से 20 लाख 43 हजार 266 रुपए का कर संग्रह कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, जोन-7 में 64 संपत्तियों से 16 लाख 43 हजार 511 रुपए, जोन-9 में 70 संपत्तियों से 14 लाख 45 हजार 839 रुपए तथा जोन-8 में 67 संपत्तियों से 10 लाख 95 हजार 536 रुपए की वसूली दर्ज की गई।

समय-सीमा नजदीक आते ही बढ़ी भीड़: 30 जून की अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ निगम कार्यालयों और ऑनलाइन पोर्टल पर कर जमा कराने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी आई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि विशेष छूट योजना के चलते बड़ी संख्या में ऐसे करदाता भी संपत्तिकर जमा करने आगे आए हैं, जिन्होंने अभी तक कर का भुगतान नहीं किया था। नगर निगम का मानना है कि इस अभियान से न केवल समय पर राजस्व प्राप्त हो रहा है, बल्कि बकाया संपत्तिकर की वसूली में भी उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। निगम ने करदाताओं से 30 जून की निर्धारित समय-सीमा के भीतर कर जमा कर विशेष छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

सरकारी अस्पतालों में खुलेंगी अमृत फार्मेसी

■ मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल और हेल्थ सेंटर तक होगी शुरुआत, विभाग ने जारी किए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, जिला अस्पतालों और अन्य प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जल्द ही अमृत फार्मेसी की सुविधा शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड को अमृत फार्मेसी संचालित करने की मंजूरी देते हुए सभी अस्पतालों में मरीजों की आसान पहुंच वाली उपयुक्त जगह उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग के अनुसार अमृत फार्मेसी शुरू होने से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक और ब्रांडेड दवाइयां बाजार मूल्य से 20 से 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पताल प्रबंधन को दवाओं की अलग से खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे सरकारी खर्च में भी कमी आएगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्वास्थ्य आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, जिला अस्पतालों और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में अमृत फार्मेसी की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अस्पताल परिसरों में ऐसी जगह चिन्हित करने को कहा गया है, जहां मरीज और उनके परिजन आसानी से पहुंच सकें।

आदेश की प्रमुख बातें

- राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में अमृत फार्मेसी खोली जाएगी।
- अस्पताल परिसर में मरीजों की आसान पहुंच वाली जगह उपलब्ध कराई जाएगी।
- जेनेरिक और ब्रांडेड दवाएं बाजार मूल्य से 20 से 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध होंगी।
- आपातकालीन स्थिति में अस्पताल प्रबंधन को अलग से दवा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- स्वास्थ्य आयुक्त को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

तालाब में फेंके गए हत्या के साक्ष्य एसडीआरएफ ने बाहर निकाले

■ 10 फीट गहरे पानी में चला रेस्क्यू ऑपरेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के नंदनी थाना क्षेत्र के ग्राम डूमर में युवक की हत्या के मामले में एसडीआरएफ ने अहम कार्रवाई करते हुए तालाब में फेंके गए साक्ष्यों को बरामद किया। 10 फीट गहरे पानी में डीप डाइविंग कर टीम ने हत्या में इस्तेमाल किए गए सब्बल समेत अन्य साक्ष्य निकालकर पुलिस को सौंप दिए। जानकारी के अनुसार, कंट्रोल रूम दुर्ग से सूचना मिली थी कि ग्राम डूमर में एक युवक की सब्बल से हत्या कर दी गई है और घटना के साक्ष्य पुराने गौठान के पास स्थित तालाब में फेंक दिए गए हैं। सूचना मिलते ही जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

10 फीट गहरे पानी में डीप डाइविंग: घटनास्थल पहुंचकर एसडीआरएफ के जवानों ने करीब 10 फीट गहरे तालाब में डीप डाइविंग कर तलाशी अभियान चलाया। रेस्क्यू के दौरान टीम ने हत्या में प्रयुक्त सब्बल, मृतक की टी-शर्ट और जींस बरामद कर सुरक्षित बाहर निकाली। इसके बाद सभी साक्ष्य नंदनी पुलिस को आगे की जांच के लिए सौंप दिए गए।

छत्तीसगढ़ में मिलेगी फ्रेश क्राफ्ट बीयर: सरकार ने माइक्रो ब्रुअरी को दी मंजूरी

■ 10 लाख लाइसेंस फीस, 4 हजार वर्गफीट परिसर जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीयर पसंद करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अब राज्य में अलग-अलग फ्लेवर वाली फ्रेश (क्राफ्ट) बीयर का स्वाद मिल सकेगा। राज्य सरकार ने माइक्रो ब्रूअरी खोलने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद आबकारी विभाग लाइसेंस जारी करेगा। सरकार का कहना है कि इससे लोगों को नया विकल्प मिलेगा, पर्यटन और होटल-रेस्टोरेंट कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही सरकार की आय भी बढ़ेगी।

अब छत्तीसगढ़ में भी खुलेगी माइक्रो ब्रुअरी: देश के कई राज्यों में लोकप्रिय हो चुकी माइक्रो ब्रुअरी की शुरुआत अब छत्तीसगढ़ में भी होगी। सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। माइक्रो ब्रुअरी में सीमित मात्रा में ताजा बीयर तैयार की जाती है और उसे उसी परिसर में मौजूद रेस्तरां या ग्राहकों को परोसा जाता है। इसे क्राफ्ट बीयर इंडस्ट्री भी कहा जाता है।

सामान्य बीयर से कैसे अलग होगी क्राफ्ट बीयर: क्राफ्ट बीयर छोटे बैच में तैयार की जाती है, इसलिए इसके स्वाद, गुणवत्ता और ताजगी पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। इसमें बेहतर गुणवत्ता वाले माल्ट, हॉप्स और अन्य प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल होता है। यही वजह है कि इसका स्वाद सामान्य फैक्ट्री में बनने वाली बीयर से अलग होता है। इसमें अलग-अलग फ्लेवर भी मिलते हैं और इसे ताजा परोसा जाता है।

कई राज्यों में पहले से है लोकप्रिय: कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और गोवा जैसे राज्यों में माइक्रो ब्रूअरी पहले से चल रही हैं। खासकर बेंगलुरु को देश की 'क्राफ्ट बीयर कैपिटल' माना जाता है। अब छत्तीसगढ़ भी इस सूची में शामिल होने जा रहा है।

4 हजार वर्गफीट जगह होना जरूरी: सरकार ने माइक्रो ब्रूअरी खोलने के लिए कुछ नियम भी तय किए हैं। ब्रूअरी और उससे जुड़े रेस्तरां का कुल क्षेत्रफल कम से कम 4 हजार वर्गफीट होना चाहिए। इसके अलावा भवन में अग्नि सुरक्षा, मशीनों की सुरक्षा और अन्य सभी जरूरी मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

सालाना 10 लाख रुपए देनी होगी लाइसेंस फीस: नई नीति के तहत माइक्रो ब्रूअरी संचालकों को हर साल 10 लाख रुपए लाइसेंस फीस देनी होगी। इससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। एक माइक्रो ब्रूअरी को प्रतिदिन अधिकतम 1 हजार लीटर क्राफ्ट बीयर बनाने की अनुमति होगी। पहले जहां सालाना लाइसेंस फीस 25 लाख रुपए थी, उसे घटाकर 10 लाख रुपए कर दिया गया है। हालांकि लाइसेंस लेने के साथ ही कारोबारियों को लाइसेंस फीस का 25त्न हिस्सा सुरक्षा राशि के रूप में पहले से जमा करना होगा।

एक गिलास की कीमत 250 से 300 रुपए तक: सरकार ने माइक्रो ब्रूअरी में तैयार होने वाली क्राफ्ट बीयर पर 60 रुपए प्रति बल्क लीटर उत्पाद शुल्क तय किया है। वहीं एक गिलास क्राफ्ट बीयर की अनुमानित कीमत 250 से 300 रुपए के बीच हो सकती है। सरकार का मानना है कि माइक्रो ब्रुअरी शुरू होने से होटल, रेस्तरां और पर्यटन क्षेत्र को फायदा मिलेगा। नए निवेश आएंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य को लाइसेंस फीस व उत्पाद शुल्क के रूप में अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com